✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 192 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात करते हुए आर्चबिशप एवं उनके शिष्टमंडल के सदस्य

# औरंगाबाद समेत 13 जिलों के जिलाधिकारी बदले

## अरवल की अभिलाषा शर्मा औरंगाबाद व औरंगाबाद के श्रीकांत शर्मा होंगे बेगूसराय के नये डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही बड़े पैमाने पर आइएएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुल 13 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बाबत अधिसूचना जारी किया है। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री को बेगूसराय का डीएम जबकि मधेपुरा के डीएम तरनजोत सिंह को स्थानांतरित कर पश्चिम चम्पारण, बेतिया का डीएम बनाया गया है। वहीं शिवहर के जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय को सिवान का डीएम नियुक्त किया गया है। वहीं अरवल की डीएम अभिलाषा शर्मा को औरंगाबाद का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव आशुतोष द्विवेदी को कटिहार का जिला पदाधिकारी जबकि आईएएस प्रतिभा रानी को शिवहर का जिला पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव को सारण (छपरा) का जिला पदाधिकारी बनाया गया है। खान एवं भू-तत्व विभाग के निदेशक विनोद दूहन को अररिया का डीएम बनाया गया है जबकि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के निदेशक अभिषेक रंजन को मधेपुरा का जिला पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं आईएएस शेखर आनन्द को शेखपुरा का डीएम नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार ऊर्जा विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी अमृषा बैस को अरवल का डीएम जबकि शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा विभाग की निदेशक साहिला बक्सर का डीएम नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कृषि विभाग के निदेशक नितिन कुमार सिंह को कैमूर (भभुआ) का नया जिला पदाधिकारी बनाया गया है। बिहार राज्यपाल के आदेश से बिहार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी किया है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि वैसे जिला पदाधिकारी, जिनका प्रासंगिक अधिसूचना द्वारा स्थानांतरण/पदस्थापन नहीं हुआ है, वे सभी सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देकर अन्यत्र पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत रहेंगे।



अभिलाषा शर्मा



श्रीकान्त शास्त्री

## औरंगाबाद को मिली दूसरी महिला जिला पदाधिकारी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** लगभग पांच दशकों के सफर में औरंगाबाद को अभिलाषा शर्मा के रूप में दूसरी महिला जिला पदाधिकारी प्राप्त हुई हैं। इसके पहले सुनीला दयाल ने औरंगाबाद की तीसरी जिला पदाधिकारी के रूप में औरंगाबाद में कार्य किया था। उनका कार्यकाल 11 सितंबर 1976 से 19 नवंबर 1977 तक का था। बाढ़ राहत, परिवार नियोजन, जेपी आंदोलन और लोकसभा चुनाव को लेकर उनका कार्यकाल आज भी याद किया जाता है। अभिलाषा शर्मा औरंगाबाद की 53वीं जिला अधिकारी होगी। वह श्रीकांत शास्त्री का स्थान लेंगी जो 1 अक्टूबर 2023 से औरंगाबाद में पदस्थापित थे। श्री शास्त्री बेगूसराय के लिए स्थानांतरित किए गए हैं। इनका लगभग दो साल से अधिक का कार्यकाल भी खासा महत्वपूर्ण रहा है। उनके कार्यकाल में जीटी रोड के सिक्स लेन का कार्य तेजी से आगे बढ़ा, कोलकाता वाराणसी एक्सप्रेस वे के निर्माण में आने वाली भू अर्जन संबंधी समस्याओं का काफी हद तक निराकरण हुआ, इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण जैसे कई कार्य उनके कार्यकाल में हुए। लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से उनके कार्यकाल में संपादित हुए।

# बिहार को मिले आठ नए आइपीएस अधिकारी

## एएसपी के रूप में देंगे अपनी सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य को आठ नए आइपीएस पदाधिकारी मिले हैं। यह सभी 2023 और 2024 बैच के बिहार कैडर के परीक्ष्यमान पदाधिकारी हैं, जो राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद से प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्राप्त कर आए हैं। इन सभी ने 29 सप्ताह के जिला व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में 23 नवंबर को योगदान किया है। अब गृह विभाग ने इन आठ आईपीएस अधिकारियों का जिला आवंटन किया है। इन सभी को सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें सुषमा सागर को पटना, अनिकेत कुमार द्विवेदी को समस्तीपुर, दीप्ति मोनाली को गयाजी, हेमंत सिंह को पूर्वी चंपारण, कार्तिकेयन एके को पश्चिम चंपारण, केतन अशोक इंगोले को दरभंगा, प्रसन्ना कुमार को मुजफ्फरपुर और सईम रजा को भागलपुर एएसपी की जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी।

## चीनी मिल खोलने के लिए रिपोर्ट मांगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने गन्ना उद्योग विभाग से राज्य में बंद पड़ी चीनी मिलों और नयी मिलों को खोले जाने को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सोमवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नए चीनी मिलों की स्थापना एवं पुराने बंद पड़े चीनी मिलों के पुनरुद्धार के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बिहार में वर्तमान में कार्यरत और बंद पड़ी सभी चीनी मिलों की अद्यतन स्थिति और संबंधित जानकारी समिति के समक्ष रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार बाइक लोडेड ट्रक में घुसी

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। ननिहाल से घर लौटते समय बाइक ट्रक में घुस गई। दोनों की मौके पर जान चली गई। घटना साहेबपुर कमाल और मुंगेर के बीच गंगा नदी पर बने ब्रिज की है। मृतकों की पहचान खगड़िया जिला के दुर्गापुर गांव निवासी आशीष कुमार और आनंद कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पीएनबी के कैशियर से तीन लाख की लूट

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के मोतीझील में पंजाब नेशनल बैंक के गेट पर सोमवार की दोपहर 12.21 बजे स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप के कैशियर मणिकांत श्रीवास्तव से 3.11 लाख रुपये लूट लिया। पिस्टल के बट से मारकर रुपये लूटे। इसके बाद तीनों अपराधी पाण्डेय गली से दीवान रोड होकर भाग निकले। जानकारी के मुताबिक कन्हौली निवासी मणिकांत श्रीवास्तव दशकों से स्टेशन रोड स्थित एलके बोस पेट्रोल पंप के कैशियर हैं।

### 50 हजार का इनामी 'कॉन्ट्रैक्ट किलर' गिरफ्तार

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने गयाजी रेलवे स्टेशन के पास से 50 हजार के इनामी कुख्यात कॉन्ट्रैक्ट किलर अमर कुमार राजा उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। अमर पिछले एक साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। बिहार पुलिस ने उसपर 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। एसडीपीओ कमलेश कुमार ने बताया कि कुख्यात अपराधी का नाम जिले के टॉप मोस्ट अपराधियों की सूची में था। पुलिस की नजर लंबे समय से उस पर थी। गिरफ्तारी के वक्त भी वह भागने की फिराक में था लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

## वैभव श्रीवास्तव बने सारण के जिलाधिकारी



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में निदेशक का पदभार संभालने के बाद से सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण 2018 बैच के आइएएस अधिकारी वैभव श्रीवास्तव को सारण (छपरा) का जिलाधिकारी बनाया गया है। युवा एवं तेजतर्रार अधिकारी के रूप में पहचान बनाने वाले श्री श्रीवास्तव को वहां का जिलाधिकारी बनाये जाने से विकास कार्यों में तेजी आने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री ने बक्सर में औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण, संचालित इकाइयों का भी किया निरीक्षण

# बिहार में निवेश और रोजगार बढ़ाने की जरूरत : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विशेष आर्थिक जोन के रूप में विकसित किए जा रहे बक्सर जिले के नवानगर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया। साथ ही संचालित औद्योगिक इकाइयों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास को और गति देकर अधिक से अधिक रोजगार सृजन करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। श्री कुमार ने निरीक्षण के दौरान वरूण वेबरेज लिमिटेड, बक्सर के पेप्सीको बटलिंग प्लांट एवं ड्रिंकिंग वाटर बटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। नवानगर औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने एसएलएमजी वेबरेज लिमिटेड के कोको कोला प्लांट, वाटर बटलिंग प्लांट आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयार किए जा रहे शीतल पेय पदार्थ की प्रक्रिया, वाटर ट्रिटमेंट प्लांट, माइक्रो लैब, लेबोरेटरी आदि का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि नवानगर को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में और विस्तार करने के लिए कार्य करें जिससे रोजगार के और नये अवसर पैदा होंगे। यह क्षेत्र बिहार के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। नवानगर क्षेत्र को एक बड़े औद्योगिक केंद्र (इंडस्ट्रियल हब) के रूप में विकसित करने के लिए निवेश और रोजगार बढ़ाने की जरूरत है। औद्योगिक क्षेत्र के निरीक्षण के पश्चात् लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री ने बक्सर में निर्मित गंगा पुल का हवाई सर्वेक्षण किया। बिहार से उत्तर प्रदेश को सम्पर्कता प्रदान करने वाला गंगा नदी पर निर्मित यह पुल है, जिसमें पुराना दो लेन पुल एवं नया फोर लेन पुल शामिल है। इससे बक्सर और उत्तर प्रदेश के बीच आवाजाही आसान होगा। साथ ही क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधायक संतोष कुमार निराला, विधायक राहुल कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेश पराशर, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सत्य प्रकाश, जिलाधिकारी डा. विद्यानंद सिंह, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



## घर में घुसकर युवक की हत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना अंतर्गत वरुणा गांव में घर में घुसकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान अखिलेश राय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अखिलेश राय रविवार की रात घर में थे तभी कुछ लोग घर के बाहर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अखिलेश को सिर, हाथ और कमर में गोली लगी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई है। अखिलेश पेशे से किसान थे। बताया जाता है कि वारदात को पुरानी रंजिश में अंजाम दिया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज के एएसपी संकेत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। उन्होंने बताया कि पुरानी दुश्मनी के कारण इस हत्या को अंजाम दिए जाने की आशंका है। पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखे बरामद किए हैं जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है।

# भाई-बहन की सहस्यमयी मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खुदवां थाना क्षेत्र के पथरा गांव में रविवार को देर शाम एक ही घर के दो मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मासूम की पहचान उस गांव निवासी रवि भारती के 5 वर्षीय पुत्र दिव्यांश एवं 8 माह की पुत्री छोटी के रूप में की गई है। दोनों मासूम आपस में भाई-बहन थे। दोनों की मौत कैसे हुई यह रहस्य है और उसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। बताया जाता है कि रवि दूसरे प्रदेश में किसी निजी कंपनी में काम करते हैं। सोमवार की सुबह साढ़े 11 बजे दोनों मासूम का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे दादा मथुरा सिंह ने बताया कि घर के सभी सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे। खेत से आए तो देखा कि दोनों बच्चे बेसुध पड़े हुए थे। उन्हें लेकर इलाज के लिए दाउदनगर के एक निजी क्लिनिक में ले गए परंतु वहां के चिकित्सकों ने इनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया। बेहतर इलाज के लिए दोनों को एंबुलेंस से ले जाने वाले थे तभी दोनों की मौत हो गई। इनकी मौत के बाद शव को घर ले आए। सोमवार की सुबह सात बजे खुदवां थाने की पुलिस घर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है। हालांकि इस संदर्भ में मृतक की मां संयुक्ता देवी ने बताया कि दिव्यांशु कही से लड्डू लेकर आया था जिसे उसने खुद खाया और अपनी बहन को भी खिलाया। इसके बाद दोनों को उल्टी होने लगी और उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस संदर्भ में खुदवां थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी इससे संबंधित कोई प्राथमिकी भी नहीं हुई है। मौत का कारण क्या है फिलहाल बताया नहीं जा सकता है। दोनों मासूमों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट से स्पष्ट हो पाएगा की मौत का वास्तविक कारण क्या है।



## दक्षिण बिहार में आज भी छाया रहेगा कोहरा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश का मौसम अगलेसात दिनों तक शुष्क बना रहेगा। इस दौरान तीन-चार दिनों तक राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव होने के आसार नहीं हैं जबकि मंगलवार को दक्षिण बिहार में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। उत्तर बिहार के भी एक-दो स्थानों पर कोहरा छाए रहने के आसार हैं। सोमवार को राज्य के ज्यादातर शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। उत्तर बिहार के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी और दक्षिण बिहार के अधिकतम तापमान मे गिरावट देखी गई। प्रदेश का सबसे कम तापमान 7.6 डिग्री भागलपुर के सबौर में और सबसे अधिक 28.1 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में रिकॉर्ड किया गया। राज्य का अधिकतम तापमान 22.4 से 28.1 और न्यूनतम तापमान 7.6 से 14.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है।

# शिक्षकों को हर माह की पहली तारीख को मिलेगा वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों को अब हर महीने की एक तारीख को वेतन मिलेगा। टीचर्स को सैलरी मिलने के बाद ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को वेतन मिलेगा। शिक्षा विभाग ने सोमवार को इससे संबंधित मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) जारी कर दिया है। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने सभी डीईओ और डीपीओ को पत्र भेजा है। इस आदेश के बाद अब शिक्षकों के वेतन में लेटलतीफी नहीं होगी और महीने की पहली तारीख को शिक्षकों को वेतन मिल जाएगा। पहले की व्यवस्था में वेतन भुगतान में देरी होती थी जिससे शिक्षकों को परेशानी होती थी, खासकर त्योहारों के समय। सबसे ज्यादा दिक्कत नियोजित से सरकारी शिक्षक बने टीचर्स को होती थी। कई महीनों उनका वेतन लटका रहता था। इन शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा-वन पास करने के बाद विशिष्ट शिक्षक (स्पेशल टीचर) के रूप में नियुक्त किया गया था। बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित प्रधान शिक्षक और हेडमास्टरों को भी वेतन का इंतजार करना पड़ता था। हालांकि अब शिक्षकों को वेतन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नीतीश सरकार का यह फैसला बिहार के लाखों शिक्षकों को राहत देगा। नई व्यवस्था के लागू होने से वेतन भुगतान में पारदर्शिता बढ़ेगी और वेतन की देरी की समस्या भी खत्म हो जाएगा।

## सीएम नीतीश से मिले ओवैसी की पार्टी के तीनों विधायक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार एआईएमआईएम के पांच विधायक चुनाव जीते हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समर्थन देने की बात कह दी है। एआईएमआईएम के विधायक भी लगातार कह रहे हैं कि विकास कार्य को लेकर हम नीतीश कुमार का समर्थन करेंगे। इसी बीच आज (सोमवार) एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान के नेतृत्व में तीन विधायकों ने सीएम नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास में जाकर मुलाकात की है। ओवैसी के विधायकों के अचानक मुलाकात से सियासी हलचल बढ़ने लगी है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि सीमांचल के कोचाधामन में सैनिक स्टेशन बनने की बात आ रही है। हम लोग सैनिक स्टेशन के विरोधी नहीं हैं, लेकिन घनी आबादी वाले इलाके में ना बने इसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हम लोगों ने मुलाकात की है और उनसे डिमांड की है। इसे घनी आबादी से बाहर बनाया जाए। अख्तरुल इमान के साथ जोकीहाट विधायक मो मुर्शीद आलम, कोचाधामन विधायक सरवर आलम भी सीएम आवास गए थे। कोचाधामन विधायक सरवर आलम ने मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। कोचाधामन विधायक सरवर आलम ने कहा कि नटवापाड़ा मौजा में प्रस्तावित सैनिक स्टेशन निर्माण स्थल के पुनर्निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई।

# उत्तर कोयल परियोजना : पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग में प्रगति, निविदाएं जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तर कोयल परियोजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लगभग 1367.61 करोड़ रुपये की इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने हेतु मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों व एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में और तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राइट मेन कैनाल के मार्ग में आने वाले 595 पोल्स तथा 1 ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक शिफ्ट किया जा चुका है। वहीं परियोजना क्षेत्र के चार प्रखंडों एनकेडीसी, नवीनगर, अंबा (औरंगाबाद) तथा मदनपुर की वितरण प्रणाली (डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) हेतु निविदा वापकोस द्वारा 01 दिसंबर को जारी कर दी गई है और संभवतः निविदाएं 24 दिसंबर को खोली जाएंगी। उसके बाद संवेदकों को कार्य का आवंटन किया जाएगा।मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि विभाग परियोजना से जुड़े आवश्यक अप्रूवल्स जल्द से जल्द प्राप्त करे ताकि कार्यों में और गति लाई जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है और किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में पिछले सप्ताह सभी संवेदकों के साथ हुई चर्चा का भी फॉलो-अप किया गया। मुख्य सचिव ने अब तक हुई प्रगति का आकलन करते हुए डिवाटरिंग, स्ट्रक्चरल वर्क्स तथा अन्य शेष कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। सभी संवेदकों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि वे कार्य की गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्धारित समयसीमा में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, वापकोस के प्रतिनिधि तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मगध की धरती को लाल पानी से सिंचित करना मेरा संकल्प : सुशील

औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना को पूरा कर मगध की धरती को लाल पानी से सिंचित करना मेरा संकल्प है। अनेक बाधाओं को दूर किया गया है और अगले वर्ष मुख्य नहर की लाइनिंग से लेकर सभी संरचनाओं का कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर हजारों एकड़ कृषि भूमि को वर्षभर सिंचाई का भरोसेमंद स्रोत मिलेगा और दक्षिणी मगध में कृषि उत्पादन नई ऊंचाइयों को छू सकेगा।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

एक अखबार, पूरा बिहार

राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध

अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें

9334115121/8540866721/8789755505

पटना कार्यालय

द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स आशियाना-दीघा रोड, पटना-13

मो0-6206165107
7004534093

C M Y K

### कृषि मंत्री ने की विभागीय बजट एवं व्यय की समीक्षा

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी होंगे सम्मानित : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि विभाग में आयोजित बजट एवं व्यय से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने की। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति एवं उनके विरुद्ध व्यय की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया गया। बैठक में कृषि निदेशालय, उद्यान निदेशालय, विपणन निदेशालय, डिजिटल कृषि निदेशालय एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के सभी योजनाओं की प्रगति, बजट उपयोग, कार्यान्वयन की गति और भविष्य की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, विशेष सचिव, डॉ. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव शैलेन्द्र कुमार, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम स्पर्श गुप्ता सहित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का कार्यान्वयन समय पर तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सुनिश्चित कराया जाय। विभिन्न योजनाओं में विभाग में जो राशि का उपबंध किया गया है उसको समय सीमा के अन्दर खर्च किया जाय, ताकि सरकार द्वारा किसानों के हित में बनाई गई योजनाओं का लाभ सीधे और शीघ्रता से किसानों तक पहुंच सके। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी कृषि योजनाएं किसानों की आय वृद्धि, उत्पादन क्षमता विस्तार और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के लिए आवंटित राशि का उपयोग समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। योजनाओं को जमीन पर उतारना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे। उन्होंने योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति की समय-समय पर अद्यतन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ताकि बेहतर प्रदर्शन की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं को क्रियान्वित करने की गति को और तीव्र किया जाए ताकि विभाग की सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जा सके तथा प्रत्येक योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसानों तक लाभ पहुंचाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्ययोजना तैयार कर व्यय प्रगति को गति देने, फील्ड स्तर पर कार्यों की सतत निगरानी करने तथा किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की कृषि एवं किसानों के लिए ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कृषि के विकास के लिए कृषि रोड मैप बनाकर योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। कृषि रोड मैप की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से एवं समय पर धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी कृषि विभाग की है। मंत्री ने कहा कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं। योजनाओं का परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए। किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ही विभाग की उपलब्धि है। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न योजनाओं के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्लेसमेंट सेल छात्रों की नौकरी की राह आसान बनाएगा : प्रो. रत्ना अमृत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में मिलेनियम एयर होस्टेस अकादमी को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अकादमी के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को विमानन क्षेत्र, एयर होस्टेस प्रशिक्षण तथा अन्य रोजगार अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि कॉलेज का प्लेसमेंट सेल छात्रों को रोजगार प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन देने और उनकी प्रमुख समस्या-नौकरी पाने का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी प्लेसमेंट सेल छात्रों को करियर निर्माण और व्यक्तित्व विकास में सहयोग करता रहेगा। कोऑर्डिनेटर डॉ. स्वरना कुमार, सदस्यगण डॉ. सुधीर कुमार एवं डॉ. सीमा कुमारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विमानन उद्योग में अपार संभावनाएं हैं और यदि छात्र अनुशासन व परिश्रम बनाए रखें तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने करियर को लेकर अधिक सजग एवं प्रेरित हुए हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अंत में यह संदेश दिया गया कि बी.डी. कॉलेज का प्लेसमेंट सेल छात्रों को न केवल रोजगार दिलाने में बल्कि उनके भविष्य निर्माण में भी निरंतर सहयोग करता रहेगा।

## अमर ज्योति झा पावर ग्रिड कारपोरेशन की क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के जूरी सदस्य नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना में पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक और निर्देशक अमर ज्योति झा को जूरी सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता 9 दिसंबर 2025, मंगलवार को शाम 5 बजे से पावर ग्रिड के क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्री नगर में आयोजित होगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पांच टीमें भाग ले रही हैं और प्रदर्शनों के आधार पर इनमें से एक टीम का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए किया जाएगा। जूरी सदस्य के रूप में अमर ज्योति झा प्रतिभागियों की कला, प्रस्तुति और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का मूल्यांकन करेंगे। झा इससे पूर्व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मंचों पर अपनी रचनात्मक उपस्थिति और निर्देशन के लिए सम्मानित हो चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अमर ज्योति झा ने पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रतिभागियों और आयोजकों में उत्साह है तथा इसे राज्य में कला और साहित्यिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### एनडीए की जीत के बाद मुजफ्फरपुर पहुंचे डॉ. दिलीप जायसवाल

# एनडीए सरकार का लक्ष्य अपराध मुक्त बिहार और हर महिला व युवा को रोजगार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार भाजपा अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल मुजफ्फरपुर पहुंचे। यहां वे भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित मिथिला एवं तिरहुत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के 'आभार एवं अभिनंदन समारोह' में शामिल होकर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के उत्साह, परिश्रम और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस दौरान कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत संगठन की सामूहिक शक्ति, टीमवर्क और जनविश्वास की स्पष्ट पहचान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए में बेहतर समन्वय और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत के कारण बूथों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाया गया और चुनाव के पूर्व सरकार बनाने की चुनौती को स्वीकार किया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर एनडीए के पक्ष में मतदान करवाया जिसका परिणाम यह प्रचंड बहुमत है और उसी के बदौलत प्रदेश में एनडीए की सरकार बनी है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि अभी सरकार की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं हैं- पहला कानून का राज और अपराध मुक्त बिहार। जिस तरह से पहली बार 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे और फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित कार्रवाई से लोगों को जंगलराज से मुक्ति मिली थी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की प्राथमिकता में बिहार को अपराध मुक्त बनाना है। इसके लिए जो भी फैसले जनता हित में लेने होंगे लिए जाएंगे। उन्होंने इस क्रम में रोजगार को लेकर सरकार की प्राथमिकता दोहराई। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि निश्चित ही हम सभी के संयुक्त प्रयासों से विकास, सुशासन और जनसेवा की दिशा में यह यात्रा और भी गति पकड़ेगी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संगठन भीखू भाई दलसानिया, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा एवं राकेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता कुशवाहा, प्रदेश मंत्री रीता शर्मा, मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय सह प्रभारी नंदप्रसाद चौहान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने किया। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की। भक्तिभाव से सम्पन्न इस पावन दर्शन के दौरान जन-कल्याण, सामाजिक समृद्धि और प्रदेश की प्रगति के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से कामना कि सभी पर उनकी अनुकंपा और आशीर्वाद सदैव बना रहे।

## समय पर बिजली बिल भुगतान से बढ़ेगी बचत, सहज होंगी उपभोक्ता सेवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ऊर्जा विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान कर न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभ उठाएं। नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को कई तरह की छूट और रियायतें दी जा रही हैं जिससे मासिक खर्च और बिजली उपयोग दोनों में संतुलन बनाए रखना आसान होता है। समय पर भुगतान करने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली विशेष सुविधाएं- स्मार्ट मीटर में 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ऊर्जा शुल्क में अतिरिक्त छूट, स्मार्ट मीटर में लगातार तीन महीने तक 2000 रुपए से अधिक बैलेंस रखने पर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बैंक दर से ब्याज, ससमय विद्युत बिल के भुगतान पर 1.5% की छूट। ऑनलाइन के माध्यम से ससमय भुगतान पर 1% की अतिरिक्त छूट, ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा एक तिमाही के सभी विद्युत विद्युत विपत्र का ससमय भुगतान पर 1%की अतिरिक्त छूट, स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल भुगतान सबसे आसान और तेज विकल्प है। 'सुविधा ऐप' के जरिए उपभोक्ता रिचार्ज, बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।

## डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत लेखिका के साथ प्रचारिका थी : डा. मुकेश कुमार ओझा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयन्ती पर तृतीय दीक्षांत समारोह में पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में डा. मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत साधक सम्मान समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत उद्घाटन सदस्य (प्रशासकीय) राज्यलोक सेवा न्यायाधीकरण उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान संस्कृत को जन -जन तक पहुंचाने का कर रहा है। डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत की वास्तविक साधिका थी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत लेखिका के साथ प्रचारिका थी। संस्कृत को सरल, सुबोध और व्यवहारिक बनाकर ही नयी पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। मुख्यातिथि डॉ मिथिलेश झा वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक, मुख्यवक्ता प्रो रागिनी वर्मा संस्कृत विभागाध्यक्ष गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना, स्वागताध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पटना, विशिष्टातिथियों में डा. अनिल कुमार चौबे, डॉ. अनिल सुलभ, प्रो. उमेश शर्मा, प्रो. रेखा रानी, प्रो. मीनाक्षी प्रसाद, प्रो. सुबोध कुमार सिंह, प्रो. मिथिलेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार, मृत्युंजय झा, शिवानंद शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके अतिरिक्त संस्थान का प्रतिवेदन डॉ लीना चौहान ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उग्र नारायण झा, डॉ सुशील कुमार, सुजाता घोष, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ कौशल कुमार सिंह, डॉ रागिनी कुमारी, श्रद्धा कुमारी, डॉ शशिकांत तिवारी, आयुष नन्दन, सुधांशु रंजन, डॉ नीरा कुमारी, डॉ. बिधु बाला, राजीव कुमार तिवारी, प्रत्यूष शुभम, डॉ एकता वर्मा, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, पिन्टू कुमार, सुनील कुमार चौबे, डॉ अवन्तिका कुमारी, डॉ मधु कुमारी, संजीव कुमार मिश्र, डॉ. पल्लवी, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ कमल किशोर, श्री राम अम्बष्ट, हृदय नारायण झा, डॉ राघव नाथ झा, पारिजात त्रिपाठी, हरम्ब कमल ब्रह्मचारी सहित 125 संस्कृत अनुरागियों को डा. मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत साधक से सम्मानित किया गया।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर को किया नमन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.सी.श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही पूर्व मध्य रेल अनुसूचित जाति/जनजाति यूनियन/एशोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने भी डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## राज्य के 31 जिलों में पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय दिवस पर 14 से 18 दिसंबर तक मनेगा अभियान : मंगल पांडेय

▶ 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी ओपीवी खुराक ▶ दूर-दराज क्षेत्रों के बच्चों पर रहेगा फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि जब तक विश्व में कहीं भी पोलियो का संक्रमण जारी है। देश में भी पोलियो वायरस के फिर से आने का खतरा बना रहेगा। इस खतरे से बचाव के लिए राज्य के 31 जिलों (बांका, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, रोहतास, शेखपुरा एवं शिवहर को छोड़कर) में 14 से 18 दिसंबर तक पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अभियान मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के हर एक बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के दौरान मुख्य ट्रांजिट स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं चौक चौराहों से गुजरने वाले बच्चे पर विशेष ध्यान देते हुए प्रतिरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य के लिए ट्रांजिट स्थलों पर प्रशिक्षित टीका कर्मियों को लगाया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में 2025 तक पोलियो वायरस के संक्रमण के मामले सामने आये हैं जिससे सीमावर्ती एवं आवागमन प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता और टीकाकरण और भी अनिवार्य है। बिहार सरकार केंद्र के निर्देशों का पालन करते हुए पल्स पोलियो के लिए टीकाकरण अभियान को चलाएगी जिसमें टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ इसकी निगरानी, प्रशिक्षण, संसाधन प्रबंधन और जन-जागरूकता पर मुख्य फोकस रखा जाएगा। अभियान के दौरान दूर दराज के क्षेत्रों और भ्रमणशील आबादी के बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई जाएगी। एक भी बच्चा छूटे नहीं इसके लिए विशेष निगरानी दल कर शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करेंगे। अभियान के दौरान नवजात शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाए जाने के बाद नियमित टीकाकरण के ड्यू लिस्ट में भी समाहित किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के लिए सभी 31 जिलों, प्रखंडों और पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स बैठकें आयोजित की जाएगी ताकि अभियान की रणनीति, संसाधन और माइक्रो-प्लान को अंतिम रूप दिया जा सके। हर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की सहभागिता के साथ टास्क फोर्स मीटिंग कर बच्चों की सूची, हाई-रिस्क क्षेत्रों की पहचान और हर बूथ तक वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के 'शत-प्रतिशत प्रशिक्षण' को अनिवार्य किया गया है। मुझे विश्वास है कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान हम शत-प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ अभियान की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने में सफल होंगे।

## रामलीला मैदान में एसआइआर के खिलाफ रैली में पटना महानगर से बड़ी संख्या शामिल होंगे कांग्रेसजन : रौशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एस.आई.आर. से जुड़े मुद्दे को लेकर आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक महारैली की पूर्ण सफलता हेतु पटना महानगर कांग्रेस द्वारा महत्वपूर्ण बैठक महानगर अध्यक्ष शशिरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पटना महानगर के पर्यवेक्षक रौशन कुमार सिंह ने कहा कि एस.आई.आर. के मुद्दे पर सरकार की चुप्पी और जनता की चिंता को नजरअंदाज करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आगामी 14 दिसंबर की महारैली देशभर के पीड़ितों और चिंतित नागरिकों की आवाज को केंद्र सरकार तक शक्तिशाली रूप में पहुंचाएगी और चुनाव आयोग के द्वारा भेदभावपूर्ण रूप से की जा रही इस प्रक्रिया के मनमानी को राष्ट्रीय स्तर पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महारैली न केवल एस.आई.आर. से प्रभावित लोगों की पीड़ा को सामने लाने का माध्यम है, बल्कि यह केंद्र सरकार की नीतिगत विफलताओं के विरुद्ध जनता का लोकतांत्रिक प्रतिरोध भी है। बिहार के चुनाव में

## आइसीआइसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने शुरुआती छह महीनों में 99.33% के क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ बढ़त बनाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छह महीनों में 99.33% का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है जो देश की टॉप लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे ज्यादा है। खास बात यह है कि बिना जांच वाले दावों का भुगतान करने में कंपनी ने औसतन सिर्फ 1.1 दिन का समय लिया। इसी अवधि में कंपनी ने कुल 893.38 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम भी सेटल किए। आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमिश बैंकर ने कहा हमारी क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई है और हम हर क्लेम को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छः महीनों में हमारा क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.33% रहा और बिना जांच वाले क्लेम के लिए हमारा औसत क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम सिर्फ 1.1 दिन था। इसके अलावा इसी अवधि में हमने 893.38 करोड़ रुपए से अधिक के डेथ क्लेम सेटल किए। हमारा ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और डिजिटलाइजेशन पर मजबूत फोकस हमें क्लेम जल्दी सेटल करने में सक्षम बनाता है जिससे परिवारों को जरूरत के अनुसार समय-समय पर आर्थिक सहारा मिल सके।

## सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर बिहार में सख्ती, आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में सोशल मीडिया पर बढ़ते दुर्व्यवहार, मानहानि और फेक न्यूज की घटनाओं को देखते हुए बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने सख्त रुख अपनाया है। ईओयू ने ऐसे उपयोगकर्ताओं की पहचान शुरू कर दी है जो बार-बार अपमानजनक, भड़काऊ, फर्जी या मानहानिकारक पोस्ट कर समाज और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। इकाई ने दो दर्जन आरोपितों की सूची तैयार कर उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब सोशल मीडिया के दुरुपयोग को सहन नहीं किया जाएगा और बार-बार गलत पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। यह निर्णय ऐसे वक्त में आया है जब सोशल मीडिया लोकतांत्रिक विमर्श, राजनीति, समाज और सार्वजनिक संवाद का बड़ा मंच बन चुका है। लेकिन इसके साथ ही यह अफवाह, ट्रोल संस्कृति, दुष्प्रचार, साइबर बदनामी और सांप्रदायिक तनाव फैलाने का साधन भी बनता जा रहा है। ईओयू की सोशल मीडिया सेल में 1 अप्रैल से 11 नवंबर के दौरान 584 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 225 शिकायतें विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान आईं। इनमें मानहानि, फेक न्यूज, चरित्र हनन, सामुदायिक उकसावे और राजनीतिक दुष्प्रचार जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। चुनावों के दौरान फर्जी वीडियो, फोटो छेड़छाड़, गलत तथ्यों और असभ्य भाषा का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा। कानूनी तौर पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री डालना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67, भारतीय दंड संहिता की धारा 499-500 (मानहानि), धारा 504-505 (अफवाह और उकसावा), तथा धारा 153इ (सांप्रदायिक वैमनस्य) के तहत अपराध माना जाता है। इन धाराओं के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। ईओयू का यह कदम डिजिटल स्पेस में अनुशासन और जिम्मेदारी स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह कार्रवाई न केवल दुरुपयोग करने वालों पर नकेल कसने के उद्देश्य से है, बल्कि नागरिकों को यह संदेश देने के लिए भी है कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का मंच है, अराजकता का नहीं। प्रशासन का मानना है कि यह पहल भविष्य में बेहतर डिजिटल आचरण, जागरूकता और स्वच्छ ऑनलाइन संवाद को बढ़ावा देगी।

## डीएम की अध्यक्षता में न्यायालयों में लंबित कांडों की बैठक

# लोक अभियोजक को मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला अभियोजन पदाधिकारी / लोक अभियोजक / विशेष लोक अभियोजकों / अपर लोक अभियोजकों के साथ विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन / स्पीडी ट्रायल / न्यायालीय वाद से संबंधित लंबित कांडों की समेकित प्रतिवेदन के बारे में जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया है कि सभी अपर लोक अभियोजक द्वारा जिस मामले में फैसला हो चुका है उसके आदेश की प्रति प्रभारी लोक अभियोजक को प्रस्तुत करेंगे एवं जिन मामलों में केस डायरी उपलब्ध नहीं है उसकी सूची बना कर पुलिस अधीक्षक रोहतास को प्रस्तुत करेंगे तथा लोक अभियोजक से अपेक्षा की गई कि वैसे मामले जिसमें रिहाई हुआ है उसकी सूक्ष्म समीक्षा कर लें एवं समीक्षा उपरांत अपील योग्य मामले में अपील दायर करने की कार्रवाई करें एवं लोक अभियोजक को निदेश दिया गया कि सभी अपर लोक अभियोजक / सभी विशेष लोक अभियोजक का मासिक प्रतिवेदन की समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। बैठक में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माह नवम्बर 2025 में सिविल सर्जन, रोहतास से कुल 78 पोस्टमार्टम प्रतिवेदन तैयार किया गया है जिसमें से 19 थाना द्वारा पोस्टमार्टम प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। 19 थाना द्वारा पोस्टमार्टम प्रतिवेदन प्राप्त नहीं किया गया है, 38 डाक्टर के द्वारा अभी लंबित है एवं 02 रात्रि प्रहरी का आदेश अप्राप्त है। इस संबंध में शेष पोस्टमार्टम प्रतिवेदन को संबंधित थाना को उपलब्ध कराने का निदेश सिविल सर्जन, रोहतास को दिया गया। सिविल सर्जन, रोहतास, सासाराम से प्राप्त जख्म प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 43 थानों को जख्म प्रतिवेदन हस्तगत करा दिया गया है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, रोहतास को निदेश दिया गया कि शेष 20 जख्म प्रतिवेदन संबंधित थाना को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान एवं पूर्व सांसद / विधायकों के विरूद्ध लंबित काण्ड की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माह नवम्बर 2025 में कुल 3 लंबित कांडों में 1 काण्ड अभियुक्तों की उपस्थिति हेतु लंबित है। साक्ष्य गवाही हेतु लंबित कांडों की संख्या 01 है, लंबित की संख्या 01 है। जिलाधिकारी द्वारा जिला अभियोजन पदाधिकारी, रोहतास को निदेश दिया गया कि साक्षियों की सूची तैयार कर पुलिस अधीक्षक, रोहतास को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी अभियोजन पदाधिकारियों के लंबित मामलों में बहस एवं फैसला हेतु सहयोग करेंगे। हीरा प्रताप सिंह, विशेष लोक अभियोजक, रोहतास एवं जनक राज किशोरी, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट), रोहतास, सासाराम द्वारा निष्पादित कांडों में सजा 0, सजा प्राप्त अभियुक्तों की कुल संख्या 0 एवं रिहाई 3, रिहा अभियुक्तों की कुल संख्या - 03 पाया गया जिसे जिलाधिकारी द्वारा सख्त निदेश दिया गया कि लंबित मामलों को चिन्हित कर लोक अभियोजक को अवगत करायें एवं पॉक्सो एक्ट में जो रिहा मामले अपील योग्य है, उन मामलों का प्रस्ताव देंगे तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा निदेश दिया गया कि जिन कांडों में गवाह उपस्थित नहीं हो रहे हैं उसकी सूची बना कर प्रति प्रस्तुत करेंगे।

## लोजपा विधायक राजीव रंजन बने पार्टी के सचेतक, एनडीए कार्यकर्ताओं में हर्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह को पार्टी का सचेतक बनाए जाने पर एनडीए और लोजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और विधायक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नेहरू कॉलेज के सेवानिवृत्त पीटीआई राम संजय सिंह ने विधायक राजीव रंजन को अंग वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में पार्टी नेताओं–नगर अध्यक्ष गोविंद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष ददन पासवान, विधानसभा प्रभारी रणविजय सिंह, किरण देवी, रंजू सिंह, रीना सिंह, धर्मेंद्र पासवान दी। नेताओं ने कहा कि राजीव रंजन के नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वे विधायकों को संगठित रखते हुए बिहार के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। नेताओं ने कहा कि लोजपा (रामविलास) की महत्वाकांक्षी नीति 'बिहारी फर्स्ट, बिहार फर्स्ट' को जमीन पर उतारने के लिए विधायक प्रतिबद्ध है और उनका यह नया दायित्व प्रदेश के विकास मार्ग को और अधिक सशक्त करेगा।

## छात्र-छात्राओं का अपने पेशे के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना और जागरूक करना जरूरी : डॉ. अवनीश रंजन

### स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने किया चिकित्सा विज्ञान संस्थान के विभाग का दौरा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के व्यावसायिक चिकित्सा पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के चिकित्सा विज्ञान संस्थान का एक दिवसीय शैक्षिक सह एक्सपोजर ने दौरा किया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के पुनर्वास विज्ञान संकाय अंतर्गत संचालित व्यावसायिक चिकित्सा पाठ्यक्रम के स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक सह एक्सपोजर के लिए बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के व्यावसायिक चिकित्सा विभाग का दौरा किया। इस भ्रमण से छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित संस्थान के आदर्श शिक्षण और नैदानिक सेटअप से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ। छात्र-छात्राओं ने बी.एच.यू. अंतर्गत संचालित व्यावसायिक चिकित्सा पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत भी की तथा अपने विचार, ज्ञान और अनुभव साझा किए। पुनर्वास विज्ञान संकाय के प्रमुख डॉक्टर अवनीश रंजन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य हमारे छात्र-छात्राओं का अपने पेशे के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना और जागरूक करना साथ ही विश्व स्तर के संस्थान की कार्य प्रणाली एवं गतिविधियों से अवगत कराना था। छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस भ्रमण से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और एक नईं ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका वे सब अपने शिक्षण-प्रशिक्षण में भरपूर उपयोग करेंगे। बी.एच.यू. में व्यावसायिक चिकित्सा विभाग की प्रमुख डॉक्टर जया दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक चिकित्सा के दायरे, तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर अपनी प्रस्तुति दी। इस भ्रमण में पुनर्वास विज्ञान संकाय के व्यावसायिक चिकित्सा विभाग की प्रभारी डॉक्टर प्रियंवदा, नारायण बाल पुनर्वास इकाई के डॉक्टर अमन, डॉक्टर नितेश, श्री गुलशन सहित बीओटी के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## शाहाबाद महोत्सव में बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद महोत्सव के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह को कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महोत्सव के सह-संयोजक संजय पासवान की भी जमकर प्रशंसा की और आयोजन की भव्यता की सराहना की। सम्मान ग्रहण करने के बाद मृत्युंजय सिंह ने रोहतास जिले में पूर्व पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ आईपीएस विकास वैभव के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि जिस दौर में वे रोहतास के एसपी थे, उस समय कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में उग्रवाद चरम पर था और आम लोगों के लिए रोहतास किले और पहाड़ी क्षेत्र तक पहुंचना अत्यंत जोखिम भरा था। उन्होंने कहा कि आईपीएस विकास वैभव ने पुलिस-पब्लिक मैत्री मॉडल को स्थापित करते हुए समाज के भटके हुए युवाओं से संवाद किया और उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया। उनके नेतृत्व में पुलिस ने न केवल उग्रवाद को निर्णायक रूप से कमजोर किया बल्कि रोहतास किले और पहाड़ी क्षेत्र में वर्षों से बंद सुरक्षा व विकास के रास्तों को फिर से खोला।

## नवनियुक्त गृह रक्षा वाहिनी के जवानों के मूल दस्तावेजों की हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों के गृह रक्षा वाहिनी में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से चयनित अनारक्षित पुरूष 146 महिला 78 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पुरूष 56 महिला 20 उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच की गई। दस्तावेजों की जांच के लिए प्रखंडों के कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जहां अलग-अलग काउंटर बनाकर एक-एक कर सभी उम्मीदवारों की मूल और अन्य पहचान प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, जाति, आय प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इसमें उनके मूल और अन्य पहचान प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, जाति या आय प्रमाण पत्र आदि की जांच की गई। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि उम्मीदवार भर्ती के मानदंडों को पूरा करते हैं और उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जांच के दौरान पहचान पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई, जन्म प्रमाण, मैट्रिक, इंटर आदि के दस्तेजवों की जांच की गई। दस्तावेजों की जांच के लिए सुबह से ही अनुमंडल कार्यालय में युवक-युवतियों की भीड़ लगी हुई थी। वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। कमांडेंट अनिल कुमार वर्मा के अनुसार अभ्यार्थियों की अधिक भीड़ न हो, इसके लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं। 10 नवंबर बुधवार तक कागजात जमा लिया जायेगा। इसके बाद मैट्रिक और इंटर के कागजात की जांच के लिए बिहार बोर्ड ऑफिस भेजा जायेगा। जांच में सही कागजात वाले को ही अंतिम रूप से मेधा सूची के अनुसार चयनित किया जायेगा। बताया कि सफल अभ्यार्थियों का पुलिस सत्यापन कराया जायेगा। मौके पर गृह रक्षावाहिनी के जिलाध्यक्ष सुजीत पान्डेय सहित अन्य शामिल थे।

## कार-बाइक की टक्कर में सीएसपी संचालक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मोहनियां-भभुआ पथ पर मंडलकारा के पास शनिवार देर शाम एक कार और बाइक की जोरदार टक्कर में सीएसपी संचालन करनेवाला एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान भभुआ शहर के वार्ड दो निवासी सुधांशु कुमार, पिता घनश्याम सिंह के रूप में हुई है। वह रतवार में सीएसपी संचालक के रूप में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी देते हुए जिला अधिवक्ता संघ कैमूर के सदस्य विकास कुमार शर्मा ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार सुधांशु कुमार किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआइ शकील अहमद खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सुधांशु को सदर अस्पताल भभुआ पहुंचाया जहां डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना में शामिल कार को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश के साथ ही सड़क हादसों को लेकर चिंता भी देखी जा रही है।

## चकबंदी रोड में युवक की हत्या मामले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** पिछले पांच अक्तूबर को शहर के वार्ड 10 चकबंदी रोड में एक युवक की हुई हत्या के मामले में मुख्य आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धराया आरोपित अधौरा थाना क्षेत्र के चोरपनिया गांव निवासी वीरेंद्र यादव का 25 वर्षीय बेटा कृष्णा यादव बताया जाता है। इस मामले में भभुआ एसडीपीओ मनोरंजन भारती ने प्रेसवार्ता कर बताया कि वार्ड 10 स्थित एक किराये के मकान में पिछले पांच अक्तूबर को एक युवक अधौरा थाना क्षेत्र के तोड़ी गांव निवासी उमेश सिंह यादव के बेटे 20 वर्षीय इंद्रदेव यादव उर्फ बबलू कुमार की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मृतक की मां गीता देवी ने चोरपनिया निवासी और पकड़े गये कृष्णा यादव सहित चार लोगों पर मनरेगा के पैसे में लेनदेन को लेकर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था। महिला ने पुलिस को बताया कि वह शहर के वार्ड 10 में चंदन तिवारी के मकान में किराये पर रहती है जबकि उसके पति वन विभाग के समीप ठेले पर चाट, जलेबी बेचकर जीविका चलाते हैं। पांच तारीख को वह सुबह 10 बजे अपने छोटे बेटे सूर्यदेव कुमार के साथ बहन के यहां बर्थडे में शामिल होने के लिए सोनहन गयी थी। वहीं, उसके पति गांव तोड़ी गये हुए थे। भभुआ स्थित किराये के मकान में उसका एक लड़का इंद्रदेव कुमार उर्फ बबलू ही अकेले था। देर शाम छह बजे वह सोनहन से वापस आयी और जैसे ही कमरे पर पहुंची तो उसने देखा कि उसके कमरे से कृष्ण कुमार यादव पिता वीरेंद्र यादव चोरपनिया अधौरा, वर्तमान पता जैतपुर खुर्द और खरेंदा, बेलांव निवासी उसका साला नंद कुमार सहित तोड़ी गांव निवासी सुरेंद्र उर्फ सिगरेटी यादव और चोरपनिया निवासी विंध्याचल यादव निकलकर तेजी से भाग गये जब वह कमरे के अंदर पहुंची तो देखा कि उसके बेटे इंद्रदेव कुमार का गमछे से दोनों पैर बांधकर और साड़ी के सहारे फंदा बनाकर लटकाया हुआ है। महिला का आरोप था कि सभी आरोपित उसके बेटे को मनरेगा में काम कराने के लिए जगह-जगह ले जाते थे। उसी काम में पैसे के लेनदेन को लेकर चारों आरोपितों द्वारा बार-बार उसके बेटे को जान से मार देने की धमकी दी जा रही थी। पैसे के ही लेनदेन को लेकर कुछ दिन पहले पंचायती भी हुई थी और पुलिस तक भी मामला पहुंचा था, लेकिन पैसे को लेकर आरोपितों का धमकाना जारी था और अंत में उसके बेटे की सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गयी। एसडीपीओ ने बताया कि इसी मामले में एक आरोपित कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को एसडीपीओ के प्रेसवार्ता के दौरान भभुआ नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार और केस के आइओ अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

## नियमों से छेड़छाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं : शिक्षा विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कहा है कि तकनीकी समस्या का हवाला देकर नियमों से छेड़छाड़ को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा है कि पोर्टल पर मौजूद समय-वार डेटा से साफ हो गया है कि कई शिक्षक अपनी उपस्थिति वास्तविक समय से अलग समय पर दर्ज कर रहे हैं। यह नियम के खिलाफ है। बिहार शिक्षा विभाग ने इ-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने में हो रही अनियमितताओं पर गंभीर रुख अपनाया है। विभाग को पता चला है कि कई शिक्षक वास्तविक समय में हाजिरी दर्ज नहीं कर रहे हैं, बल्कि पुरानी तस्वीरें अपलोड कर उपस्थिति दिखा रहे हैं। इसे विभाग ने गंभीर फर्जीवाड़ा माना है। इस मामले में विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ऐसे शिक्षकों को तुरंत चिह्नित करने और रिपोर्ट भेजने का निर्देश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने जारी निर्देश में कहा है कि कुछ शिक्षक पोर्टल पर तस्वीर अपलोड करने में आने वाली तकनीकी समस्या का बहाना बना रहे हैं जबकि कई दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक निर्धारित समय के बाद देरी से उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। विभाग ने इस अनियमितता को प्लानबद्ध लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए कड़ा रुख दिखाया है। निर्देश में कहा है कि ऐसे मामलों की जांच कर संबंधित शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जायेगी। जिला स्तर पर गठित टीमों को उपस्थिति रिकॉर्ड, अपलोड की गयी तस्वीर, स्थान की स्थिति तथा समय का मिलान कर साक्ष्य जुटाने को कहा गया है, ताकि जांच पारदर्शी ढंग से की जा सके। इसके साथ ही विभाग ने सभी शिक्षकों से शपथ पत्र लेने का निर्देश दिया है जिसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शिक्षक वास्तविक समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक या पुरानी तस्वीर का उपयोग नहीं करेंगे।

## नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों को कराया गया 14 किलोमीटर दौड़ का अभ्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड अंतर्गत कैमूर पहाड़ियों के श्रृंखला में स्थित करमचट डैम पर नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों को 14 किलोमीटर दौड़ का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षु सिपाहियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए दौड़ का अभ्यास कराया गया। ताकि वे अनुशासित रहें और अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन कर सकें। यह अभ्यास एसपी रौशन कुमार के नेतृत्व में कराया गया। यह अभ्यास उनके बुनियादी प्रशिक्षण का हिस्सा है जिसमें पीटी और परेड भी शामिल होती है। इस मौके पर चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट मामले में एक गिरफ्तार, दो फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने मारपीट मामले में जोरावरपुरा से एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार को जोरावरपुर निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी धर्मशीला देवी ने लिखित आवेदन देकर तीन लोगों पर मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें जोरावरपुरा निवासी रवींद्र सिंह, अभिषेक कुमार तथा तेतराढ़ निवासी रोहित कुमार शामिल हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-18/2025-26**
**पत्रांक – 802गढ़वा/दिनांक – 06/12/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जामुनदाहा नाला पर एकल चेकडैम का निर्माण कार्य ग्राम– हरता, पंचायत– फकीराडीह, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 71,90,700.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 29.12.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोटः–** 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

PR 367943 (Minor Irrigation)25-26*D



बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –07/औरंगाबाद/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 28.11.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की ) तिथि एवं समय :–दिनांक 22.12.2025 से 19.01.2026 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.12.2025 से 19.01.2026 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–20.01.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–(i) दिनांक 18.12.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक–17.12.2025 को अपराह्न 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. कार्य विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिला में 100 आसन वाले सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य सदर (विद्युतीकरण, अग्निषमन कार्य सहित ) | 490.62 | 981500/- | 10,000.00 | As per website | 09 माह |
| | कुल | 490.62 | | | | |

12. विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट :–www.eproc2.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR- 019100 ( B C D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## बाबा भीमराव अंबेडकर को रेलकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका नमन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद सहित विभिन्न शाखा अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा भी बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका नमन किया गया।



# रफीगंज में बच्चे की मौत पर बवाल

## प्रशासन के हस्तक्षेप से शांत हुआ मामला, प्राथमिकी दर्ज, कार्रवाई जारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के काली स्थान के पास स्थित निदान अस्पताल में रविवार की रात्रि उपचार के दौरान एक नवजात बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पाकर रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर माहौल को शांत कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कासमा थाना क्षेत्र के खैरी मुंडला गांव निवासी अनूप यादव की पत्नी अंजू देवी ने बीते बुधवार को सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद वह घर लौट गई थीं। रविवार सुबह बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर अंजू देवी सरकारी अस्पताल पहुंचीं, लेकिन वहां डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिले। इसके बाद वह निजी क्लिनिक की ओर गईं, जहां डॉक्टर बबलू कुमार ने उन्हें स्वयं के दूसरे क्लिनिक पर आने को कहा। आरोप है कि डॉक्टर बबलू कुमार ने बच्चे को ऑक्सीजन लगाकर छोड़ दिया और खुद कहीं और चले गए। परिजनों के अनुसार शाम करीब 4 बजे बच्चे की गंभीर स्थिति बताकर उसे रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के स्टाफ के साथ परिजन बच्चे को गया स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का कहना है कि बच्चे की मौत रफीगंज में ही हो गई थी, लेकिन उन्हें गुमराह किया गया। गया से लौटते समय वाहन से डॉक्टर का स्टाफ उतरकर भाग गया। जब परिजन रफीगंज लौटे तो पाया कि क्लिनिक में ताला बंद था और डॉक्टर भी फरार थे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतेर कार्रवाई की जा रही है।

### नवजात के मौत पर अस्पताल को किया गया सील

रफीगंज शहर के बाबूगंज काली स्थान स्थित निदान अस्पताल को अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह और थानाध्यक्ष शंभू कुमार के निर्देश पर सील कर दिया गया। कासमा थाना क्षेत्र के खैरी मुड़ला गांव निवासी अनूप यादव की पत्नी अंजू देवी ने बुधवार को सरकारी अस्पताल में नवजात को जन्म दिया था। रविवार सुबह बच्चे की तबीयत खराब होने पर वह सरकारी अस्पताल पहुंचीं, जहां मौजूद डॉ. डब्ल्यू. कुमार उन्हें अपने निजी क्लिनिक ले गए। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। मृतक के पिता ने आरोप लगाते हुए झोलाछाप चिकित्सक बबलू कुमार और एक कंपाउंडर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने छापेमारी की, लेकिन डॉक्टर फरार मिले। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील कर दिया गया है।

# नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित बस स्टैंड के समीप नगर महामंत्री विवेक कुमार के आवासीय परिसर में बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा नौवीं बार लगातार विधायक चुने गए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अंगवस्त्र एवं फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। स्वागत करने वालों में कृष्ण मुरारी शर्मा उर्फ़ गुड्डू, विमलेश शर्मा, नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, किसान मोर्चा से विनोद कुमार, गोपाल कुमार सिंह, विश्वनाथ दास, रामेश्वर सिंह, अमोद कुमार राजू कुमार, पप्पू कुमार, चुन्नु कुमार, माधुरी कुमारी, संजीव शर्मा, किशोरी मोहन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान मखदुमपुर वासियों ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र भी सौंपा, जिसमें गया से पटना के लिए बंद पड़ी ट्रेन सेवा को पुनः शुरू कराने की मांग की गई। जनता की इस समस्या पर गंभीरता दिखाते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने तत्काल रेल मंत्री से वार्ता करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### उपेक्षा से पहचान खोता जा रहा टाल गांव का पुराना तालाब



**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघों की जमीन की सिंचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के दिनेश सिंह, सोहर राम, विश्वजीत कुमार विकास बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

### गरीब बेटियों के निःशुल्क विवाह के लिए चहकता आंगन फाउंडेशन की पहल



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** रविवार की दोपहर ड्रीम पैलेस परिसर में चहकता आंगन फाउंडेशन की पहल पर समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय परिवारों की बेटियों के लिए निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम कराया जाएगा, ताकि कोई भी बेटी केवल गरीबी के कारण अपने नए जीवन की शुरुआत से वंचित न रह जाए। बैठक की शुरुआत इस अभियान के लिए एक कमिटी के गठन से हुई। सर्वसम्मति से समाजसेवी एवं शिक्षक दीपक कुमार को अध्यक्ष, फाउंडेशन के संरक्षक अमित कुमार को सचिव, भीम कुमार को संरक्षक तथा अनीश केशरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अभय कुमार, राजेश कुमार, राजू कुमार, अजय साहू, गुंजन खत्री, राहुल दयाल, प्रिंस शौंडिक, राणा यादव, पप्पू यादव, अजय सिंह, राहुल कुमार और अजय कुमार को सहयोगी सदस्य मनोनीत किया गया। सचिव अमित कुमार ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह का संपूर्ण अथवा आंशिक खर्च उठाया जाएगा। यह पहल समाज में बेटियों की सुरक्षा, समानता और सम्मान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के सहयोग से एक नई सामाजिक चेतना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### नजदीक से गुजर रहे हाईटेंशन तार, खतरे में जान

**मदनपुर।** पाठक बिगहा रोड में करीब 50 वर्ष पूर्व से लगे 11 हजार विद्युत तार को विभाग द्वारा हटा कर घरों के छत के उपर से तार को शिफ्ट किए जाने से घर वालों ने आक्रोश जताया है। साथ ही कहा कि बिजली की तार से कभी भी बड़ी हादसा हो सकता है और जान माल की क्षति हो सकती है। पाठक बिगहा निवासी कुंती देवी ने बताया कि वर्षों पूर्व से 11 हजार की तार घर से काफी दूर पर था जिसे किसी कारण तार को हटा कर हमारे घर की छत के उपर से सटा बिजली का तार ले जाया गया है जिससे कभी भी बड़ी हादसा हो सकता है और जान जा सकता है। जो विभाग की लापरवाही का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया गया पर कोई सुनवाई नहीं हुआ है। इस बावत विधुत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि इसकी जांच कर हटाने का प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार का जहानाबाद में जोरदार स्वागत





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार को 2025 के नवगठित बिहार विधानसभा का सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद जहानाबाद जिले में उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बताया जाता है कि बिहार विधानसभा के चुनाव के पश्चात नव गठित विधानसभा के शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही, वे मगध क्षेत्र के दौरे पर निकले। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक क्षेत्र, जहानाबाद पहुंचे। इस दौरान एनडीए के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जिला अतिथि गृह में फूल मालाओं के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि "यह हमारा घर है; मैं जहानाबाद का निवासी हूं।" उन्होंने अपनी लगातार नौवीं जीत और विधानसभा अध्यक्ष बनने का श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं व समर्थकों को दिया।

**विपक्ष, प्रशासन और विकास — इन सब पर दी अपनी विचार**

सवाल-जवाब के दौरान, उन्होंने विपक्ष पर अपने विचार रखते हुए कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका ज़रूरी है। जनता ने अपना जनादेश दे दिया है, और अब सभी को जिम्मेदारी से काम करना है। जहानाबाद में बुलडोजर कार्रवाई, अवैध निर्माण व गरीबों के घर उजड़ने के सवाल पर प्रेम कुमार ने कहा कि "अगर कभी किसी गरीब का घर उजड़ा है, तो वह हमारी सरकार की मंशा नहीं बल्कि न्यायालय के फैसले का निष्पादन है। हमारा मकसद है कि हर गरीब को अपनी जमीन और अपना घर मिले। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में 20 वर्षों से सुशासन, विकास और जन-कल्याण की दिशा में हमारी सरकार की कई उपलब्धियां रही हैं। जनता ने बिहार में हुए विकास कार्यों को ही अपना मत और समर्थन देकर इस बार भी एनडीए पर अपने भरोसे को दोहराया है। प्रेम कुमार ने भरोसा जताया कि वे सदन को खुला, लोकतांत्रिक, नियम-अनुकूल एवं पारदर्शी बनाएंगे। सभी विधायकों चाहे सत्ताधारी हों या विपक्षी सभी को सदन में अपनी बात रखने का समान अवसर दिए जाएंगे। ऐसा माना जा रहा है कि विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद जहानाबाद दौरे पर यह पहली यात्रा इस बात का संकेत है कि वे सिर्फ़ राजनैतिक ही नहीं, लोक-रुझान की दृष्टि से भी सक्रिय रहना चाहते हैं।

# मार्केट छोड़कर सड़क पर लग रहीं सब्जी दुकानें

## हाईकोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार में सब्जी विक्रेताओं को अपनी दुकान लगाने के लिए लाखों के लागत से एस जलजा सब्जी मार्केट लगभग 35 वर्ष पहले बना हुआ बेकार पड़ा है। इसके वावजूद सब्जी विक्रेता हसपुरा बाजार के पटेल चौक स्थित सड़क पर ही दुकान लगा रहे हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका तो बनी ही रहती है सबसे परेशानी आवागमन में जाम की समस्या गंभीर बनी रहती है। जबकि एस जलजा मार्केट में सब्जी विक्री लिए बनाई गई दुकान आज गोदाम का काम आ रहा है। एस जलजा मार्केट मे ं गोदाम और सड़क के किनारे दुकान सुबह होते सज जाती है। देखा जा रहा है कि ठेला वाले से लेकर सड़क पर फल बेचने वाले भी किसी से पीछे नहीं हैं। जिससे 70 फिट चौड़ी सड़क सब्जी व्यवसाईयों से इतनी संकीर्ण हो गई है कि एक साथ बड़ी वाहन को पर करने में काफी समस्या उत्पन्न हो जाता है। टाटा , रांची के बस जब से गुजरती है तो पटेल चौक से लेकर आगे तक बाजार में सब्जी व्यवसाई सहित ठेला खोमचा वाले के साथ बराबर झंझट होते रहता है। इतना सब के वावजूद सड़क किनारे अहले सुबह सब्जी, ठेला ,खोमचा वालों का दुकान सज जाती है। ऐसे में पूरे दिन आवागमन में सबसे अधिक परेशानी सब्जी व्यवसाई से पटेल चौक, मेन रोड में बंधन पैलेश के साथ - साथ ज्ञान कुंज अखबार दुकान के पास पुलिया पर होता है।

**आखिर सड़क पर क्यों लगती दुकान**

जब भी सड़क पर लगने वाली सब्जी दुकान के बारे किसी से चर्चा करें तो पुलिस - प्रशासन के बारे में लापरवाही बात खुलकर सामने आता है। बताया जाता है कि पिछले दो दशक से अंचल अधिकारी अतिक्रमण हटाने में नहीं रूचि लिया है। आश्चर्य तो यह है की

# भारोतोलन में जहानाबाद के विजेता खिलाड़ियों ने जिला पदाधिकारी से की भेंट




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अरुणाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता (भारोतोलन) में जहानाबाद के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों उज्ज्वल कुमार एवं आदित्य राज ने बिहार के लिए पदक जीतकर जिलेवासियों को गौरवान्वित होने के क्षण प्रदान किये हैं। सोमवार को इन युवा विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक गिरिजेश कुमार ने जिलादाधिकारी अलंकृता पांडे से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में भेंट की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा खिलाड़ियों को उनके जीत पर बधाई दी गई। साथ ही प्रशिक्षण के क्रम में उनके समक्ष आ रही बाधाओं/दिक्कतों के बारे में भी जिला पदाधिकारी के द्वारा पृच्छा की गई एवं आश्वस्त किया गया कि स्मॉल सेंटर जहानाबाद में सुविधाओं का विस्तार कर प्रशिक्षण में आ रही समस्याओं का निवारण किया जाएगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा इसके लिए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, श्रीमती पूनम कुमारी को भी निर्देशित किया गया। विजेता खिलाड़ियों में उज्ज्वल सिंह जो की मांदील उच्च विद्यालय ,जहानाबाद के छात्र हैं, इन्होंने अंडर 17 श्रेणी के, 98 किलोग्राम से ज्यादा भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। वहीं जिले के आदित्य राज जो की + 2 उच्च विद्यालय सरता, के छात्र हैं, ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है। ये दोनों खिलाड़ी खेलो इंडिया प्रतियोगिता 2026 के लिए भी चयनित हुए हैं।

# बाल विकास विद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बाल विकास विद्यालय अंबा में सोमवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आगाज़ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जेपी सेनानी सह खादी ग्रामोद्योग के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव तथा समाजसेवी शिव शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। वहीं प्रतिभागियों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ प्रतिभाओं में भी निखार आता है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय में समय-समय पर पढ़ाई लिखाई के अलावा अनेक पाठ्येतर गतिविधियां आयोजित की जाती है ताकि बच्चों के समुचित विकास के साथ उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिल सके। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, हाई जंप, शॉट पुट, लंबी कूद समेत कई खेलों का आयोजन किया जाएगा और विजेताओं को पदक, ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय श्रीवास्तव, प्राचार्य अरुण कुमार, चंद्रदीप शर्मा, सतीश कुमार, सुनील कुमार, विजय कुमार, रिंकू कुमार, मीडिया प्रभारी रमाकांत कुमार, हेमंत दुबे, राकेश पांडेय, अक्षय कुमार, कौशल पांडेय, आकाश कुमार, शिक्षिका प्रेमशिला कुमारी, कंचन कुमारी, गोल्डी कुमारी, पम्मी कुमारी, नयनतारा कुमारी और बच्चे उपस्थित थे।

# पीपीएम स्कूल के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा और कौशल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के वेंकटेश नगर, राजा बाजार स्थित पी०पी०एम० स्कूल के परिसर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में यहां के छात्रों ने दिखाए अपने कौशल । इसके पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी सह वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एस.के. सुनील ने की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से जुड़े कई अभिनव एवं प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि संतोष श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, क्योंकि इससे बच्चों की छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह प्रदर्शन निश्चित ही सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. एस.के. सुनील ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी प्रतिभा आने वाले समय में न केवल जिले, बल्कि देश-दुनिया में भी विद्यालय का नाम रोशन करेगी। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नंदकिशोर शर्मा के साथ शिक्षकगण मनोज कुमार पाठक, आकाश कुमार, जयप्रकाश कुमार, रूपा कुमारी, नीतू कुमारी, प्रिया कुमारी, रिंकू कुमारी, अमित कुमार, विवेक कुमार, अभिमन्यु कुमार, खुशी कुमारी, अर्चना कुमारी, स्मिता कुमारी, पारो कुमारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अलग मामलों में चार गिफ्तार

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया के पुलिस ने गर्ल्स स्कूल के समीप से पूर्व के केस में फरार चल रहे गौतम कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही सेरथुआ गांव में छापेमारी कर राजदेव यादव एवं अजित कुमार को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने गंगासागर गांव में छापेमारी कर दीपक कुमार उर्फ विक्रम यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोग अलग-अलग मारपीट के मामले में फरार चल रहे थे। जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 205_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/एनडीईए के अधीन पीटीएई में (ईआई-1 अदद) तथा जीपीएई, जेआईटी, डीटीएई एवं एनडीईएई में (पीआई-4 अदद) ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान। अनुमानित लागतः रु. 3,42,82,603.68; बयाना राशिः रु. 3,21,400। क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 206_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/एजेड के अधीन एमजीएई, केजीएलई, एजेड, बीजेडएलई, केएनएसएन में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-5 अदद) का प्रावधान। अनुमानित लागतः रु. 3,47,89,610.29; बयाना राशिः रु. 3,24,000। क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 207_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन एसएएलई, केडब्ल्यूएई में (ईआई-2 अदद) तथा पीएनडीआई, केएनएचआर, एसपीएस में (पीआई-3 अदद) ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान। अनुमानित लागतः रु. 3,43,97,899.74; बयाना राशिः रु. 3,22,000। समापन अवधिः प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः प्रत्येक के लिए 24.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-433/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# जैविक कृषि व प्रसंस्करण से जुड़ें जिले के किसान : जिलाधिकारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलादाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के द्वारा काको रोड, स्थित संयुक्त कृषि भवन परिसर में जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण- सह-किसान मेला का विधिवत् उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं कृषि यंत्रों की चाभी प्रदान की गई।

कृषि यांत्रिकीकरण-सह-किसान मेला मे अपने सम्बोधन में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसान कम से कम जमीन में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए धान-गेहूं से हटकर कृषि विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य फसलों जैसे- स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न तथा उद्यानिक फसलों जैसे- ड्रैगन फ्रूट एवं जैविक सब्जी की खेती करें। उन्होंने आह्वान किया कि कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रगतिशील किसान अपने साथ-साथ अन्य किसानों को भी जागरूक करें। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान अनाज के मूल्य संवर्धन हेतु उसका प्रसंस्करण करें। अभी जिले की महिला किसान एवं जीविका से जुड़ी महिलाये मशरूम उत्पादन के साथ उसका अचार एवं अन्य उत्पाद बनाकर स्वरोजगार भी कर रही है। उन्होंने बताया कि किसान मेला का समापन किसानों से फीडबैक लेकर किया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषक हितकारी योजनाओं यथा-कृषि यांत्रिकीकरण, बिहार कृषि एप, प्राकृतिक खेती, फार्मर रेजिस्ट्री योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने किसानों से अपील किया कि अधिक से अधिक किसान अपना निबंधन करवाए ताकि उन्हे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलता रहे। मेला में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के स्टॉल के साथ-साथ कृषि यंत्र विक्रेताओं द्वारा कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों के बीच लोकगीतों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आत्मा द्वारा किसानों को प्रखंडों से वाहन बस द्वारा लाकर मेला में परिभ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त- डॉ प्रीति, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह एवं अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) राजीव कुमार, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र-गंधार- डॉ मुनेश्वर प्रसाद, वैज्ञानिक- डॉ मनोज कुमार, ई. जितेंद्र कुमार, डॉ निराला कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी- डॉ विनय कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी- अहमद अली रजा, डी. डी. एम. नाबार्ड- रजनीकान्त, जिला पोल्ट्री पदाधिकारी-रानी कुमारी, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण- अजय कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी- बीरेंद्र सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण- जावेद आलम, सहायक निदेशक, रसायन- श्वेता प्रिया, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण- प्रवीण कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा- राकेश कुमार, अनुप्रिति माला, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र- राम लखन ठाकुर, सहायक निदेशक शस्य- वर्षा एवं सहायक निदेशक बीज विश्लेषण- सत्यजीत कुमार के साथ- साथ- सभी प्रखंडों के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार के अलावा सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

### जिलाधिकारी ने की पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वयन संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# मुआवजा संबंधित शिकायतों के समाधान का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुंभकर ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वयन संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। जिलधिकारी गया द्वारा जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सी पी ग्राम, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, सीएम डैश बोर्ड में आये मामलों का निवारण, उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई। जिला जनता दरबार में पूर्व से प्राप्त आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा में शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, भूअर्जन विभाग, सामजिक सुरक्षा में कुछ मामले लंबित रहने पर तेजी से



निबटारा करवाने को कहा है। साथ ही जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कहा कि जनता दरबार में आने वाली मुआवजा संबंधित शिकायतों/ समस्याओं को हर हाल में तेजी से समाधान करवाये। डीएम के दैनिक जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निबटारा की समीक्षा में कहा कि जिन-जिन विभाग में अधिक मामला लंबित हैं, उन विभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से रुचि लेकर आवेदनों को निबटारा करवाने को कहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यालय में दैनिक जनता दरबार एवं शुक्रवारी जनता दरबार का रजिस्टर संधारित भी करे जिसमें अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या, आवेदनों की निबटारा की स्थिति आदि अंकित रखे। उन्होंने कहा कि 09 दिसंबर से लगातार हर दिन अलग अलग सभी विभागों में डीएम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा और जनता दरबार के आवेदनों की निबटारा की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा रेंडमली 5-10 आवेदकों को भी बुलाया जाएगा, उनसे मामले की निबटारा संबंधित जानकारी भी ली जाएगी। अपर समाहर्ता राजस्व शाखा को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 09 दिसंबर को की जाएगी। उप विकास आयुक्त कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 10 दिसंबर को की जाएगी। अंचल कार्यालय नगर एवं बोधगया को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 11 दिसंबर को की जाएगी। अपर समाहर्ता लोक शिकायत कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 12 दिसंबर को की जाएगी। जिला विधि शाखा कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 13 दिसंबर को की जाएगी। जिला शिक्षा कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 16 दिसंबर को की जाएगी। सभी अनुमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 17 दिसंबर को की जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक एवं समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय को प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों की समीक्षा 18 दिसंबर को की जाएगी।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का गृहनगर में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम कुमार तीन दिवसीय प्रवास पर पहली बार अपने गृह जिला जहानाबाद और कर्मभूमि गया पहुंचे। इस दौरान भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, चंद्रवंशी समाज, अतिपिछड़ा समाज तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया। जहानाबाद परिसदन में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मखदुमपुर बाजार के व्यवसायियों ने पुष्पगुच्छ और अभिनंदन पत्र देकर सम्मान व्यक्त किया। बेलागंज पहुंचने पर भी भाजपा और एनडीए समर्थकों ने स्वागत रैली निकाली। गया में प्रवेश के साथ ही स्वागत का दौर लगातार जारी रहा। रामशिला मोड़ पर पुष्पवर्षा और नारों के बीच स्वागत हुआ। इसके बाद तूतबाड़ी मोड़, दुखरनी मंदिर, टावर चौक पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पितामहेश्वर कोइरीबारी मोड़ पर लड्डू से तौल कर अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में भगत सिंह चौक पर शहीद-ए-



आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। चांद चौराहा मोड़, समीर तकिया दुर्गा स्थान मोड़, गेवालबीघा रोड, खालिस पार्क, रामपुर रोड दुर्गा मंदिर, आशा सिंह मोड़ सहित तय मार्ग पर जगह-जगह नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा का समापन गया सर्किट हाउस में हुआ। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक भावना, जनविश्वास और बिहार विधानसभा की गरिमा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि सदन की मर्यादा और लोकतांत्रिक परंपराएं सर्वोपरि रहे तथा वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध रहे। उन्होंने गया और जहानाबाद की जनता के विश्वास को अपनी ऊर्जा और प्रेरणा बताया। स्वागत कार्यक्रम में अधिवक्ता मुकेश शर्मा, पप्पू चंद्रवंशी, नीरज निश्चल, सुनील सिन्हा, विकास कुमार, वसंत परमार, पिंटू शर्मा, धीरू, मनीष कुमार सोनू, शंभू यादव, सूरज राणा, सागर सचदेवा, आदित्य वर्धन, राजनंदन गांधी, ऋषि लोहानी, अमित लोहानी, कृष्णा साहू और रौनक सेठ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सड़क जाम से परेशान हो रहे शेरघाटी के लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के थाना मोड़ के निकट इन दिनों वाहनों की भीषण जाम आम समस्या बनती जा रही है। एक ओर जहां प्रशासन द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर थाना मोड़ से प्रखंड कार्यालय तक आये दिन लंबी जाम लगने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम की स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि राहगीरों के साथ-साथ स्कूली छात्र, मरीज और नौकरीपेशा लोग भी घंटों फंसे रहते हैं। बताते चलें कि गया-डोभी मुख्य मार्ग पर टोल टैक्स से बचने के लिए भारी वाहनों का आवागमन अब शेरघाटी शहर के अंदर से बड़े पैमाने पर होने लगा है। इसके साथ ही कई सवारी बसें भी बिना परमिट के चालू हैं जिससे यातायात का दबाव और अधिक




बढ़ गया है। भारी ट्रकों और अवैध बसों के कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बन जा रही है। हालांकि पुलिस प्रशासन जाम को हटाने के लिए लगातार प्रयास करती नजर आती है। ट्रैफिक पुलिस और थाना की टीम मौके पर पहुंचकर वाहनों को नियंत्रित करने में जुटी रहती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं होने से कुछ ही समय बाद फिर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में नो-एंट्री का सख्ती से पालन नहीं होने के कारण भारी वाहनों का बेरोक-टोक प्रवेश हो रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ताकि शहरवासियों को इस रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके।

# मध्य विद्यालय बारा में लगी आग, महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के जमुआवा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय बारा में रविवार की देर रात आग लगने की घटना सामने आई है। सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों को घटना की जानकारी मिली। आग से स्कूल के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामान जलकर खाक हो गए। प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि अगलगी में दो कुर्सियां, सभी गोदरेज, गोदरेज में रखा पूरा रिकॉर्ड, छात्रों के नामांकन पंजी, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) रजिस्टर सहित वर्षों पुराना स्कूल का महत्वपूर्ण कागजात पूरी तरह जल गया। इतना ही नहीं, स्कूल में रखा चावल भी धुएं से खराब हो गया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कार्यालय कक्ष में ही वर्तमान एवं पूर्व वर्षों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाता था, जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुका है।

# ट्रक से चोरी की गए कॉस्मेटिक उत्पाद बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी क्षेत्र अपराधियों के लिए सेफ जोन साबित हो रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता से अपराधी पुलिस के हत्थे भी चढ़ रहे हैं। अपराधी अपराध को अंजाम देने के बाद टिकारी क्षेत्र को सेफ जोन मानते हुए चोरी किया गया माल व स्वयं को इसी क्षेत्र में ठिकाना लगा रहे हैं। टिकारी क्षेत्र में वर्तमान में पांच थाना क्रमशः टिकारी, मउ, पंचानपुर, अलीपुर, पुरा थाना संचालित है। ताजा मामला मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र से ट्रांसपोर्ट कम्पनी की ट्रक से चोरी की गई 78 लाख रुपये की कॉस्मेटिक उत्पाद से एक बार पुनः क्षेत्र का नाम चर्चा में आ गया। चोरी की गई माल को बिहार एसटीएफ की टीम ने टिकारी थाना क्षेत्र के सिंघापुर से बरामद किया। वहीं दो अपराधी भी गिरफ्तार किये गये।

**अब तक टिकारी क्षेत्र से चोरी गई सामान बरामद**

गया जिला के आमस टोल प्लाजा के समीप से टेलर पर लदा 10 लाख रुपये




की लागत के 40 टन सरिया की चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने चोरी गई सरिया को तत्कालीन मउ ओपी व वर्तमान में मउ थाना क्षेत्र स्थित संडा पेट्रोल पम्प के समीप से बरामद किया था। साथ ही महिमापुर निवासी चंदन कुमार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। झारखंड राज्य के रांची जिला अंतर्गत टाटा सिल्वे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मुहल्ले के रहने वाले रिटायर रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद के घर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों ने रुद्र नारायण प्रसाद के घर से 15 लाख नकदी व 35 लाख के जेवर की डकैती की थी। पुलिस ने उक्त घटना में अलीपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर ग्राम से कवींद्र महतो व मो. शाहनवाज व शादीपुर ग्राम से एक अपराधी को गिरफ्तार किया था। अपराधियों की निशानदेही पर लुटे गये नगदी व जेवर भी बरामद किया था।

17 सितंबर 2025 को असम से पटना के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से 78.32 लाख रुपये की लागत की कॉस्मेटिक उत्पाद भेजा गया था जिसे ट्रक मालिक के सहयोग से मुजफ्फरपुर जिला के कांटी थाना क्षेत्र से चोरी कर ली गई थी।

# बिजली चोरी मामले में लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में गुरारू के कनीय विद्युत अभियंता संजय चौधरी ने टीम के साथ डबूर गांव में छापेमारी कर आलोक पासवान के घरेलू परिसर में बिजली चोरी का मामला पकड़ा। जांच के दौरान पाया गया कि वे बिना वैध कनेक्शन लिए एलटी लाइन में टोका फंसाकर अवैध रूप से विद्युत उपयोग कर रहे थे। इस पर विभाग की ओर से 10,566 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी क्रम में कनौसी पंचायत के सोनडीहा गांव से एलटी पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर कनीय अभियंता ने जांच की तो पता चला कि अज्ञात वाहन की टक्कर से पोल एवं विद्युत सामग्री को नुकसान पहुंचा है जिससे विभाग को लगभग 16 हजार रुपये की क्षति हुई है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने सोमवार को बताया कि दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी ओर प्रखंड के कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में सरबहदा गांव में की गई छापेमारी के दौरान बिजली चोरी के दो मामले पकड़े गए। टीम ने मनोज कुमार गौतम के घरेलू परिसर में जांच की तो पाया कि उनके पास वैध कनेक्शन होने के बावजूद एलटी लाइन में टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग किया जा रहा था। विभाग ने इस पर 23,454 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# परसावां पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर बैठक, नली-गली और सोख्ता पर रहा जोर


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पंचायतीराज विभाग, पटना एवं जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में सोमवार को दोपहर एक बजे ग्राम पंचायत परसावां के शेखबिगहा स्थित सामुदायिक भवन में पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया दिलीप कुमार ने की। इसमें पंचायत सचिव प्रीतेश कुमार, कार्यपालक सहायक हिमांशु सिन्हा, लेखापाल सुबेश कुमार सोनी, पंचायत सरपंच अखिलेश दास के साथ सभी वार्ड सदस्य व



स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न वार्डों से आए ग्रामवासियों ने विकास से जुड़ी कई आवश्यकताओं पर चर्चा की। सुझावों के आधार पर नाली निर्माण, गली सुधार और सोख्ता निर्माण जैसी मूलभूत आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि चयनित कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर ग्रामीण सुविधाओं में सुधार लाया जाएगा।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
## आवश्यक सूचना।
## (नोटिस)


Form no- 5 (See Section 84 of the BNSS-2023)

IN THE COURT OF SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE FIRST CLASS, GARHWA

BHANDARIYA P.S CASE NO- 64 of 2021

TO,
The Officer Incharge of Bhandariya P.S

WHEREAS Complaint has been made before me that the accused Sanjay Lohra , S/o- Palo Lohra has committed (or is suspected to have committed) the offence... Punishable under section- 387 of the IPC, and Section- 17 of CLA ACT. and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said _accused__ cannot be found ;and whereas it has been shown to my satisfaction that the said _accused - has absconded ( or is concealing himself to avoid the service of said warranty.)

Proclamation is hereby made that the said accused -Sanjay Lohra , S/o- Palo Lohra , R/o- Badhwar , P.S- Bhandariya, Distt-of -GARHWA is required to appear at- Garhwa , Civil Court, In the Court of Sri NARENDRA KUMAR, J.M. 1st Class At GARHWA (BEFORE ME) - to answer the said complaint on the 19th day of December 2025

Dated - the 06-11-2025

Seal of court

( SIGNATURE )
NARENDRA KUMAR
J.M.1st Class,Garhwa
ID-JHO0675

नाम–(1) संजय लोहरा, पिता–पालो लोहरा, पता–बघवार, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–64/2021, दिनांक–01.07.2021 धारा–387, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–06.11.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–14.11.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–19.12.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–19.12.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 367929 Police(25-26)D

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।


# 24 किसानों को लेकर पुणे गये दो प्रसार पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** कृषि विभाग, गया अन्तर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), गया द्वारा जिला के 24 किसानों को 02 प्रसार पदाधिकारी उदय भानु सिंह एवं दुर्गेश सिंह भदौरिया की देखरेख में पुणे महाराष्ट्र में भारत की सबसे बड़ी प्रदर्शनी ''किसान'' में भाग लेने के लिये भेजा गया। संजीव कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, गया ने गया जी जंक्शन से 26 सदस्यों के दल




को हरी झण्डी दिखा कर पुणा (महाराष्ट्र) के लिये राज्य के बाहर परिभम्रमण के लिये भेजा। किसान 10 से 13.12.2025 तक पुणे में लगे किसान प्रदर्शनी में भ्रमण के साथ ही राजगुरुनगर में स्थित प्याज एवं लहसुन शोध संस्थान, हाईटेक फ्लॉवर सिटी, महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर प्रगतिशील किसानों के द्वारा अपनायी गई उन्नत तकनीकों देखेंगे एवं सीखेंगे। 13.12.2025 को किसान पूना से वापसी की ट्रेन पकड़कर 15.12.2025 की भोर में गया वापस लौटेंगे। आत्मा के द्वारा किसानों को राज्य के बाहर परिभ्रमण कार्यक्रम में भागीदारी कराने के लिये रेल आरक्षण, ठहरने, जलपान भोजन सहित स्थानीय भ्रमण पर होने वाले खर्च का वहन किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के अलग-अलग स्थानों पर किसानों के द्वारा खेती में अपनाये जाने वाली उन्नत तकनीकों को देखकर एवं समझकर अपने खेतों में उनक तकनीकों को उतारना है।

आज रवाना किये गये किसानों में बेलागंज से श्री राजेश केवट, बाराचट्टी से श्री उत्तम प्रसाद, परैया से राजीव कुमार, बांकेबाजार से रंजन कुमार पासवान, टनकुप्पा से अनिल कुमार मेहता सहित अलग-अलग प्रखण्डों कुल 24 किसान भाग लेने के लिये प्रस्थान किये।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने नगर में निकाली ज्योति कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शांति कुंज के तत्वाधान में गायत्री परिवार हापुड़ द्वारा रविवार को नगर में भव्य ज्योति कलश रथ यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा फ्री गंज रोड स्थित रेलवे पार्क से शुरू होकर स्वर्ग आश्रम रोड स्थित कांति प्रसाद की धर्मशाला पर संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। डा.चिन्मय पंड्या ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक एवं संरक्षक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 1926 में अखंड दीप जलाकर युग परिवर्तन के लिए साधना प्रारंभ की थी, उनकी तब साधना एवं अखंड दीप के 23 जनवरी 2026 को 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

# 350 भिक्षुओं ने विनयपिटक का किया सस्वर पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग समारोह के सातवें दिन सोमवार को नेपाल के भिक्षु संघ तथा इंटरनेशनल भिक्षु संघ ने संयुक्त रूप से त्रिपिटक की गाथाओं का पठन किया। कालचक्र मैदान के मुख्य पंडाल में सुबह आठ बजे से नेपाल के भिक्षु संघ तथा अंतरराष्ट्रीय भिक्षु संघ के लगभग 350 भिक्षुओं ने एक साथ पाली में विनयपिटक की चुनिंदा गाथाओं का मधुर सामूहिक पठन किया। यह पठन दो घंटे तक चला। पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालु भाव-



विभोर होकर सुनते रहे। दोपहर में 12 देशों के डॉक्टर्स की ओर से मेत्ता आनंद फाउंडेशन के माध्यम से कालचक्र मैदान में दी जा रही मुफ्त वैद्यकीय सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। मेत्ता आनंद फाउंडेशन 2017 से लोगों को मुफ्त में चिकित्सा शिविर के माध्यम से वैद्यकीय सेवाएं प्रदान करता है। मेत्ता आनंद फाउंडेशन के तहत 12 देशों (भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, म्यांमार, वियतनाम, कम्बोडिया, लाओस, मलेशिया, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया एवं जर्मनी) के 47 डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ को शॉल, बुद्ध मूर्ति एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि वांग्मो डिक्से (लद्दाख) तथा रिचर्ड डिक्से तथा आइटीसीसी के चेयरमैन भंते संघसेना ने यह सम्मान प्रदान किया। कालचक्र मैदान में कर्नाटक के डॉ आंबेडकर मेमोरियल सेंटर, स्फूर्तिधाम बेंगलुरु की ओर से बुद्ध द लाइट ऑफ वर्ल्ड महानाट्य का मंचन हुआ। इस महानाट्य के निर्माता एस मारीस्वामी थे।


GOVT. OF BIHAR

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo)**

*Advt. No.-* BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/26 Dated : 08.12.2025

**Notice for Stray Vacancy Round-2 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(PG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-2 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling PGMAC(Homeopathy)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 26.09.2025 , 2025/15 dated 05.11.2025 & 2025/21dated 24.11.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year PG Ayush Courses (MD [Homeo]) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Homeopathy)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round counselling held from 05.12.2025 to 06.12.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/25 Dated 08.12.2025 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round-2 Counselling. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.** Presently there is no any vacancy in Govt. Homoeopathic College.
3. **Stray Vacancy Round-2 Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 09.12.2025 and close on 14.12.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of PGMAC(Homeopathy)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/25 Dated 08.12.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**

संपादकीय

# क्या ईरान की जल-त्रासदी से सबक लेगा भारत?

ईरान आज उस संकट से गुजर रहा है, जिसे विशेषज्ञ वॉटर बैंकरप्सी कहते हैं। राजधानी तेहरान में लोग मस्जिदों में एक महीने से सिर्फ पानी की दुआ कर रहे हैं। देश के बड़े बांध लगभग खाली हैं। नदियां सूख चुकी हैं और जमीन हर वर्ष 20-25 सेंटीमीटर धंस रही है। यह किसी प्राकृतिक आपदा का नहीं, बल्कि दशकों से चले आ रहे नीतिगत भूलों, गलत प्राथमिकताओं और जल-प्रबंधन की पूर्ण विफलता का परिणाम है। ईरान की त्रासदी केवल उसकी नहीं है, वह दुनिया के हर ऐसे देश के लिए दर्पण है, जो जल-संक्रमण, भूजल-अतिदोहन और अनियोजित शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। दुर्भाग्य से भारत इस सूची में सबसे ऊपर खड़ा है। विश्व बैंक लगातार चेतावनी देता रहा है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से भूजल खाली कर रहा है। दुनिया के कुल भूजल दोहन का 25 प्रतिशत अकेला भारत करता है। एक ऐसा आंकड़ा जो किसी भी देश को बेचैन कर देना चाहिए, लेकिन व्यवहार में यह चिंता शायद ही कहीं दिखाई देती है। भारत की 60-70 प्रतिशत पेयजल व्यवस्था और लगभग 40 प्रतिशत सिंचाई भूजल पर टिकी है। जल विज्ञानियों का मत साफ है, यह संरचना न तो टिकाऊ है और न ही सुरक्षित। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट भी कहती है कि भारत के 21 बड़े शहर वर्ष 2030 तक भूजल-विहीन हो सकते हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद पहले ही उच्च जोखिम की श्रेणी में पहुंच चुके हैं। ईरान की तरह ही भारत ने भी शहरी विस्तार को पानी की उपलब्धता से ऊपर रखकर देखा है। शहर बढ़ते गए, पर जल-स्रोत स्थिर रहे या बदतर, घटते गए। भारत की कृषि का स्वरूप भी जल-संकट की बड़ी वजह है। पंजाब और हरियाणा में धान, महाराष्ट्र में गन्ना और राजस्थान में कपास, ये फसलें उसी तरह जल-अनुकूल नहीं हैं, जैसे ईरान की सूखी जमीनें। ईरान ने अपनी पारंपरिक 'कनात प्रणाली' को त्याग दिया और इंजीनियरिंग-प्रधान, वैज्ञानिक ज्ञान से दूर मॉडल अपनाया, जिसका परिणाम आज विनाश के रूप में है। भारत में भी हजारों वर्षों से पानी का जो स्थानीय ज्ञान था, जोहड़, बावड़ी, तालाब, वे तेजी से खत्म हुए। अंतरराष्ट्रीय जल विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि वर्षाजल का संरक्षण भारत में अत्यंत कम है। केवल 8-10 प्रतिशत। यह ठीक उसी तरह है, जैसे ईरान पानी में डूबकर भी प्यासा रहा। भारत के स्वयंसेवी संगठन लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि देश के पारंपरिक जल-स्रोत खत्म हो रहे हैं। नदियां अपना प्राकृतिक बेस-फ्लो खो रही हैं और भूजल को असीमित संसाधन समझने की मानसिकता समाज में गहराई से बैठ चुकी है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का वाक्य विशेष रूप से चिंताजनक है, 'भारत जिस गति से भूजल खत्म कर रहा है, उसकी पूर्ति उतनी तेज़ी से कभी नहीं हो सकती।' संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और वर्ल्ड बैंक वाटर काउंसिल का आकलन भी ऐसा ही है। भारत की जल समस्या मौसम, आबादी या विकास का परिणाम भर नहीं, बल्कि जल प्रबंधन के प्रति उपेक्षा का परिणाम है। दरअसल, ईरान का संकट सिर्फ कम बारिश से नहीं आया। वह इसलिए आया, क्योंकि देश ने जल-विज्ञान की अनदेखी की। स्थानीय ज्ञान को भुला दिया। नदियों और भूजल को इंजीनियरिंग के माध्यम से मजबूर करने की कोशिश की। पानी को राजनीतिक एवं आर्थिक हितों का उपकरण बना दिया। यह वही गलतियां हैं, जिनकी ओर भारत के लिए भी लगातार चेतावनी दी जा रही है। भारत के पास एक लाभ यह है कि देश में जल आंदोलनों की शक्ति अभी भी जीवित है। समाज में पर्यावरण चेतना बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत में जल प्रबंधन को सुधारने के लिए साझेदारी कर रही हैं। यहीं भारत ईरान से अलग राह चुन सकता है, यदि चेतावनी को गंभीरता से लिया जाए। भारत को जल सुरक्षा की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। ईरान बताता है कि जल-संकट किसी देश को सिर्फ प्यासा नहीं बनाता, वह उसके गांवों को उजाड़ देता है, शहरों को अस्थिर करता है, सामाजिक तनाव बढ़ाता है, और अंततः अर्थव्यवस्था और शासन को हिला देता है। ईरान की आंखों में आज जो भय है, वह भविष्य की वह तस्वीर है, जो किसी भी राष्ट्र को डरा सकती है। भारत के पास आज भी समय है, लेकिन यह समय अनंत नहीं। जल पृथ्वी पर सबसे सरल सत्य है या तो इसे बचाओ या इसके बिना जीने की तैयारी करो। भारत किस राह को चुनता है, यह आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा।

# लेफ्ट और राइट में उलझा यूरोप किधर जाएगा?

**'सेंटर लेफ्ट' (वाममार्गी) का लम्बा अनुभव और वृहद आधार, अथवा कुछ और? आखिर वे फिर सेंटर लेफ्ट की ओर क्यों लौटे? ध्यान रहे कि नीदरलैंड में गीर्ट वाइल्डर्स के नेतृत्व वाली 'फ्रीडम पार्टी' को 2023 में इसलिए अवसर मिला क्योंकि डच जनता परंपरागत मध्यमार्गी (सेंटर लेफ्ट) की राजनीति से थक चुकी थी. लेकिन वाइल्डर्स की पार्टी के पास वास्तविक समस्याओं- जैसे अप्रवासन संकट और आवास संकट, का कोई ठोस समाधान नहीं था. परिणाम यह हुआ कि डच मतदाता रॉब जेटेन जैसे युवा की डेमोक्रेटिक 66 (डी 66) की ओर मुड़ गए. रॉब जेटेन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के 'यस वी कैन' से प्रेरित होकर अपने देश के मतदाताओं को भरोसा दिला रहे थे- 'यह संभव है.' यही नहीं उन्होंने गीर्ट वाइल्डर्स की उस राजनीति को भी प्रभावी चुनौती दे दी जो इमिग्रेशन और इस्लाम-विरोध पर टिकी थी. ऐसा क्यों हुआ? क्या इमिग्रेशन यूरोप के लिए कोई प्रभावी या चिंताजनक विषय नहीं है? या फिर यूरोप का दक्षिणपंथ सिर्फ इसी पर ठिठक कर रह गया है जबकि लोगों की आवश्यकताएं इससे अलग हैं?**

**रहीस सिंह**




वैचारिक और तकनीकी विकास के अर्थों में आज के यूरोप को देखने की कोशिश करते समय न जाने क्यों वह यूरोप नहीं दिखता जो वाल्तेयर और इरासमस सहित बहुत से विचारवादियों और अनुसंधानकर्ताओं की खोजों की बुनियाद पर खड़ा था. वह पुनर्जागरण के उस बुद्धिमत्तावाद से निर्मित हुआ था जिसमें एक 'नए मानव' (न्यू मैन) और एक 'नई दुनिया' (न्यू वर्ल्ड) की खोज की ताकत थी. शायद उसी के दम पर उसने पूरी दुनिया पर कई सदियों तक शासन किया और दीर्घकालिक प्रभाव को संसार के मानस पटल पर छोड़ा. लेकिन अब वही यूरोप द्वंद्वों का शिकार दिख रहा है.

हालांकि अभी भी उसमें नवाचार की चाह दिख रही है लेकिन कंजरवेटिज्म उस पर प्रभावी होता जा रहा है. उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में नई प्रतिस्पर्धा की महत्वाकांक्षा तो दिख रही है लेकिन वह 'फार राइट' (दक्षिण पंथ) और 'सेंटर लेफ्ट' (मध्य मार्ग) के संघर्ष में उलझ गया है. यूरोप से प्रकाशित एक अखबार को पढ़ते समय एक संदर्भ में आयरिश लेखक डब्ल्यू. बी. यीट्स की पुस्तक 'द सेकंड कमिंग' की उन पंक्तियों का जिक्र मिला जिनमें आज भी यूरोप के विश्लेषक सूत्र खोजने की कोशिश कर रहे हैं. विशेषकर तब, जब वहां कोई राजनीतिक संकट उभर कर सामने आता है.

आजकल भी उनकी लिखी ये पंक्तियां वहां दोहराई जाती दिखीं- 'सब कुछ बिखर रहा है, केंद्र को थामे रहना मुश्किल है.' इसके साथ ही उनकी कविता की एक पंक्ति और लिखी थी जिसमें कहा गया है- 'सबसे अच्छे लोग अपने विश्वास को खो चुके हैं और सबसे बुरे लोग पूरी ऊर्जा से भरे हुए हैं.' तो क्या सच में आज के यूरोप की राजनीति का यही हाल है? या फिर यीट्स की ये पंक्तियां अपने पूर्वानुमानों में बहुत सी खामी समेटे हुए हैं? यह तो सभी ने देखा ही होगा कि जिस ब्रिटेन के लोग कुछ साल पहले तक सेंटर-लेफ्ट लेबर पार्टी के 'क्वासी नेशनलिस्ट' और 'क्वासी लिबरल' एप्रोच को खारिज कर रहे थे, उन्होंने ही आखिर में कंजरवेटिव्स के राष्ट्रवाद से मुंह मोड़ लिया. आखिर क्यों? वे ठीक 180 डिग्री कैसे घूम गए? यही सवाल अब नीदरलैंड को देखकर भी किया जा रहा है, जहां हाल ही में हुए चुनाव में डच मतदाताओं ने यूरोप के परंपरागत मध्यमार्गी दलों की समस्याओं को उजागर किया.

गौर से देखें तो नीदरलैंड के मतदाताओं ने, जो मुख्यधारा के दलों से निराश और क्रोधित थे, उन्होंने उन उम्मीदवारों की ओर रुख किया जो 'सिस्टम-विरोधी' छवि पेश करते हैं जिसके कारण अतिवादी शक्तियां (रेडिकल फ्रिंजेज) वोट बटोर ले जाती हैं. लेकिन जब फार राइट्स (दक्षिणपंथ) वाले दल सत्ता आए तो जनता कुछ ही दिनों में उनसे दूर होने लगी. इस मोहभंग का असल कारण क्या है?

'सेंटर लेफ्ट' (वाममार्गी) का लम्बा अनुभव और वृहद आधार, अथवा कुछ और? आखिर वे फिर सेंटर लेफ्ट की ओर क्यों लौटे? ध्यान रहे कि नीदरलैंड में गीर्ट वाइल्डर्स के नेतृत्व वाली 'फ्रीडम पार्टी' को 2023 में इसलिए अवसर मिला क्योंकि डच जनता परंपरागत मध्यमार्गी (सेंटर लेफ्ट) की राजनीति से थक चुकी थी. लेकिन वाइल्डर्स की पार्टी के पास वास्तविक समस्याओं- जैसे अप्रवासन संकट और आवास संकट, का कोई ठोस समाधान नहीं था. परिणाम यह हुआ कि डच मतदाता रॉब जेटेन जैसे युवा की डेमोक्रेटिक 66 (डी 66) की ओर मुड़ गए.

रॉब जेटेन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के 'यस वी कैन' से प्रेरित होकर अपने देश के मतदाताओं को भरोसा दिला रहे थे- 'यह संभव है.' यही नहीं उन्होंने गीर्ट वाइल्डर्स की उस राजनीति को भी प्रभावी चुनौती दे दी जो इमिग्रेशन और इस्लाम-विरोध पर टिकी थी. ऐसा क्यों हुआ? क्या इमिग्रेशन यूरोप के लिए कोई प्रभावी या चिंताजनक विषय नहीं है? या फिर यूरोप का दक्षिणपंथ सिर्फ इसी पर ठिठक कर रह गया है जबकि लोगों की आवश्यकताएं इससे अलग हैं?

जहां तक इमिग्रेशन का प्रश्न है तो काफी समय पहले जर्मनी से प्रकाशित होने वाले दैनिक मेनहाइमर मॉर्गन ने लिखा था-जर्मनी और यूरोप में बड़े पैमाने पर हो रहा आप्रवासन सिर्फ राष्ट्रीय समस्या नहीं है बल्कि यूरोप में लोगों की एकजुटता को भी खतरे में डाल रहा है. तो यह प्रश्न भी उठा कि क्या सच में 'ब्रेड, बाथ और बेड' की न्यूनतम चाहत वाले शरणार्थी अपनी अभिशप्त जिंदगियों को जीने के लिए विवश हैं और यूरोप की जमीन पर अपनी खोई हुई जिंदगियों की तलाश कर रहे हैं अथवा उनके पीछे कोई ऐसी ताकत काम कर रही है जो यूरोप की एकजुटता के लिए खतरा है. यह संकट असली है या बस फोबिया है?

केवल फोबिया तो नहीं हो सकता. विएना के आतंकी हमले और यूरोप के अन्य भागों में हो रही ऐसी घटनाएं फोबिया नहीं हो सकतीं बल्कि यूरोपीय मन पर गहरा प्रभाव और उसकी परम्परागत जीवन-शैली में विघ्न डालने वाली घटनाएं हैं. संभवतः यूरोप में 'फार राइट' का उभार इसी की देन है. ध्यान रहे कि पोप बेनेडिक्ट 16वें ने काफी पहले जर्मनी के एक विश्वविद्यालय में भाषण देते हुए कहा था कि यूरोप अपने भविष्य में आस्था खो रहा है क्योंकि वह खुद को इतिहास से मिटाने के रास्ते पर चल पड़ा है. लेकिन कब से? उससे कुछ पहले से या बहुत पहले से? जिस चिंता से पोप बेनेडिक्ट 16वें ग्रस्त थे वही चिंता तो फ्रांसीसी उपन्यासकर मीशेल वेलबेक के 'सबमिशन' में भी दिखी थी. वही कभी डोनाल्ड ट्रम्प व्यक्त करते दिखे तो कभी इमैनुएल मैक्रों या अन्य यूरोपीय नेता. लेकिन हुआ क्या? आखिर पूरे यूरोप और अमेरिका में 'फार राइट्स' प्रायः व्यक्तिवादी क्यों दिखाई देते हैं? पर्सनैलिटी कल्ट उनके लिए प्रमुख क्यों है? यह उनकी ताकत है या उनकी कमजोरी का प्रतीक? क्या अभी तक वे उस विचार का विकल्प तलाश पाए हैं जिसने यूरोप से लेकर यूरोपीय यूनियन तक का निर्माण किया?

फिलहाल यूरोपीय राजनीति में 'फार राइट' फिर 'सेंटर लेफ्ट' और फिर... का सिलसिला एक पैटर्न बनता दिख रहा है, कारण चाहे कुछ भी हों. नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, पोलैंड, इटली, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे देश इन्हीं लहरों के सहारे आगे बढ़ रहे हैं. लेकिन वहां अभी किसी 'अपराजेय संयोजन' (अनबीटेबल कॉम्बिनेशन) की संभावना पूरी होती नहीं दिखी.

अध्यात्म

## हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए



गौतम बुद्ध एक बार अपने शिष्यों को उपदेश दे रहे थे। उनके शिष्यों में एक ऐसा शिष्य भी था जो किसी से कोई बात नहीं किया करता था। शांति बैठ जाया करता था। कुछ शिष्यों ने गौतम बुद्ध से एकांत में रहने वाले इस शिष्य की शिकायत कर दी। यहां पढ़ें गौतम बुद्ध की खास सीख। गौतम बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनके शिष्यों में से एक शिष्य ऐसा भी था जो किसी से ज्यादा बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान देता था। काम पूरा होने के बाद वह एकांत में चला जाता और ध्यान में बैठ जाया करता था। कुछ शिष्यों ने गौतम बुद्ध से एकांत में रहने वाले इस शिष्य की शिकायत कर दी। जब धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी, तब बुद्ध ने सोचा कि उससे बात करनी चाहिए। एक दिन उस शिष्य से बुद्ध ने पूछा,'तुम अन्य शिष्यों से ऐसा व्यवहार क्यों करते हो? सभी शिष्य तुम्हारी शिकायत कर रहे हैं।' शिष्य ने ध्यान से महात्मा बुद्ध की बात सुनी, फिर क्षमा प्रार्थना के स्वर में उनसे बोला, 'तथागत, मैंने यह तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा?'उस शिष्य की ये बातें सुनकर बुद्ध को भी आश्चर्य हुआ। वह उसका आशय तो तत्काल समझ गए, उसकी साधना और लगन की गहराई से प्रभावित भी हुए, लेकिन उससे कुछ और नहीं बोले। उसके जाने के बाद बुद्ध ने अन्य शिष्यों को समझाया, 'तुम सबने इस एकांतप्रिय शिष्य की गलत शिकायत की है। तुम लोगों ने उसे जाने बिना उसके बारे में अपनी गलत राय बना ली। तुमने देखा कुछ और, समझा कुछ और। हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। पहले उस व्यक्ति से मिलें, उसकी गतिविधियों को देखें। हो सके तो उससे संवाद के जरिए उसकी गतिविधियों के पीछे के भाव को समझें। उसकी बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।' बुद्ध की बातें सुनकर सभी शिष्यों को अपनी गलती पर पश्चाताप हुआ। उन सभी ने एकांतप्रिय शिष्य से माफी भी मांगी।

# प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ता भारत

**इसी साल अगस्त में तमिलनाडु के किसानों का एक समूह मुझसे मिलने आया। बातचीत के दौरान उन किसानों ने खेती में उत्पादकता व निरंतरता बढ़ाने के लिए वे कैसे नई-नई तकनीक अपना रहे हैं, इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती पर आयोजित एक सम्मेलन का मुझे न्योता दिया। न्योता स्वीकार करते हुए मैंने उनसे वादा किया कि मैं अवश्य आपके बीच आऊंगा। इसलिए, 19 नवंबर को मैं 'साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025' में शामिल होने के लिए मनोरम शहर कोयंबटूर में था। एक ऐसा शहर, जिसे एमएसएमई की रीढ़ माना जाता है, प्राकृतिक खेती पर एक बड़े सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था।**

**निर्भय सिंह**

जैसा कि हम सब जानते हैं, प्राकृतिक खेती भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और आधुनिक पारिस्थितिकीय सिद्धांतों से प्रेरित है, ताकि कृत्रिम रसायनों के इस्तेमाल के बिना फसलें उगाई जा सकें। यह प्रणाली अलग तरह के खेतों को बढ़ावा देती है, जिनमें पेड़-पौधे और जानवर एक साथ रहते हैं, ताकि प्राकृतिक जैव-विविधता को मदद मिल सके। यह तरीका कृषि अपशिष्ट को रीसाइकिल करने और मल्चिंग व एरेशन (खर-पतवार की परत से खुली मिट्टी को ढकने व छोटे-छोटे छेदों के जरिये जड़ों तक हवा-पानी पहुंचाने की विधि) के जरिये मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाने पर आधारित है।

कोयंबटूर का वह सम्मेलन हमेशा मेरी यादों का हिस्सा रहेगा! इसने मुझे बताया कि हमारे किसानों की सोच में, उनकी कल्पनाओं में और उनके आत्मविश्वास में जबर्दस्त बदलाव आया है और इनकी सहायता से हमारे किसान और कृषि उद्यमी खेती-किसानी का भविष्य संवार रहे हैं। इस सम्मेलन में तमिलनाडु के किसानों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिला। प्राकृतिक खेती के लिए वे जैसी कोशिशें कर रहे हैं, उनको सुनकर मैं हैरान रह गया! इसमें अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग, जिनमें कृषि विज्ञानी, कृषि उत्पादक संगठन के नेता, पहली पीढ़ी के ग्रेजुएट, पारंपरिक किसान और कई ऐसे खास लोग शामिल थे, जिन्होंने कॉरपोरेट जगत के ऊंचे वेतन वाली नौकरियां छोड़कर अपनी जड़ों की ओर लौटने व प्राकृतिक खेती करने का फैसला किया है। इस सम्मेलन में मैं ऐसे-ऐसे लोगों से मिला, जिनकी जिंदगी का सफर और कुछ नया करने का जज्बा देखने लायक था।

वहां मुझे एक ऐसा किसान मिला, जो लगभग 10 एकड़ के भूखंड में केले, नारियल, पपीता, मिर्च और हल्दी उगाता है। इसके साथ ही वह 60 देसी गाय, 400 बकरियां और देसी मुर्गियां भी पालता है। एक किसान ने तो मपिल्लई सांबा और करुप्पु कवुनी जैसी चावल की देसी किस्में बचाने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। उसका पूरा फोकस हेल्थ मिक्स, मुरमुरे, चॉकलेट और प्रोटीन बार जैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों पर है। अपने परिवार का पहला स्नातक एक नौजवान 15 एकड़ में पसरे अपने खेतों में प्राकृतिक खेती कर रहा है। वह हर महीने लगभग 30 टन सब्जियां आपूर्ति कर रहा है और उसने अब तक 3,000 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित किया है। कुछ लोगों ने, जिनका अपना कृषि उत्पादन संगठन है, साबूदाने का उत्पादन करने वाले किसानों की मदद की है और कसावा आधारित उत्पादों को बायो-इथेनॉल व कम्प्रेस्ड बायोगैस के टिकाऊ कच्चे माल के तौर पर बढ़ावा दिया है।

जिन कृषि उद्यमियों से मैं मिला, उनमें एक बायो-टेक्नोलॉजी पेशेवर भी थे। उन्होंने समुद्री शैवाल पर आधारित बायो-फर्टिलाइजर कंपनी शुरू की है, जिसमें तटीय जिलों के 600 मछुआरों को काम मिला है; दूसरे उद्यमी ने पोषक तत्वों से भरपूर बायोएक्टिव बायोचर बनाया है, जो मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाता है। इन दोनों ने दिखाया कि 'साइंस' और 'सस्टेनेबिलिटी' कैसे आसानी से मिल सकते हैं।



कोयंबटूर के इस सम्मेलन में मैं जिन लोगों से मिला, वे सभी अलग-अलग पृष्ठभूमि के थे, लेकिन उन सबमें एक बात समान थी और वह थी, मिट्टी की सेहत, निरंतरता, सामुदायिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और काम करने की गहरी भावना। व्यापक रूप से देखें, तो भारत ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में काफी तरक्की की है। पिछले साल, भारत सरकार ने 'नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग' की शुरुआत की, जिससे लाखों किसान पहले ही जुड़ चुके हैं। पूरे देश में हजारों हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती हो रही है। सरकार की कोशिशों ने भी, जैसे निर्यात को प्रोत्साहन, किसान क्रेडिट कार्ड (पशुधन और मछली पालन के लिए भी) और पीएम-किसान योजना के जरिये संस्थागत ऋण के विस्तार ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने में मदद की है।

श्रीअन्न या मिलेट्स को बढ़ावा देने की हमारी कोशिशों से भी प्राकृतिक खेती करीब से जुड़ी हुई है। मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि महिला किसान बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को अपना रही हैं।

पिछले कुछ दशकों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों पर बढ़ती निर्भरता ने मिट्टी की उपजाऊ शक्ति, नमी और लंबे समय तक कायम रहने वाली उसकी निरंतरता पर असर डाला है। साथ ही, खेती की लागत भी लगातार बढ़ी है। प्राकृतिक खेती इन सभी चुनौतियों का समाधान करती है। पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और मल्चिंग का इस्तेमाल मिट्टी की सेहत की रक्षा करता है, रसायनों के असर को कम करता है और लागत को कम करता है, साथ ही जलवायु परिवर्तन व बदलते मौसम के पैटर्न के विरुद्ध यह ताकत भी बनता है। मैंने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे 'एक एकड़, एक सीजन' से शुरुआत करें। खेत के एक छोटे से हिस्से से भी मिलने वाले नतीजे आपका आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और इसे बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए आपको प्रेरित कर सकते हैं। जब पारंपरिक ज्ञान, वैज्ञानिक मान्यता व संस्थागत मदद साथ आ रहे हैं, तो प्राकृतिक खेती मुमकिन और परिवर्तनकारी बन सकती है।

मैं आप सबसे अपील करता हूं कि आप प्राकृतिक खेती के बारे में सोचें। आप इस क्षेत्र से संबंधित स्टार्टअप के बारे में भी पता लगा सकते हैं। कोयंबटूर में किसानों, विज्ञान, उद्यमिता और सामूहिक कार्रवाई में जो तालमेल दिखा, वह वाकई प्रेरणा देने वाला था। मुझे यकीन है कि हम सब मिलकर अपनी खेती और उससे जुड़े क्षेत्रों को उत्पादक और टिकाऊ बनाते रहेंगे। अगर आप प्राकृतिक खेती पर काम करने वाली किसी टीम को जानते हैं, तो मुझे भी जरूर बताएं!

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। व्यापार के लिये उधार लेना चाहते हैं तो दस्तावेजों का सावधानी से अध्ययन करें। टीमवर्क के कारण कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**वृषभ**
आय में वृद्धि होने से काम में मन लगा रहेगा। उन्नत तकनीक पर कार्यरत लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। घर में मौजमस्ती का वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
अनचाहे खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आपकी थोड़ी सी सावधानी बड़ी सफलता के मार्ग खोल सकती है। मन में कुछ अज्ञात भय सा रहेगा।

**कर्क**
छोटे व्यापारियों के लिये दिन काफी अच्छा है। सूझबूझ के कारण मुश्किल डील आसानी से अर्जित कर लेंगे। विरोधी आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे।

**सिंह**
आज सभी कार्य समय पर पूर्ण होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। सहकर्मी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी और बच्चों के प्रति आज का दिन समर्पित रहेगा।

**कन्या**
मन में आत्मविश्वास की कमी रहेगी। बड़ी कम्पनी में जॉब कर रहे लोग अपने काम से असन्तुष्ट हो सकते हैं। आज आपको घर पर आराम करना चाहिये।

**तुला**
सादा और सात्विक आहार ही लें। किसी पर भी आँख-मूँदकर विश्वास न करें। मित्रों के साथ रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। हर स्थिति में धैर्य बनाये रखें।

**वृश्चिक**
दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। पुराने दोस्तों के साथ इन्टरनेट पर मुलाकात हो सकती है।

**धनु**
आपकी सोच में सकारात्मकता रहेगी। किन्तु झूठ बोलने के कारण परेशानी झेलनी पड़ेगी। नौकरी में बदलाव करने के अवसर मिल सकते हैं। शत्रुओं के षड्यन्त्र विफल हो जायेंगे।

**मकर**
बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। पुराने रोग पुनः उभर सकते हैं। बुद्धिमान मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। सम्पत्ति को लेकर चल रहे विवादों का निपटारा होगा।

**कुंभ**
आज आपको काम की अधिकता हो सकती है। टूटे हुये सम्बन्धों को दोबारा जोड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सम्पत्ति के मामलों में धन निवेश सावधानीपूर्वक ही करें।

**मीन**
अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकता है। धन सम्बन्धी परेशानियों का निराकरण हो सकता है। प्रियजनों के सम्बन्ध में कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

## गौरीचक थाना पुलिस की विशेष शराब छापामारी में 5 अभियुक्त गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र में शराब के अवैध निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है.गौरीचक थाना पुलिस ने विशेष शराब छापामारी अभियान के दौरान ग्राम चिपुराकला में बलेश्वर मांझी, चन्दन कुमार और गायत्री देवी को 95 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तथा ग्राम सपहुआ के पप्पू मांझी और मुस्तफापुर के टुटु मांझी को 30 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है. कुल पाँच अभियुक्तों को पकड़कर पुलिस ने विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है.

## ईद की छुट्टियां दो से तीन दिन बढ़ाने की मांग की



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमारत ए शरिया के जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती मुहम्मद सईद-उर-रहमान कासमी ने बिहार सरकार की वार्षिक अवकाश सूची में ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा पर केवल एक-एक दिन की छुट्टी दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मुसलमानों के लिए दोनों ईदें अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार हैं. उन्होंने कहा कि रोजा रखने के बाद ईदगाह में नमाज अदा करना, बच्चों के लिए कपड़े तैयार करना और परिवार संग खुशियां मनाना एक लंबी प्रक्रिया है जबकि ईद-उल-अजहा में तीन दिनों तक कुबार्नी का दौर चलता है. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव से मांग की कि मुस्लिम शिक्षकों और छात्रों की सुविधा को देखते हुए ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा पर कम से कम दो से तीन दिन की छुट्टी दी जाए ताकि लोग समय पर अपने घर पहुंचकर त्योहार मना सकें और बाद में अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से पालन कर सकें.

# बेलगाम कार ने पैदल आ रहे आधा दर्जन को रौंदा, एक की मौत





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को देर शाम थाना क्षेत्र के गोला रोड झखड़ी महादेव रोड बासु मित्रा मैरेज हॉल के समीप एक बेलगाम कार ने सड़क किनारे से आ रहे आधा दर्जन लोगों को रौंद दिया.हादसे में एक वृद्ध की इलाज के दौरान पारस अस्पताल में मौत हो गई. मृतक का पहचान पंचशील नगर गली नंबर 6 के निवासी चांदसी राय (60) के रूप में किया गया है. हादसे में 5 लोगों जख्मी हो गए हैं. घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है. घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच कर छानबीन करने में जुट गई है. झखडी महादेव के डा आरके चौबे गली निवासी संतोष कुमार के 18 वर्षीय पुत्र जख्मी अमन कुमार ने बताया कि रविवार को शाम करीब साढे पांच बजे अपने दोस्त अंशु के साथ पैदल गोलापर राम जानकी मंदिर की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में काला रंग के कार ने पहले ने रांग साइड में सडक किनारे बाइक में धक्का मरते हुए कुत्ते को धक्का मारा दिया और उसके बाद मुझे और दोस्त समेत चार धक्का मारा दिया. गाडी के नीचे फंसे अमन को दोबरा रौंदते हुए आगे बढने लगी. स्थानीय लोगों ने कार सवार को घेर लिया. कार चालक ने सभी को धक्का मारते हुए तेज रफ्तार से आगे भागने के दौरान एक वृद्ध को कुचल दिया और जब लोगों ने गाडी चालक को पकडने के लिए पीछा किया तो कार चालक ने वृद्ध को दोबारा रौंदते हुए तेज रफ्तार से फरार हो गया. जिससे अमन गंभीर रूप से जख्मी हो गये है और दोस्त अंशु को मामूली चोट आया है. झखडी महादेव के पास भी दो-तीन लोग को धक्का मारते हुए तेज रफ्तार से फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार गोला पर राम जानकी मंदिर की ओर से काला रंग के कार तेज रफ्तार से बासु मित्रा मैरेज हॉल के समीप पहले दो बाइक को धक्का मारते हुए एक कुत्ते को रौंद दिया और पैदल आ रहे चार लोगों को सामने से कार वाले ने धक्का मारा दिया. जिसमें अमन व उसके दोस्त अंशु जख्मी हो गये. कार चालक धक्का मारने के बाद आगे एक वृद्ध को दो बार रौंदा दिया. जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गए. जख्मी चांदसी राय व अमन को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पाल ले गये. जहां से गंभीर रूप से जख्मी चांदसी के परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए आर्मी अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया. परिजनों ने राजा बाजार स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई. मृतक चंदासी राय भट्टी रोड का मूल निवासी थे. मृतक चंदासी के परिजनों बताया कि रविवार को देर शाम दूध लेने पंचशील नगर गली नंबर 6 से भट्टी पर अपने घर पैदल आ रहे थे. इसी दौरान झाखडी महादेव रोड के पास तेज रफ्तार से कार चालक ने रौंदा दिया था.चार पांच लोगों जख्मी हो गए हैं और इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि कार का नंबर से पता चला है कि गाडी संपतचक का है. जल्द ही गाड़ी को पकड़ लिया जाएगा.यातायात थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बारे में कोई जानकारी नही है. घटना के बारे में पता किया जा रहा है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने छह लोगों को रौंदा दिया है. जिसमें एक वृद्ध की मौत हो गई है. जख्मी अमन का इलाज चल रहा है और बाकी जख्मी के बारे में पता किया जा रहा है.

पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक रही हंगामेदार

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं किसानों की समस्या को लेकर हुई तीखी बहस



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को मनेर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हंगामेदार रही। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा घोर लापरवाही के आरोप समेत किसानों को मिलने वाले लाभ में हो रही परेशानी के मुद्दा छाया रहा। दरवेशपुर उपरवार के पंसस धर्म भाई यादव ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में काफी विलम्ब का मामला उठाते हुए जानना चाहा कि जन्म में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए इसके निश्चित अवधि क्या है। पहले तो मौजूद बीडीओ सुधीर कुमार ने इसे गंभीर मुद्दा नहीं बताया और गंभीर मुद्दे सदन में लाने को कहा। जिसके बाद सदन में तीखी बहस जमकर हुई। लोगों ने अन्य प्रतिनिधियों ने भी जोड़दार स्वर में कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र शिक्षा से लेकर हर जगह जरूरी है। जिसके कारण बच्चों की शिक्षा भी बाधित हो रही है। जिसके जवाब में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि छह दिनों के अंदर प्रमाणपत्र जारी कर देना है। जबकि पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि 6 महीने से साल हो गए आवेदन को अभी तक जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं निर्गत किया जा रहा है। ऐसे कई मामले हैं। ऊपर से निर्धन लोगों को एफिडेविट की मांग की जा रही है। एफिडेविट में भी खर्च होता है और काफी परेशानी होती है। बीसीओ ने बताया सभी मामलों में शपथ पत्र की जरूरत नहीं है ज्यादा बुजुर्ग हो गए तो उन्हें शपथ पत्र देना होगा, नहीं तो उनसे जो भी जिनका जन्म प्रमाण पत्र बनाना है उनसे बड़े बुजुर्ग से प्रमाणित कराना होगा। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत में भी पंचायत सरकार भवन है वहां से भी जन्म प्रमाण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन की सुविधा है। लेकिन फिलहाल पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस कार्यालय बन्द है। कार्यालय सहायक भी नहीं आ रहे हैं। जिसके बाद बीडीओ ने कहा कि इसके लिए कार्यालय सहायकों से इसका कारण पूछ जा रहा है। सभी पंचायत सरकार भवन में सुविधा हमें हर हालत में चालू करवाना है। वहीं मुखिया अशोक कुमार, लाल किशोर राय ने सही किसानों को ओटीपी के वेरिफिकेशन के बाद भी खाद,बीज नही मिल पाता है। बिचौलियों के माध्यम से खेतों में जाने वाले बीज पेट मे चल जाए रहे है। जो किसान नहीं है उन्हें बीज दे दिया जा रहा है। इस कार्य में किसान समन्वयक-सलाहकारों की भी मिली भगत है। जिसके बाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि समन्वयक हमारी बात नहीं सुनते इसको लेकर भी तीखी बहस हुई। पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ से समन्वयकों को वहां से हटाने की मांग की। क्योंकि 10-10 साल से लोग जमे हुए हैं। समन्वयक पर प्रोसिडिंग की जाए, जनप्रतिनिधि योजना सम्वत स्वर में उठाया। वहीं प्रखंड उप प्रमुख निभा कुमारी ने कहा कि शिक्षा समिति के लड़ाई में नगवां उत्क्रमित मध्य विधालय जर्जर का आरोप लगाते हुए वहां से उक्त स्कूल को हटा कर 2 किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय ,नगवा टोला में शिफ्ट कर दिया गया है।वहां दो शिफ्ट में क्लास चल रहे है। सुबह सात बजे से 11 व फिर 11 से दूसरा शिफ्ट चल रहा है, जिस कारण ठंड में बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। ऊपर से नगवां उत्क्रमित विद्यालय की स्थिति ठीक ठाक है। इस विधानसभा चुनाव में उक्त स्कूल में 3 बूथ भी था। फिर विद्यालय कैसे जर्जर हो गया। बैठक में एक और हास्यास्पद मामला आया पूर्व में निर्धारित योजना की राशि नहीं खर्च करने के बाद कारण इस बार योजना की राशि कम कर दी गई। वही महा दलितों को मिलने वाली योजनाओं के बारे में बांक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शत्रुघ्न पासवान ने मामला उठाया।

## दानापुर में जाम में रेंगते रहे वाहन, घंटों तक जाम में फंसे रहे वाहन व बाइक



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने में यातायात व स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है. अतिक्रमण अभियान के बाद भी गांधी मैदान मुख्य मार्ग में प्रत्येक दिन लगे जाम का समस्या बना हुआ है. खासकर स्कूली बस व एबुलेंस जाम में फंसने पर भारी परेशानी झेलना पडता है. सोमवार को भी नगर के गोलापर राम जानकी मंदिर के पास जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगा हुआ था. आये दिनों नगर के नासरीगंज, बीएस कॉलेज, तकियापर, गोलापर, बीबीगंज मोड़ के अलावा गोला रोड, आरपीएस मोड़ के पास जाम लगा रहता है. चंद मिनट की दूरी तय करने में घंटे भर लग जाते है.गोलापर राम जानकी मंदिर व नगर परिषद कार्यालय के पास सडक किनारे ई रिक्शा खडकर यात्रियों को सवार करते है. जिससे अक्सर जाम लगा रहता है. परंतु यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए नही तो यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस द्वारा तैनात नही किया जाता है. जिससे अक्सर जाम लगा रहता है. यातायात पुलिस कहता है कि स्थानीय थाना इस क्षेत्र पर यातायात व्यवस्था सुचारू करेंगे. जबकि स्थानीय पुलिस का कहना है कि यातायात पुलिस को मामला है. दोनों के बीच स्कूली बच्चों और मरीज समेत आम लोगों को परेशानी झेलना पड रहा है.

## कृषि अनुसंधान परिसर में 'डिजिटल कृषि के माध्यम से किसान सशक्तिकरण' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में 1-5 दिसम्बर, 2025 के दौरान 'डिजिटल कृषि के माध्यम से किसान सशक्तिकरण' विषयक पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों की क्षमता को इस प्रकार विकसित करना था कि वे मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट तथा कृषि संबंधी विभिन्न ऐप्लिकेशन जैसे डिजिटल साधनों का प्रभावी उपयोग कर सकें, ताकि फसल प्रबंधन, संसाधनों के दक्ष उपयोग तथा कृषि उपज के विपणन से संबंधित बेहतर एवं त्वरित निर्णय ले सकें। कार्यक्रम में नवादा बक्सर और पटना जिलों के कुल 14 अनुसूचित जाति के किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का प्रभाव जानने हेतु पूर्व एवं पश्च मूल्यांकन भी आयोजित किया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि डिजिटल उपकरणों एवं तकनीकों के उपयोग पर आधारित ऐसे प्रशिक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता हैं। मौसम की समयोचित जानकारी, वैज्ञानिक फसल प्रबंधन सलाह तथा वास्तविक समय की बाजार सूचनाएं किसानों के लिए निर्णय लेने में अत्यंत सहायक बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म जलवायु संबंधी जोखिमों को कम करने, कृषि निवेशों का अनुकूलन करने तथा फसल उत्पादकता एवं किसानों की आय- दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. दास ने प्रतिभागी किसानों से आह्वान किया कि वे डिजिटल एम्बेसडर के रूप में कार्य करें और इन तकनीकों को जमीनी स्तर पर अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाएं। समापन सत्र की शुरूआत डॉ. बिस्वजीत देबनाथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षण प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. रोहन कुमार रमण, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण से उनके डिजिटल साधनों के ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा इससे फार्म प्लानिंग, संसाधन अनुकूलन और बाजार संपर्क मजबूत करने में बहुत सहायता मिलेगी। सत्र का समापन डॉ. पी.सी. चन्द्रन, नोडल अधिकारी द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## 'नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता' पर संगोष्ठी आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनर व्हील क्लब्स पटना के सौजन्य से अर्थशास्त्र विभाग एवं एन.एस.एस., ए.एन. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 08 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:00 से 02:00 बजे तक लाइब्रेरी हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. निखिल गोयल ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, इसके शारीरिक-मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभाव एवं सामाजिक परिणामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। अतिथियों का स्वागत अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल नाथ एवं प्रो. कुमारी वीणा ने किया।एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने युवाओं से नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाने का आवाहन किया। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और नशा-मुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बर्खास्त पुलिसकर्मी ने बिल्डर से 5 करोड़ रंगदारी मांगी, नहीं देने पर जान मारने की दी धमकी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र में एक बिल्डर से 5 करोड़ रंगदारी मांगने व नहीं देने पर हत्या करने का मामला सामने आया है. इस संबंध में जेनएक्स इंफ्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड के बिल्डर अनुपम कुमार ने रूपसपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है. लिखित आवेदन में बिल्डर अनुपम ने बताया है कि 4 दिसंबर की रात 8 बजकर 10 मिनट पर मोबाइल नंबर 8709393540 से मेरे मोबाइल नंबर 9507700070 पर कॉल आया. उन्होंने बताया कि कॉल करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी से गैंगस्टर बने कुख्यात लाली सिंह उर्फ वेद निधि बताया और 5 करोड़ की रंगदारी की मांग करते हुए नहीं देने पर दो दिनों के अंदर हत्या करने की धमकी दी है.

## दानापुर में दूसरे दिन अतिक्रमण पर छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर दूसरे दिन सोमवार को छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव से बीबीगंज मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बस पडाव, ,मार्शल बाजार मोड , मेन रोड से बीबीगंज मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. अभियान के बाद सडकां चौडी नजर आने लगा है. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया. घंटों तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों, गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई.अतिक्रमणकारियों से 6 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. जबकि यातायात पुलिस ने 32 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार व नप के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. सीओ बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए छावनी प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे छावनी परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## गोपालपुर में कुरियर सर्विस से 5000 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप जेबाइस्कैन जब्त

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के इलाही बाग स्थित एक्सप्रेसविस कोरियर सर्विस से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप जेबाइस्कैन (100') की कुल 5000 बोतल जब्त की है. बताया गया कि यह भारी खेप एक कोडेड कार्टन में कोरियर के माध्यम से भेजी जा रही थी. पुलिस ने ग्राहक के नाम और पते का सत्यापन किया, जिसके बाद पता चला कि मामला संदिग्ध है. थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद कोरियर के जरिए आने वाले पैकेटों की विशेष जांच की गई. इसी दौरान एक पैकेट संदिग्ध मिला, जिसको खोलकर देखने पर उसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुआ. थाना अध्यक्ष ने बताया कि खेप के असली मालिक का पता लगाया जा रहा है और दूसरे जिले में संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर की प्रारंभिक जांच के बाद इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है और पूरे नेटवर्क की छानबीन की जा रही है. पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित दवाओं की इतनी बड़ी खेप किसी बड़े गिरोह से जुड़ी हो सकती है और बहुत जल्द गिरफ्तारी की संभावना है.

# एम्स में शुरू हुआ पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी मैनेजमेंट ट्रेनिंग का छह-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम

जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने किया प्रतिभाग





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना के शोध प्रभाग, प्रशासनिक ब्लॉक में सोमवार को 'लोक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के प्रबंधन' विषय पर 7वां छह-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया. यह प्रशिक्षण 8 से 13 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसका आयोजन अस्पताल प्रशासन विभाग द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के हेल्थ सेक्टर डिसास्टर प्रीपेरेडनेस प्रोग्राम अंतर्गत किया गया है. यह कार्यक्रम सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों के दौरान तैयारी, रोगी सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के राष्ट्रीय मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया. उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सक्षम और समन्वित आपात प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना समय की मांग है. उद्घाटन सत्र में संजय पांडे, विभागाध्यक्ष समुदाय एवं परिवार चिकित्सा तथा कार्यवाहक डीन (एकेडमिक), प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, और डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष अस्पताल प्रशासन एवं पाठ्यक्रम समन्वयक, मौजूद थे. कार्यक्रम एम्स पटना की राष्ट्रीय क्षमता निर्माण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है. हेल्थ सेक्टर डिसास्टर प्रीपेरेडनेस प्रोग्राम के तहत एम्स पटना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में चार प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर स्वास्थ्य प्रशासकों और अग्रिम पंक्ति के चिकित्सा कर्मियों को आधुनिक आपदा प्रबंधन कौशल प्रदान करता है. यह पहल भारत सरकार की उस नीति के अनुरूप है, जिसके तहत महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक मजबूत और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली विकसित की जा रही है. इस सत्र में बिहार, असम, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आए जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासक भाग ले रहे हैं. प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों और आपातकाल प्रबंधन की क्षमताओं को मजबूत करना है. पहले दिन के सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से जुड़े विविध विषय शामिल रहे. प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह कार्यक्रम जिला स्तर के अधिकारियों को त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कौशल उपलब्ध कराता है. उन्होंने महामारी के बाद स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया. इसके बाद बेसिक कॉन्सेप्ट्स इन डिसास्टर मैनेजमेंट और लीगल, पॉलिसी एंड इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क पर सत्र आयोजित हुए. अस्पताल प्रशासन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रामकृष्ण मंडल ने हेल्थ इमरजेंसी रिस्क असेसमेंट और पब्लिक हेल्थ सर्विलांस पर विस्तृत व्याख्यान दिया. दोपहर बाद समुदाय एवं परिवार चिकित्सा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार निराला ने बेसिक्स ऑफ एपिडेमियोलॉजी पर सत्र लिया. इसके बाद डॉ. महेंद्र एम. ने आउटब्रेक इन्वेस्टिगेशन पर इंटरैक्टिव प्रशिक्षण और व्यावहारिक अभ्यास कराया. दिन का समापन डॉ. रामकृष्ण मंडल के पब्लिक हेल्थ सर्विलांस तथा डॉ. बिनोद कुमार पती के लैबोरेटरी सपोर्ट ड्यूरिंग डिसास्टर्स विषयक सत्रों के साथ हुआ.

## एम्स में आईआरआईए बिहार स्टेट चैप्टर सम्मेलन सम्पन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेडियोडायग्नोसिस विभाग, एम्स पटना द्वारा इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन बिहार स्टेट चैप्टर का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 6-7 दिसंबर 2025 को एम्स पटना के ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. सम्मेलन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. **इमेजिंग इनसाइट्स:** मामलों के माध्यम से सीख विषय पर आधारित इस सम्मेलन में न्यूरो, ट्रॉमा, मस्क्युलोस्केलेटल, पेट एवं यकृत, हृदय संबंधी प्रणाली, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी जैसे विविध विषयों पर केस-आधारित शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए. इसके साथ ही वैस्कुलर और नॉन-वैस्कुलर प्रक्रियाओं पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण तथा पीजी छात्रों के लिए फिल्म-पठन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई.

## संक्षिप्त समाचार

### 10 दिसम्बर को एक दिवसीय जॉब कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 10.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में स्वतंत्रता माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन र.ऋड पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-30 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल नजदीकी 50 से 100 ड्ट में होगा और मानदेय 12500 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे - आवास, इंसेंटिव,पीएफ,मेडिकल, फ्यूल, सिम इत्यादि ' इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### एसडीओ ने किया जविप्र गोदाम का निरिक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सुश्री श्वेता भारती द्वारा TPDS गोदाम सुगौली का औचक निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गोदाम में खाद्यान्न के गुणवत्ता एवं रख रखाव से संबंधित के सख्त निर्देश दिए गए। गोदाम में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया एवं सभी पंजी का ठीक तरीके से संधारण करने हेतु उचित निर्देश दिए गए।इस अवसर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुगौली भी उपस्थित थे।

### सेंट आरसेटीपरिसर में ऑक्सीजन मैन केशव कृष्णा ने लगाया चम्पा का पौधा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट) सेन्ट आरसेटी परिसर मोतिहारी में सोमवार को निदेशक बिपिन कुमार व आक्सीजन मैं केशव कृष्णा द्वारा चंपा का पौधा परिसर में लगाया गया। ऑक्सीजन मैन केशव कृष्णा ने चंपा के पौधा के गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वहीं डायरेक्टर बिपिन कुमार ने कहा कि पौधा रोपण कर हरियाली को बढ़ाया जा सकता है। इससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो हम सांस नहीं ले सकते। इसलिए बेहतर जीवन के लिए हम सबों को पौधा लगाने व उन्हें बचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होने महिला सिलाई कटाई की चल रही प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में अपने जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर पेड़ अवश्य लगाये।

### विधान सभा चुनाव की समीक्षा बाद भाजपा ने कार्यकर्ता को किया सम्मानित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने चंद्रहिया स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को संगठनात्मक क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज ने किया। बैठक में बीते विधानसभा चुनाव की समीक्षा के साथ संगठनात्मक दृढ़ता और विस्तार के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर नेताओं द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव में सराहनीय कार्य के लिए कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया। बैठक में संगठन महामंत्री बिहार प्रदेश भीखू भाई दलसानिया, क्षेत्रीय प्रभारी सरोज रंजन पटेल, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, मोतिहारी जिला प्रभारी वरूण सिंह, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजादा सहित पश्चिमी चंपारण और सारण के अभी संगठन जिलों के जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, विधानसभा संयोजक और विधानसभा प्रभारी शामिल थे ।

### गोविन्दगंज विधायक राजू तिवारी द्वारा सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोविन्दगंज विधायक राजू तिवारी द्वारा अरेराज अनुमंडल सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अरुण कुमार की उपस्थिति में अरेराज, संग्रामपुर एवं पहाड़पुर प्रखंड के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकासात्मक योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी पदाधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### मुंशी सिंह महाविद्यालय में ग्रेजुएट एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण आरंभ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के जिला नियोजनालय, मोतिहारी के तत्वावधान में इन्फोसिस द्वारा प्रायोजित ग्रेजुएट एम्प्लॉयबिलिटी एनहांसमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के स्नातक उत्तीर्ण/स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।इन्फोसिस के उरफप्रोजेक्ट के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को 21 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत सभी योग्य प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुंशी सिंह महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण जिन छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण में भाग लेना है, वे अपना पंजीकरण फॉर्म मुंशी सिंह महाविद्यालय, हिंदी विभाग से प्राप्त कर हिंदी विभाग में जमा कर सकते हैं। फॉर्म के साथ पैन कार्ड, आधार कार्ड, स्नातक मार्कशीट, बैंक पासबुक की प्रति फॉर्म के साथ संलग्न करके जमा करें।

### बिजली चोरी के आरोप में 10 लोगों पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि जेई देव ऋषि के आवेदन पर पिरारी गांव के विनोद कुमार, हरिचंद्र प्रसाद, कन्हैया कुमार और महावीर प्रसाद. भटकौल गांव निवासी चोकट मुखिया और जाकिर अंसारी. सकरौव के राजेंद्र महतो, इंतजारुल अंसारी, कमरूल नेशा और विहारी बैठा के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### काउंटर केस में 41 नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर जाना के बकुलहीया गांव में जमिनी विवाद में काउंटर केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने बताया कि जीतन यादव के आवेदन पर 18 लोगों पर केस दर्ज की गई है जबकि दूसरे पक्ष के जलेशर यादव के आवेदन पर 23 लोगों पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू दी है।

### असामाजिक तत्वों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार रात को राजकीय मध्य विद्यालय साठी में असामाजिक तत्वों ने घुसकर तोड़फोड़ की और विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक लालबाबु केसरी ने थाने में आवेदन देकर बताया कि असामाजिक तत्वों ने विद्यालय परिसर में लगे फूल-पौधों और नल को नुकसान पहुंचाया, साथ ही कार्यालय का ताला तोड़ने की भी कोशिश की। इस घटना के बाद दीपक रावत, जिला वार्ड संघ के अध्यक्ष और विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने मामले की जांच की और इसे वरीय अधिकारियों को सूचित किया। थानाध्यक्ष राजन कुमार ने मामले की जांच शुरू कर कार्रवाई की बात कही है।

### बेलवा में मुख्य सड़क पर जलजमाव से परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलवा गांव के वार्ड संख्या सात में मुख्य सड़क पर जलजमाव की समस्या बनी हुई है, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। शेख नूर मोहम्मद और अन्य ग्रामीणों के अनुसार, सड़क के किनारे बने नाले कई जगह से जाम हो गए हैं और टूट गए हैं, जिससे बारिश का पानी सड़क पर फैल जाता है। इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने पंचायत सचिव को मामले की जांच और समाधान के लिए निर्देशित किया है।

# नगर निगम की बैठक में विकास कार्यों पर महत्वपूर्ण निर्णय



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की बैठक में विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों से जुड़े विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी बिंदुओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार हैं— 1. नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डों में समान रूप से लगभग 1.25 करोड़ रुपये तक की योजना को क्रियान्वित करने पर सहमति बनी। 2. नल-जल योजना में उत्पन्न लीकेज की समस्या पर विचार किया गया तथा शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। 3. रोइंग क्लब रोड से एनएच की ओर जाने वाली सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्णय लिया गया। 4. धनौती नदी से गाद एवं जलकुंभी की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने पर विचार किया गया। 5. नगर निगम क्षेत्र में स्थित मुक्ति धाम और स्वास्थ केंद्र का निर्माण कराए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 6. पार्क परिसर की सफाई नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित सभी पार्क परिसरों की सफाई एवं रखरखाव कराने पर सहमति बनी। 7. नगर निगम के उत्क्रमित क्षेत्रों में बिजली पोल लगाने हेतु संबंधित विभाग को शीघ्र सूचना भेजने का निर्णय लिया गया। 8. मोतीझील के दोनों ओर बने नए शौचालयों को जल्द से जल्द चालू कराने पर विचार किया गया। साथ ही सभी प्रमुख चौक चौराहे और विभिन्न वार्डों में शौचालय निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। 9. ओवरब्रिज निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण नाला जाम होने एवं जल निकासी की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई तथा तत्काल समाधान कराने का निर्णय लिया गया। 10. नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही मुख्य सड़क के सफाई कार्य को दुरुस्त करने पर विचार विमर्श किया गए। अगर एजेंसी के द्वारा किसी भी तरह की लापरवाही हुई तो एजेंसी पर कार्यवाही को जाएगी। 11. नगर निगम मोतिहारी के सभी उत्क्रमित क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठान कार्य लगभग पूर्ण करा लिया गया है। साथ ही पुराने वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु निविदा की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कराने पर विचार किया गया। नगर निगम मोतिहारी इन सभी योजनाओं का उद्देश्य शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। शीघ्र ही इन कार्यों की क्रियान्विति शुरू की जाएगी ताकि आमजन को समयबद्ध लाभ मिल सके।

## सारण शिक्षक निर्वाचन में फर्जी वोटरों का घोटाला, भाकपा ने विरोध दर्ज कराया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में फर्जी वोटरों के नाम जुड़ने का बड़ा घोटाला सामने आया है। भाकपा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 202 संदिग्ध नामों पर आपत्ति दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। भाकपा के प्रतिनिधिमंडल ने सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष यह शिकायत की। भाकपा सचिव ओमप्रकाश क्रांति, राधामोहन यादव और केदार चौधरी भी थे। भाकपा नेताओं का आरोप है कि शिक्षक निर्वाचन की मतदाता सूची में ऐसे फर्जी, गलत और अपात्र नाम शामिल किए गए हैं जो निर्वाचन की निर्धारित अहर्ता पूरी नहीं करते। आरोप है कि मान्यता समाप्त शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को भी वोटर बना दिया गया है, और स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारियों के नाम भी मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, जो एक गंभीर अनियमितता है। इसके अलावा, कुछ शिक्षण संस्थानों द्वारा जानबूझकर गलत जानकारी दी गई, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा हो गया है।भाकपा ने प्रशासन से मांग की है कि सभी फर्जी नामों को हटाया जाए और गलत जानकारी देने वाले संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, भाकपा ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते जांच नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। भाकपा ने यह भी कहा कि शिक्षक निर्वाचन लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मतदाता सूची पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है, और पहले प्रकाशन की तिथि 20 दिसंबर और अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को किया जाएगा। भाकपा ने प्रशासन से मांग की है कि अंतिम प्रकाशन से पहले सभी आपत्तियों की गंभीरता से जांच की जाए।

## बेतिया के दो युवकों की यूपी में बाइक दुर्घटना में मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया के दो युवक, अनीत कुमार झा और अम्बेदकर ठाकुर की मौत उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में बाइक दुर्घटना में हो गई। रविवार की रात दोनों दोस्त बेतिया से बाइक से अयोध्या के लिए निकले थे। कुशीनगर जिले के धर्मसमधा पेट्रोल पंप के पास घने कोहरे के चलते उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में जिले के योगापट्टी थाना क्षेत्र के हरपुरवा निवासी अम्बेदकर ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बानुछापर के झा टोला निवासी अनीत कुमार झा को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। देर रात करीब 9.30 बजे अनीत ने अपनी भाभी को फोन कर बताया कि वह अपने दोस्त के साथ अयोध्या जा रहा है, और बाइक उसके दोस्त अम्बेदकर ठाकुर की थी। आधे घंटे बाद एक एंबुलेंस चालक ने परिजनों को हादसे की सूचना दी और बताया कि दोनों युवकों को कुशीनगर अस्पताल ले जाया जा रहा है।सूचना मिलते ही दोनों के परिजन कुशीनगर के लिए रवाना हो गए, लेकिन सुबह उन्हें यह दुखद खबर मिली कि दोनों की मौत हो चुकी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। कुशीनगर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## पांच दिवसीय पोलियो अभियान 14 दिसंबर से

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पल्स पोलियो अभियान 14 दिसंबर से शुरू होकर 18 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान, टीका कर्मियों की टीमें डोर टू डोर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। बगहा दो क्षेत्र में कुल 74832 घरों का भ्रमण किया जाएगा और 91612 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की सफलता को लेकर शहरी पीएचसी में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. राजेश सिंह नीरज ने की। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 13 डिपो केंद्र बनाए गए हैं और 59 पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, माइक्रो प्लान तैयार कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी ने पकड़ीदयाल अनुमंडल सभागार में की समीक्षा बैठक




**पकड़ीदयाल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल सभागार में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, सौरभ जोरवाल के द्वारा राज्य सरकार द्वारा प्रखंड/अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों-ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 की आवास स्वीकृति, आवास पूर्णता, इकेवाईसी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में लंबित आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यों में एक सप्ताह में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। आवास प्लस, 2024 के माध्यम से सर्वेक्षित नए लाभुकों का सत्यापन कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत आईएचएचएल, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण, व्यक्तिगत / सामुदायिक शौचालय का निर्माण, एसएलडब्ल्यूएम संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, ओडीएफ प्लस मॉडल एवं मॉडल गांव का सत्यापन करने के संदर्भ में प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने एवं ससमय कार्य कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक, स्ट को निदेशित किया गया। मनरेगा अंतर्गत लाभुकों का ईकेवाईसी की समीक्षा के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। आवास सहायकों / पंचायत रोजगार सेवक द्वारा किए गए कार्यों की दैनिक समीक्षा करने हेतु कहा गया। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण, खेल मैदान, मानव दिवस सृजन, भुगतान, जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण आदि कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की गई तथा अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया। पंचायती राज योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री सोलर लाइट स्ट्रीट योजना के क्रियान्वयन एवं सोलर लाइट का विस्थापन संबंधी समीक्षा की गई। पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं लंबित सरकार भवन के संदर्भ में समीक्षा क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सरकार भवन की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को खाली करते हुए भवन निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर षष्ठम वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग मद में व्यय किए गए राशि की समीक्षा की गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत दाखिल खारिज, भूमि विवाद, अभियान बसेरा, भू मापी, आधार सीडिंग एवं एलसी की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा साप्ताहिक रूप से हल्का बार इसकी समीक्षा करने का निदेश अंचलाधिकारियों को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल,भू-अर्जन पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता, पकड़ीदयाल, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं प्रखंड / अंचल स्तरीय कर्मी उपस्थित थे ।

## राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का मोतिहारी गांधी मैदान में भव्य शुभारंभ







**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पू. चं. राज्य सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण मोतिहारी के सौजन्य से मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों की टीम में भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। इसमें जिला स्तर पर स्कूली बच्चों की टीम बनाई गई है जो प्रतियोगिता में भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सह शुभारंभ जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरभ सुमन यादव,जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला जन संपर्क अधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला योजना पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला नियोजन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीम के प्रतिभागी बच्चे एवं उनके प्रशिक्षक / सपोर्टिंग स्टाफ उपस्थित थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके पश्चात प्रतिभागी बच्चों ने मार्च-पास्ट किया । इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी गई। ज्ञातव्य है कि मशाल खेल प्रतियोगिता अंतर्गत फुटबॉल खेल के लिए पूर्वी चंपारण मोतिहारी का चयन आयोजक के रूप में किया गया है ' राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 525 खिलाड़ियों ने आज प्रथम दिन अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मैच 9 दिसंबर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होंगे। आज कुल 16 मैच आयोजित किए गए। मुख्य परिणाम इस प्रकार रहे - पटना ने मुंगेर को हराया ' समस्तीपुर ने नालंदा को पराजित किया ' वैशाली ने सुपौल को मात दी। मुजफ्फरपुर ने औरंगाबाद को हराया। पटना (व-14) ने समस्तीपुर को हराया। वैशाली ने मुजफ्फरपुर को पराजित किया। पूर्वी चंपारण ने खगड़िया पर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के संचालन में अरविंद कुमार, भानु प्रकाश, अरुण कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, खेल विभाग से रमेश कुमार, मुबाशिर, तथा जिले के सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गांधी मैदान में खिलाड़ियों का जोश, अनुशासन और प्रदर्शन दर्शनीय रहा। प्रतियोगिता का अगला चरण कल से जारी रहेगा।

## 14 दिसंबर को नई दिल्ली में रैली की तैयारी को ले कांग्रेस की बैठक

### कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा है, उनकी प्रतिबद्धता ही संगठन को मजबूती प्रदान करती है : गप्पू राय

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 14 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की होने वाली रैली की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम, बंजरिया पंडाल में जिला कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विगत विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय के कारणों की समीक्षा करना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति तय करना था।अध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार से निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इससे सीख लेकर हमें संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाना होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की आत्मा है, और उनकी प्रतिबद्धता ही संगठन को मजबूती प्रदान करती है। आने वाले समय में हमें गाँव-गाँव, कस्बे-कस्बे तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझना होगा और कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना होगा।उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए नियमित समीक्षा, प्रशिक्षण और जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति दी जाएगी, ताकि अगली चुनावी चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके।

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की मासिक बैठक

### 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता सेनानी के नाम समर्पित



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अशोक वर्मा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता सेनानी को याद करो अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी मनमोहन प्रसाद श्रीवास्तव के आवास पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराया फिर सामुहिक राष्ट्र गान हुआ उसके बाद उपस्थित तमाम उत्तराधिकारी सहित अन्य लोगों ने सेनानी मदनमोहन प्रसाद श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हे नमन किया। द्वितीय सत्र के विचार संगोष्ठी मे महेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने सेनानी मनमोहन प्रसाद के संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि 1930 मे नमक सत्याग्रह मे उनकी गिरफ्तारी हुई थी और उन्होने सश्रम कारावास की सजा काटी थी।जेल से निकलने पर वे और ही आक्रामक होकर सरकारी दफ्तरों पर झंडा फहराकर अंग्रेजों को चुनौती देने लगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि जिस देश के लोगों ने अपने स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिवार को सम्मान दिया और सुधी ली वह देश उन्नति के शिखर तक पहुंचा ,काश भारत में भी ऐसा हुआ रहता । प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमरनाथ ने कहा कि बिहार के प्रत्येक जिले में यह संगठन धीरे-धीरे सक्रिय होता जा रहा है और बहुत जल्द हम लोग राज्य सम्मेलन पटना मे करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमारी गुप्ता ने संगठन के मजबूती पर बल दिया। पूर्व प्राचार्य एवं संस्था की संरक्षक शशि कला कुमारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी परिवार के जो लोग भी आज अभाव मे जीवन यापन कर रहे हैं हम लोग अपने स्तर पर उन्हें मदद करेंगे। उनकी सूची तैयार करने का उन्होंने जिला अध्यक्ष को निरदेश दिया। संचालन के दौरान जिला अध्यक्ष कौशल किशोर पाठक ने कहा कि जिले के 6 अनुमंडल में हम लोग सक्रिय हैं तीन अनुमंडल में संगठन का विस्तार हो चुका है तीन अनुमंडल में दिसंबर के अंत तक हो जाएगा ।उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी मनमोहन प्रसाद श्रीवास्तव के त्याग और बलिदान पर विस्तार से चर्चा की ।कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में उमेश कुमार सिंह , रविंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक मनोज कुमार ने किया।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय

सिविल जज जूनियर डिविजन बाढ़,पटना

स्वत्व वाद संख्या 159/2019

श्यामा देवी वगैरह ........... वादीगण

**बनाम**

उमेश साव वगैरह............ प्रतिवादी गण

**नोटिस बनाम**

1 अशोक सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह ,2. भारत सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह 3.कुंदन सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह 4.बालमुकुंद सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह 5.उषा देवी पति स्वर्गीय दिनेश सिंह,6. विवेक कुमार सिंह पिता स्वर्गीय दिनेश सिंह 7.रणविजय सिंह उर्फ कारू सिंह पिता स्वर्गीय दिनेश सिंह 8.नागेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय पन्नू सिंह 9.तरणी देवी पति स्वर्गीय रामयतन सिंह, 10.गायत्री देवी पति राजकुमार सिंह, 11. सुनीता देवी पति भोनु साव, 12. प्रतिमा देवी पति अभय कुमार साव, सभी निवासी ग्राम सहनौरा, पोस्ट चकनवादा थाना एनटीपीसी बाढ़ ,जिला पटना।

चुंकि कि वादीगण उपरोक्त मुकदमा आप प्रतिवादीगण के विरुद्ध दायर किया है और मेरे न्यायालय से आपलोगों की उपस्थिति हेतु नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा सम्मन भेजा जा चुका है परंतु आप लोग जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतः इस अखबार प्रकाशन द्वारा आप सभी को आगाह किया जाता है कि दिनांक 13 /01/ 26 को समय 10:00 बजे दिन में न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आप सभी प्रतिवादीगण के अनुपस्थिति में मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय कर उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 3/ 12/ 25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया जाता है। इस ताकिद जाने।

**सिविल जज जूनियर डिविजन बाढ़, पटना**

CMYK

# शहरी विकास को गति देने हेतु डीएम ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने 8 दिसंबर 2025 को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति-समीक्षा की। योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं का विस्तार, प्रमुख स्थलों का सौंदर्यीकरण, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित नगरीय वातावरण का निर्माण तथा सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता बढ़ाना है।




बैठक में बुडको के परियोजना निदेशक अभिषेक कुमार ने अवगत कराया कि नगर क्षेत्र में स्वीकृत चार महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं—अम्बेडकर पार्क का विकास, जेपी चौक का विकास, पटेल चौक का विकास तथा भगत सिंह चौक का नवीनीकरण—पूर्ण रूप से संपन्न कर ली गई हैं। इन चारों परियोजनाओं पर कुल 68,06,997 की स्वीकृत राशि व्यय कर कार्य पूर्ण किया गया है, जिससे इन स्थलों की सुंदरता, संरचना एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत आठ अन्य प्रमुख परियोजनाएँ वर्तमान में निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल स्वीकृत राशि 11,21,94,288 है। इनमें तालाब एवं पार्क का नवीनीकरण, महादेव मोड़ से सिरोडाबर गाँव तक सड़क निर्माण, मेन रोड से चांदनी चौक–मस्जिद–बाईपास तक आरसीसी नाला निर्माण जैसी आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएँ शामिल हैं।साथ ही, हरिश्चंद्र तालाब से सुमंगलम होटल होते हुए बरहईन पैन तक आरसीसी नाला निर्माण तथा गोवर्धन मंदिर से यादव चौक–वीआईपी कॉलोनी–गोनावा आहर तक नाला एवं सड़क निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रियाधीन है। टेंडर की प्रक्रिया के उपरांत इन कार्यों को शीघ्र आरंभ कराया जाएगा। इनसे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल-जमाव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन सुगम होगा।

समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्यों को शीघ्रता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा को निर्देश दिया कि वर्ष 2024-25 की योजनाओं के लिए चयनित एजेंसियों द्वारा कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद नवादा, हिसुआ एवं वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से कार्य-स्थलों का भ्रमण कर कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिवेदन तैयार कर मुख्यालय को समर्पित करें।

इसी क्रम में नगर परिषद हिसुआ, नगर परिषद वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों की प्रगति तेज करें, अधूरे कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। आज की बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद नवादा, नगर परिषद हिसुआ, नगर परिषद वारिसलीगंज एवं नगर पंचायत रजौली के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# रुपये के विवाद में युवक को मारी गोली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। चण्डी थाना क्षेत्र के दररिया बिगहा गांव में गोली चलाकर युवक को जख्मी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा भी पुलिस ने बरामद किया है। घटना रविवार की है, जब दो सगे भाइयों नितीश यादव और जलांधर यादव के बीच 65 हजार रुपये को लेकर विवाद हो गया। नोकझोंक के दौरान बड़े भाई जलांधर यादव ने गुस्से में आकर अपने छोटे भाई नितीश यादव पर गोली चला दी। हालांकि गोली नितीश को न लगकर उनके ममेरे भाई राजू यादव (25 वर्ष) को जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजू यादव को पहले रेफरल अस्पताल चण्डी ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल बिहारशरीफ और फिर गंभीर स्थिति में पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही चण्डी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अभियुक्त का पीछा शुरू किया। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर अभियुक्त जलांधर यादव को सोमवार को पटना जिला के बाढ़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल राजू यादव के पिता लालबाबू यादव के फर्दबयान के आधार पर चण्डी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# दिल्ली की रैली में भाग लेने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सोमवार को सतीश कुमार उर्फ़ मंटन अध्यक्ष नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षता मे कांग्रेस कार्यलय मे की गयी । इस बैठक मे प्रभारी नवादा जिला किशोर कुमार उपस्थित थे। इस बैठक मे सतीश कुमार उर्फ़ मंटन सिंह ने बताया की चुनाव आयोग द्वारा वोटर सूची में की गयी गड़बड़ी एवं एक विशेष पार्टी को समर्थन पहुंचाने के विरोध मे दिल्ली के रामलीला मैदान मे 14 दिसम्बर को बिशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमे हमारे नेता राहुल गांधी विपक्ष के नेता उपस्थित रहेंगे एवं महागठबंधन के तमाम नेता उपस्थित रहेंगे। किशोर कुमार भी ने कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं नवादा जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा है कि ज्यादा से ज्यादा दिल्ली के रामलीला मैदान मे प्रखंड कार्यकर्ता अपने समर्थको के साथ पहुंचने का कष्ट करेंगे और 14 दिसंबर के रैली को सफल बनाने के लिए और हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाग लेंगे। इस बैठक मे बंगाली पासवान प्रतिनिधि बिहार प्रदेश, जागेश्वर पासवान, एजाज अली मुन्ना, रजनीकांत दीक्षित, सकलदेव सिंह अध्यक्ष काशीचक, संजीत कुमार नवादा प्रखंड, बेदामी देवी, कृष कुमार प्रभाकर, फकरुद्दीन अली अहमद, गुपेश कुमार, अब्दुला आजम, अखिलेश सिंह, जमाल हैदर,सुल्तान अंसारी, हारो यादव, रविंद्र यादव, गौतम कुमार, रामाशीष सिंह, अंजू कुमार, बैजनाथ यादव इत्यादि लोग शामिल थे ।

# नवादा में शर्मसार स्वास्थ्य व्यवस्था : स्ट्रेचर पर शव घसीटने को मजबूर परिजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा के अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दिल दहला देने वाला मामला रविवार की रात्रि सामने आया है, जहां एक महिला की मौत के बाद उसके परिजन शव को स्ट्रेचर पर घसीटते हुए पूरे बाजार से घर ले जाते दिखे। अस्पताल में एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिली और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अपने चैंबर से गायब थे। नवादा जिले के अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से रविवार की रात्रि एक बेहद शर्मनाक दृश्य सामने आया है। यहां अकबरपुर बाजार के एक मृत महिला केशरी देवी 75 वर्ष पति रामचन्द्र साहनी के परिजन अस्पताल से शव को घर ले जाने के लिए स्ट्रेचर पर पूरे बाजार में घसीटते हुए जाते नजर आए। यह दृश्य न केवल भावुक कर देने वाला था, बल्कि बिहार



की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल भी खड़ा करता है। परिजनों ने बताया कि महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। काफी मिन्नतों के बाद उन्हें सिर्फ स्ट्रेचर ले जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद मजबूरन परिजन स्ट्रेचर पर शव को घसीटते हुए घर की ओर निकल पड़े, जिसका वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।

**डॉक्टर नदारत, जीएनएम कर रहे थे इलाज** : जब घटना की जांच की गई तो पाया गया कि उस समय जिसके ऊपर पीएचसी की जिम्मेदारी थी, वह डॉक्टर अपने चैंबर से नदारत था। मौके पर मौजूद जेएनएम ने बताया कि डॉक्टर की गैरमौजूदगी में वे ही मरीजों का इलाज करते हैं। डॉक्टर का इस तरह गायब होना स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है।

**बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल** : यह घटना यह दिखाती है कि अस्पतालों में सुविधाओं की कितनी कमी है। एम्बुलेंस, डॉक्टरों की उपलब्धता, और आपातकालीन सेवाओं में भारी लापरवाही ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अकबरपुर पीएचसी की यह घटना सिर्फ एक उदाहरण है, जबकि ऐसी कई घटनाएं प्रदेश में लगातार सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोग और परिजन प्रशासन से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर एम्बुलेंस और डॉक्टर उपलब्ध होते, तो ऐसी दुखद और शर्मनाक स्थिति नहीं बनती। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी राजेश कुमार से बात किया गया तो बताया कि रात्रि 11 बजे की मामला है ,जब पहले से मृत महिला को अस्पताल लाया गया ,वहां एंबुलेंस सेवा को कॉल करने को बोला गया ,लेकिन कॉल न करके वे स्वयं ले जाने लगे। चूंकि उनके परिजन जानपहचान में थे। अस्पताल से 500 मीटर दूरी पर हीं घर था ,तो सहायता के लिए अस्पताल का स्ट्रेकचर मांगकर खुद लेकर चले गए।

# विधायक ने किया गैरमजरूआ प्लॉट का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सैकड़ों युवा छात्रों की मांग पर संज्ञान लेते हुए सदर विधायक विभा देवी ने सोमवार को कुंतीनगर घंघौली स्थित गैरमजरूआ प्लॉट का निरीक्षण किया और सदर अंचलाधिकारी को स्पॉट पर बुलाकर सरकारी जमीन नापी करने एवं अतिक्रमण से मुक्त कराने का निर्देश दिया। इस संबंध में घंघौली, सोहजाना, चुटकिया बिगहा, जैसीन बिगहा, गोंदापुर , खरीदी बिगहा जैसे कई गांवों के ग्रामीण जनता ने नवादा जिला समाहर्ता को आवेदन देकर सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। कब्जा किए हुए जमीन पर इन गांवों के छात्र नौजवान वर्षों से बिहार पुलिस, डिफेंस , आर्मी, रेलवे, बीएसएफ इत्यादि परीक्षाओं



के फिजिकल ट्रेनिंग करते हैं किंतु अतिक्रमण हो जाने से इन लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दलित , महादलित एवं अन्य वर्ग के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विधायक विभा देवी ने अंचलाधिकारी को तलब किया और स्थल निरीक्षण करते हुए न्यायपूर्ण कार्रवाई का निर्देश दिया। विधायक ने उपस्थित छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस सरकारी जमीन को खेल मैदान के रूप में स्थाई रूप से विकसित करने हेतु समाहर्ता से विशेष वार्ता की जाएगी और मनरेगा विभाग से समतलीकरण करने की योजना बनाई जाएगी। फिलहाल अंचलाधिकारी ने सरकारी अमीन रामचंद्र रजक को नापी के लिए तीन दिनों तक प्रतिनियुक्त कर दिया है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अरुण सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, छात्र नेता कुंदन राय समेत डब्लू कुमार, सत्या कृष्णा, श्रवण चौधरी , संदीप कुमार , संदीप चौहान, अजित शर्मा, गोरेलाल मिस्त्री, विक्की मांझी, अर्जुन पासवान, शंभू पासवान, अशोक राजवंशी, मनोज मांझी जैसे सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# रजौली विधायक विमल राजवंशी ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विमल राजवंशी ने सोमवार को दोपहर 12:30 बजे सिरदला प्रखंड कार्यालय के बगल स्थित सामुदायिक विकास भवन में जनता दरबार लगाया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी फरियादियों की बात विस्तार से सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सड़क, आवास तथा पंचायत स्तरीय शिकायतों से जुड़े कई मामले सामने आए। छोनू बिगहा के वार्ड सदस्य धर्मेंद्र रविदास ने अपने पंचायत के मुखिया पर उपेक्षा का आरोप लगाया और बताया कि उनके वार्ड में विकास कार्यों की अनदेखी हो रही है। इस पर विधायक ने अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कदम उठाने को कहा। विधायक विमल राजवंशी ने भूमि विवाद और दाखिल-खारिज से जुड़ी कई समस्याएं भी सुनीं और कहा कि हर न्यायोचित मामले में शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री बसंती देवी, साधु यादव, बिंदेश्वरी देवी, ब्रह्मदेव राजवंशी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु डीएम ने की उद्यमियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा योजना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उद्योग विभाग तथा जिले के इंडस्ट्रीज़ सेक्टर से जुड़े उद्यमियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं योजना विभाग की अन्य रोजगार–उन्मुख योजनाओं के अंतर्गत जिले में स्थापित और संचालित विभिन्न स्टार्टअप गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला स्तर पर आय सृजन को बढ़ाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु संचालित योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर बल दिया। बैठक में निम्नलिखित उद्योग एवं स्टार्टअप इकाइयों की समीक्षा की गई। जिसमें आइसक्रीम उत्पादन इकाई, सेनेटरी नैपकिन उत्पादन, डिटर्जेंट उत्पादन, फ्लेक्स प्रिंटिंग, मुर्गी दाना उत्पादन, एग्रीकल्चर ड्रोन इंडस्ट्री, मसाला उत्पादन उद्योग, आटा मिल, साइबर कैफे, रेडीमेड गारमेंट्स यूनिट इत्यादि शामिल है। डीएम ने निर्देश दिया कि नालंदा जिले में सभी सफल उद्यमियों की सूची बनाया जाए, उद्यमियों को दो केटेगरी में बांटा जाए, उद्योगों को क्लस्टर में काम किया जाए, उद्यमियों को फिनांसियल नॉलेज तथा ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग की जानकारी देने के लिए सेमिनार का आयोजन करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं उद्यमियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा जिले में स्टार्टअप कल्चर को और मजबूत किया जाए।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना से संबंधित बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सोमवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में योजना की प्रगति एवं लाभुकों को मिलने वाले लाभ की स्थिति पर विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 1,76,976 लाभुक कृषकों में से 1,76,406 लाभुक कृषकों का ई-केवाइसी सत्यापन पूरा किया जा चुका है। कुल 3,701 लाभुक कृषकों के बैंक खातों में आधार सिडिंग नहीं होने के कारण वे योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे कृषकों को पंचायत स्तर के कृषि कर्मियों के माध्यम से सूचित कर उनके बैंक खातों को आधार से लिंक कराने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। सेल्फ रजिस्ट्रेशन के माध्यम से नये लाभुकों द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु कुल 2,152 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,949 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है, 194 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया तथा 50 आवेदनों का सत्यापन हेतु प्रकरण लंबित है।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि योजनांतर्गत पात्र सभी कृषकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा इ-केवाइसी एवं आधार सिडिंग से संबंधित लंबित प्रकरणों का त्वरित निष्पादन कराया जाए। इसके उपरांत जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत क्लस्टर चयन, डीपीआर निर्माण, योजना क्रियान्वयन तथा प्रभावी अनुश्रवण पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह योजना वर्षा आधारित खेती को बढ़ावा देने तथा कम पानी में अधिक उत्पादन हेतु समेकित कृषि प्रणाली—फसल, बागवानी एवं पशुधन—को अपनाने वाले किसानों को 30,000 रुपये का अनुदान प्रदान करती है। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में कुल 22 क्लस्टर के अंतर्गत 440 हेक्टेयर क्षेत्र में 1100 किसानों को शामिल किया जाएगा। बिहार के कई जिलों में यह योजना जिलाधिकारी की निगरानी में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा मिल रहा है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि फसल आधारित बागवानी और पशुधन को एक साथ जोड़कर कृषि को अधिक टिकाऊ और आय आधारित बनाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कार्य करें तथा योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उक्त अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, जिला पशुपालन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी प्रतिभा

## मेहनत करने वालों के कदम चूमती है सफलता : डॉ अभिजीत कुमार गौतम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा के सैयद बहरी स्थित गौतम ग्रुप के 15 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम सत्र का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष डॉ अभिजीत कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने जीवन में असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, सफलता हमेशा उनके कदम चूमती है। डॉ गौतम ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी में लगाए गए मॉडलों का अवलोकन करते हुए बच्चों की मेहनत, लगन और दूरदर्शिता की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यही बच्चे आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रविन्द्र प्रसाद ने कहा कि विज्ञान का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है और आज देश के युवा विज्ञान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों को सतत प्रयास करते रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विज्ञान के बिना विकास संभव नहीं है। वहीं समाजसेवी डॉ आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आती है और वे आगे चलकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए स्कूल व कॉलेजों में इस प्रकार के आयोजन बेहद आवश्यक हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने मानव शरीर के प्रमुख अंगों का मॉडल प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य और नाटक की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विष्णु मोहन कुमार, विश्व मोहन कुमार, कुकी सिंह, अरविंद कुमार यादव, हरेराम सिंह, हरेंद्र प्रसाद यादव, सर्वेन्द्र प्रसाद, सुरंजन कुमार, वीरेंद्र कुमार, डॉ अरुण कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनसुराज पार्टी ने पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव लड़ने का किया एलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवादा विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे डा.अनुज कुमार ने रविवार को नवादा में पार्टी की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाग लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा और बताया कि वर्ष 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव, 2027 में होने वाले नगर निकाय के चुनाव, 2028 में होने वाले विधार परुषद के स्थानीय निकाय के चुनाव और 2029 में होने वाले लोक सभा चुनाव पार्टी पूरी मजबूती से लड़ेगी जिस का बुलु प्रिंट तैयार कर लिया गया है। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने की और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने संचालन का दायित्व निभाया।पार्टी द्वारा इस बैठक के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम लखन सिंह डांगी भी मौजूद रहे। इस बैठक में हसुआ क्षेत्र के उम्मीदवार सूर्यदेव प्रसाद वर्मा, रजौली के उम्मीदवार नरेश चौधरी,वारिसलीगंज के उम्मीदवार उमेश यादव तथा गोविन्दपुर की उम्मीदवार पूनम देवी ,सरयू प्रसाद कुश्वाहा, अनिल सिंह, कन्हैया कुमार बादल, मो.गुलाम मुस्तफा,रौशन कुमार,राहुल सिंह, प्रत्युष कुमार, राजकुमार राज, नीरज कुमार,कंहैय्या कुमार, जुबैर आलम चुन्नु, मो.एजाज,स्वीटी सिंह, सरस्वती देवी, गीता देवी आदी नेताओं ने सम्बोधित किया और गत विधान सभा चुनाव में पार्टी के पराजय के कारणों पर अपना-अपना अनुभव बताया और नये सिरे से पंचायत से लेकर वार्ड स्तर पार्टी के संगठनात्मक ढ़ांचे को के सशक्तिकरण और क्रियाशील बनाने पर अपने सुझाव दिये।

## एक नजर

### पैरा एशियाई यूथ गेम्स 2025 के लिए बिहार की गोल्डी कुमारी का चयन



**बिहारशरीफ**। बिहार की उभरती हुई पैरा एथलीट गोल्डी कुमारी ने एक बार फिर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। उनका चयन पैरा एशियाई यूथ गेम्स 2025 के लिए भारतीय दल में किया गया है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 7 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। गोल्डी कुमारी इस प्रतियोगिता में शॉट पुट, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो—तीनों महत्वपूर्ण इवेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके चयन से नालंदा जिले सहित पूरे बिहार में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब तक कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुकीं गोल्डी कुमारी का लक्ष्य इस बार एशियाई मंच पर देश के लिए पदक जीतना है। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार वह 8 दिसंबर को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए रवाना हुईं, जहां अपने कोच और भारतीय टीम के साथ अंतिम तैयारियों में जुटेंगी। इस उपलब्धि की आधिकारिक जानकारी नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव कुंदन कुमार पांडे ने दी। उन्होंने कहा कि, गोल्डी कुमारी का चयन न सिर्फ नालंदा बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। हमें पूरा विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का परचम लहराएंगी। गोल्डी कुमारी की इस सफलता पर खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दो बाइक सवार युवक जख्मी

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा - थरथरी मुख्य मार्ग पर बिहारी रोड बाबा अभय नाथ धाम के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के भट्टबिगहा गांव निवासी 35 वर्षीय पुत्र शिवकुमार एवं कराय परसुराय थाना क्षेत्र के हुडारी गांव निवासी रविंद्र कुमार के 30 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में किया गया है। जख्मी शिव कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम दोनों बाइक से हिलसा थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव में जा रहे थे। तभी बिहारी रोड बाबा अभय नाथ धाम के समीप से 200 मीटर पहिले विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दोनों जख्मी हो गए। स्थानीय लोग एवं पुलिस की सहयोग से इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर नीतीश कुमार को चिंताजनक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया। जबकि शिव कुमार को अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### नगर निगम कॉलेज मोड़ से अनुमंडल तिराहा तक अतिक्रमण हटाया

**बिहारशरीफ**। नगर निगम का अतिक्रमण हटाने का अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। सोमवार को नालंदा कॉलेज मोड़ से अम्बेर होते हुए अनुमंडल कार्यालय तिराहा तक निगम की टीम ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। जेसीबी मशीन की मदद से सड़क किनारे अवैध कब्जे हटाए गए। अतिक्रमण हटाने के साथ ही निगम ने जुर्माना वसूला और कई सामान जब्त किए। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों ने सड़क पर अवैध कब्जा किया है, उन्हें खाली कराया जा रहा है और जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। नगर निगम ने यह अभियान 27 नवंबर से शुरू किया है और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रबंधक ने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शहर की सभी मुख्य सड़कें अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जातीं। उनका कहना है कि अभियान लगातार चलाया जाएगा और कोई भी अवैध कब्जाधारी राहत नहीं पाएगा।

### वास्तु विहार परिसर से मोटरसाइकिल चोरी

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थानाक्षेत्र के वास्तु विहार फेज 1 परिसर से बीती रात अज्ञात चोरो ने एक मोटरसाइकिल बजाज पल्सर एनएस 400 चोरी कर लिया। इस संबंध में वास्तु विहार परिसर निवासी नीरज कुमार ने दीपनगर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार नीरज कुमार ने बताया कि मैं अपनी मोटरसाइकिल बजाज पल्सर एनएस 400 जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 01 जेएन 7509 है। जो मेरी पत्नी संयुक्ता के नाम से रजिस्टर्ड है। प्रतिदिन की तरह अपने निवास स्थान गंगा अपार्टमेंट परिसर के नीचे लगाया था। बापस आया तो मेरी मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं था। काफी खोजबीन किया। लेकिन मोटरसाइकिल नहीं मिली। आस पास लगे सीसीटीवी का फुटेज देखा जा रहा है। सूचना पाकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विधायक का स्वागत समारोह आयोजित

**नवादा**। सोमवार को हिसुआ नगर परिषद के सभागार कक्ष में नवनिर्वाचित विधायक अनिल सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी उनके हाथों वितरित किए गए। विधायक अनिल सिंह को मुख्य पार्षद पूजा कुमारी, उपमुख्य पार्षद टिंकू चौधरी और कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और बुद्ध मेमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

**विकास कार्यों को गति देने की मांग** : कार्यक्रम में उपस्थित पार्षदों ने नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को और तेज गति से करने का आग्रह किया। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि हिसुआ के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने आवास योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लाभार्थी बिना किसी कमीशन के निडर होकर अपने आवास का निर्माण करें। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ मिले, यह उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास कार्यों को नई गति मिली है और जनता ने एक बार फिर डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है।

### चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि बकरी चोरी के आरोप में अरियरी थाना के डलहर निवासी विनोद यादव को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-398, दिनांक 05.12.2025 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई(जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-398; कार्य का नाम:** मालदा मंडल में 27 अदद ट्रैक मशीन के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,89,45,526.36; **बयाना राशि:** रु. 2,94,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय :** 15.12.2025 से 29.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in तथा सीनि. डीईई(जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय का सूचना पट्ट। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-258/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उत्साह के साथ तीन दिवसीय युवा उत्सव सम्पन्न

## उत्सव के आखिरी दिन दो शानदार नाटकों का किया गया मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के कनकौल स्थित आर्ट गेलेरी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का समापन रविवार की देर रात्रि सम्पन्न हुई। रविवार को दो शानदार नाटक का भी मंचन किया गया। मीनाक्षी शंकर के निर्देशन में बहुरानी नाटक का मंचन किया गया। जिसमें रौशनी, पूजा, नेहा, रूपम, सुकृति, ईशा, कोमल, अनुष्का, खुशी और आरूषि ने अपने अभिनय की प्रस्तुति दी। दूसरा नाटक सांस्कृतिक विकास केंद्र सह उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरगामा की ओर से नाटक बकरी का शानदार मंचन किया गया और सामाजिक चेतना और जागरूकता का संदेश दिया



गया। इसमें मुख्य पात्र के रूप में अमृता, खुशी, सौम्या, अदिति, लक्ष्मी, साक्षी, पुष्पम, कल्पना, प्रियांशु, ओम, और रामबदन ने शानदार अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी। इस नाटक का निर्देशन कुणाल भारती ने किया। दर्शकों को मनोरंजन करने के लिए जादू की भी प्रस्तुति दी गई। युवा महोत्सव में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, स्किट, माइम, लोकगीत, समूहगान और शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां शामिल रहीं। साहित्यिक गतिविधियों में भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन, मूर्ति कला, और चित्र कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पदाधिकारी कुमार द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विज्ञान मेला का भी आयोजन हुआ। जिसमें युवाओं ने विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नवाचार को प्रदर्शित किया।

# विकासशील जीविका की संकुल स्तरीय बैठक में दी गई बहुस्तरीय खेती की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** विकासशील जीविका संकुल स्तरीय संघ की बैठक सोमवार को नावकोठी में आयोजित की गई। बैठक में बहुस्तरीय खेती, मछली पालन, गेंदाफूल की खेती एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसके साथ ही नई चेतना अभियान तथा दीदी अधिकार केंद्र से जुड़ी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। एसएमएस शिवचंद्र कुमार ने मशरूम उत्पादन के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मशरूम उत्पादन से होने वाले आर्थिक लाभ, कम लागत में अधिक आय, रोजगार सृजन तथा बाजार की संभावनाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मनोरंजन कुमार भी बताया कि रजाकपुर एवं समसा पंचायत में इमर्शन साइट का विकास किया जाना है। इस योजना के तहत 100 से 150 किसानों के साथ मल्टी लेयर खेती, खड़ा मचान, कलमी पौधारोपण, नेट हाउस, नर्सरी हाउस, दोहरी कतार बागवानी, बीच में अंतःफसल, उच्च मूल्य वाली फसलों का प्रचार, तथा स्टिकी ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।सीसी रेणु कुमारी ने मनरेगा से जुड़े प्रावधानों, मजदूरी दर, स्वीकत योजनाओं तथा कार्य प्रक्रियाओं पर प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। काफी संख्या में जीविकादीदियों एवं किसान सदस्यों ने भाग लिया।

# विवेकानंद के आदर्शों पर ही भारत बनेगा विश्वगुरू : आलोक

## अभाविप ने कॉलेज इकाई एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई की बैठक एपीएसएम कॉलेज बरौनी में आयोजित की गई। बैठक में कॉलेज इकाई का गठन आगामी कार्यक्रम एवं महाविद्यालय के मूलभूत समस्याओं एवं विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने किया एवं बैठक का संचालन एनसीसी प्रमुख रौशन कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एलएनएमयू छात्र संघ अध्यक्ष सह बेगूसराय विभाग संयोजक आलोक कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। छात्र हित विद्यार्थी परिषद की प्राथमिकता है। छात्रों का उत्साह परिषद और राष्ट्रवाद के प्रति चरम पर है। हाल में हुए सदस्यता अभियान में जिले के लगभग 30000 छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रह्ण किया है। परिषद आने वाले 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंदजी की जयंती धूमधाम से मनायेगी। नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं कलेज उपाध्यक्ष अनुभव कुमार ने कहा कि कॉलेज बरौनी छात्र-छात्राओं की समस्या संग्रह कार्यक्रम 11 दिसंबर से चलाया जाएगा। मौके पर खेलो भारत संयोजक सौरभ कुमार सहसंयोजक शुभम कुमार सोशल मीडिया प्रमुख रोशन कुमार सरवन कुमार सोनू आनंद ध्रुव कुमार सत्यजीत झा गोलू कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामबदन सदा को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कुशमहौत में भाकपा-माले नेताओ ने दिवंगत कामरेड रामबदन सदा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता मांटो पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि 1995 में चले भूमि दखल आन्दोलन में कामरेड रामबदन सदा कोला चौर में गरीब भूमिहीनों की अगुवाई में थे। मृत्युपर्यंत कामरेड रामबदन सदा लाल झंडा के वफादार सिपाही बने रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा - जदयू सरकार में गरीबों को बुलडोजर चला कर रौंदा जा रहा है। घर-दुकान को जमींदोज कर महिलाओं बच्चों पर बर्बरता के साथ बुरी तरह से पीटा जा रहा है। यह न सिर्फ मानवाधिकार का उलंघन है बल्कि कानून का भी उलंघन है कि वगैर वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को विस्थापित नहीं किया जा सकता है। एसआईआर की आर में एनआरसी कर संविधान लोकतंत्र और आजादी पर हमला किया जा रहा है। इसके खिलाफ आवाम को एकजुट आन्दोलन में शामिल कर कामरेड रामबदन सदा के सपनों को साकार करने की ओर बढ़ने की जरूरत है। इस अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद,चन्द्रदेव वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, संजय ठाकुर, उपेन्द्र साह, मुकेश सदा, चन्द्रशेखर पासवान, गायत्री देवी समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# रहियार उत्तर पंचायत में रबी सीजन को लेकर जनकल्याण चौपाल का आयोजन

## किसानों को मिली नई तकनीक की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र के रहियार उत्तर पंचायत में गुरुवार को कृषि विभाग की ओर से वसंतिक (रबी) जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया ने की। इस विशेष चौपाल का उद्देश्य किसानों तक सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और नई तकनीक आधारित खेती के लिए उन्हें जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और कृषि विशेषज्ञ उपस्थित हुए किसानों को मिली उन्नत खेती की तकनीक की




जानकारी आत्मा परियोजना के सहायक तकनीकी प्रबंधक अमरदीप शर्मा ने चौपाल में उपस्थित किसानों को शून्य लागत प्राकृतिक खेती, टपक विधि, ड्रोन स्प्रे तकनीक, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड योजना, वर्मिकंपोस्ट इकाई समेत आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने किसानों को रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग के नुकसान बताते हुए जीवामृत, हरी खाद एवं सरसों की खली का उपयोग बढ़ावा देने की अपील की इसके साथ ही उन्होंने गेहूं की फसल में पहली सिंचाई के समय यूरिया के साथ जिंक सल्फ़ेट मिलाकर उपयोग करना अनिवार्य बताया, जिससे उत्पादन अधिक होता है अनुदानित बीज और आधुनिक यंत्रों की जानकारी कृषि समन्वयक ललन कुमार ने किसानों को विभाग द्वारा उपलब्ध अनुदानित दर पर बीज तथा खेती में उपयोग होने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशीनों के उपयोग से कम लागत में अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है पीएम किसान योजना व बिहार कृषि ऐप का लाभ सहायक तकनीकी प्रबंधक इंद्रजीत गौरव ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई साथ ही उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने मोबाइल में बिहार कृषि ऐप अवश्य डाउनलोड करें, जिससे सरकारी योजनाओं की जानकारी मौसम पूर्वानुमान उन्नत खेती की तकनीक ऑनलाइन आवेदन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी।

**किसानों ने कार्यक्रम को बताया लाभकारी**

कार्यक्रम में शामिल किसानों ने बताया कि यह चौपाल उनके लिए अत्यंत लाभप्रद और उपयोगी रहा। किसानों ने कहा कि इस तरह की योजनाओं और तकनीक संबंधी जानकारी गांव-गांव पहुंचाना सरकार की सराहनीय पहल है उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं किसान चौपाल में पंचायत प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

# बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बंध्याकरण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में सर्जन डा शोभा रानी ने 24 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हीमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एलटी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा हिमांशु, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# थाना निर्माण के लिए किया गया भूमि अधिग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बबुरा में बबुरा थाना निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा हो गया। अधिग्रहण के वक्त सहायक समाहर्ता, अंचलाधिकारी अंशु प्रसुन्न, एसडीपीओ आरा 2 रणजीत कुमार सिंह, बड़हरा थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, बबुरा थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद थे। अंचलाधिकारी के अनुसार जमीन गैरमजरूआ था। उस जमीन को बबुरा निवासी मेघा राम के पुत्र नेमी राम के नाम 77 डीसमिल गैरमजरुआ जमीन का वासगित पर्चा बनाया गया था। जो अब तक अहस्तांतरित था। हालांकि पर्चाधारी ने अपनी अनुमति के बिना जमीन से 15 डिसमिल बेंचा था। इस अनुचित बिक्री के कारण भोजपुर जिला समाहर्ता एवं



डीसीएलआर ने तत्काल प्रभाव से उस परचाधारक का जमाबंदी निरस्त कर दिया था। भूमि अधिग्रहण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया ताकि कानूनी और पारदर्शी तरीके से भूमि का अधिग्रहण हो सके। यह कदम क्षेत्रीय विवादों को सुलझाने और भूमि हड़पने जैसी गलत अंतःक्रियाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण माना गया। इस अधिग्रहण से संबंधित विभाग ने सभी पक्षों को उचित मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करने की बात कही है। जिससे प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस प्रकार, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और कानून के तहत हुआ।

# मंदिर से नगदी और सोना-चांदी समेत कीमती सामान गायब

## पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र स्थित उचिटा ठाकुरबारी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर के पुजारी राम भवन प्रकाश ने बताया कि 7 दिसंबर की शाम पूजा के दौरान एक व्यक्ति मंदिर पहुँचा था। उसने वहीं खाना-पीना किया और रात में मंदिर परिसर में ही सो गया।

सुबह जब पुजारी की नींद खुली तो वह व्यक्ति गायब था। जब मंदिर के कमरे और गर्भगृह की जांच की गई, तो पाया गया कि करीब दो लाख रुपये नकद के साथ-साथ सोना-चांदी के कई कीमती आभूषण भी गायब हैं। चोरी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जुट गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही शकूराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फिलहाल पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है।

# मछुआरे की समस्याओं को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बिहार राज्य जल श्रमिक संघ जिला इकाई की बैठक हसनपुर बागर में हुई। इसकी अध्यक्षता राम बिलास सहनी ने की। सीटू महासचिव राम बालक सहनी ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों से मछुआरों की स्थिति काफी दयनीय है। नवनिर्वाचित विधायक चेरिया बरियारपुर अभिषेक आनंद ने पदाधिकारियों पर दवाव बनाकर बगरस स्लूइस गेट खुलवा दिया। जिससे कावर में संग्रहित जल की निकासी हो गई है। जल स्तर में आई कमी से इस इलाके में डाली गई मछली भी बह गई है। इससे मछुआरों के समक्ष रोजगार एवं आजीविका संकट उत्पन्न हो गया है। इस कृत्य की भर्त्सना की गई। इससे राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन हरियाली योजना पर प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया




है। संग्रहित जल संरक्षण जलवायु परिवर्तन रोकने में कारगर होता है। विभाग द्वारा अनुदानित दर पर दी जाने वाली सहायता यथा नाव, जाल, वाहन आदि प्रदान करने में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। इसकी जांच कराने की मांग की। मछुआरे को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने की जरूरत है। इन्हें बीमा का लाभ देने की आवाज बुलंद की। मत्स्य जीवी सहयोग समिति में नया सदस्य नहीं बनाया जा रहा है। इसके लिए जिला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने की रणनीति तय की गई। जिला सम्मेलन नावकोठी अंचल में फरवरी के प्रथम सप्ताह में कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर अनिरुद्ध सहनी, सीताराम सहनी, प्रियदर्शी सहनी, राम सकल सहनी, राजकुमार, दिलीप, जितेंद्र, धर्मेन्द्र, मीना सहनी आदि मौजूद थे।

# समय पर बिजली बिल भुगतान से बढ़ेगी बचत, सहज होंगी उपभोक्ता सेवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** उर्जा विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान कर न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभ उठाएं। नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को कई तरह की छूट और रियायतें दी जा रही हैं, जिससे मासिक खर्च और बिजली उपयोग दोनों में संतुलन बनाए रखना आसान होता है। बताया गया कि समय पर भुगतान करने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली विशेष सुविधाएं में स्मार्ट मीटर में 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ऊर्ज़ा शुल्क में अतिरिक्त छूट मिलेगी। स्मार्ट मीटर में लगातार तीन महीने तक 2000 रुपए से अधिक बैलेंस रखने पर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बैंक दर से ब्याज का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। वहीं ससमय विद्युत बिल के भुगतान पर 1.5% की छूट तथा ऑनलाइन के माध्यम से ससमय भुगतान पर 1% की अतिरिक्त छूट मिलेगी। ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा एक तिमाही के




सभी विद्युत विद्युत विपत्र का ससमय भुगतान पर 1%की अतिरिक्त छूट भी विभाग द्वारा मिलेगी।

**मोबाइल ऐप से भुगतान है सुविधाजनक विकल्प**

स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल भुगतान सबसे आसान और तेज विकल्प है। 'सुविधा ऐप' के जरिए उपभोक्ता रिचार्ज, बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर अपनाएं और समय पर बिल भुगतान कर निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ उठाएं। इससे न केवल बिजली प्रबंधन बेहतर होगा, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत भी सुनिश्चित होगी।

# जम्होर नगर पंचायत में 24 फरवरी को होगा सामूहिक विवाह, 11 जोड़ों के पवित्र बंधन की तैयारी शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के सदर प्रखंड अंतर्गत जम्होर नगर पंचायत में इस वर्ष भी आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन का निर्णय लिया गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट औरंगाबाद, शाखा जम्होर श्रीराम प्रज्ञा मंडल तथा गायत्री शक्तिपीठ जम्होर के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम की तिथि 24 फरवरी 2026, मंगलवार तय की गई है, जिसमें 11 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति से कराया जाएगा। इच्छुक जोड़े निर्धारित समिति से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। कार्यक्रम की तैयारी सोमवार को दीप यज्ञ और बैठक के माध्यम से श्रीराम प्रज्ञा मंडल में की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता ने की, जबकि दीप यज्ञ उप जोन सासाराम के समन्वयक श्यामानंद शर्मा द्वारा संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की समिति ही इस वर्ष भी




आयोजन की जिम्मेदारी निभाएगी। आयोजन समिति में नवनीत कुमार अध्यक्ष, विक्की अग्रवाल उपाध्यक्ष, अनिल कुमार उर्फ बबलू सचिव, प्रवीण अग्रवाल उपसचिव, दिलेश प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष और उपेंद्र कुमार गुप्ता उपकोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। समिति के संरक्षक के रूप में ऋषि जयसवाल, संजय गुप्ता (भाजपा मंडल अध्यक्ष), जितेंद्र गुप्ता (पूर्व मुखिया प्रतिनिधि), राम पुकार ओझा और बेनी पासवान शामिल हैं। कार्यक्रम प्रभारी संतोष कुमार और सुरेश विद्यार्थी होंगे। व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी दीपचंद गुप्ता और गुड्डू कुमार सिंह को दी गई है। स्वागत समिति में रामध्यान साहू, अशोक प्रसाद शौंडिक, पंकज कुमार गुप्ता, जितेंद्र पासवान, मनीष शौंडिक, पिंटू शौंडिक, सुमन कुमार, सुधीर वर्मा, सुनील गुप्ता (गैस एजेंसी), उज्जवल वर्मा और पंकज सोंडिक शामिल हैं। सुरक्षा प्रभारी मोहित जायसवाल होंगे, जिनके साथ सहयोगी के रूप में सुभाष गुप्ता, गौरव वर्मा, रंजीत मालाकार, राहुल कुमार, अजय प्रसाद, सिंह मनीष गुप्ता, शुभम कुमार, शिवम कुमार यादव, अमित कुमार, साहिल कुमार, नीतीश कुमार, लक्ष्य कुमार और सत्यम कुमार की टीम रहेगी। भोजनालय संचालन की जिम्मेदारी सेवक शर्मा, सतीश वर्मा, राजेश स्वर्णकर, राजू वर्मा और अशोक प्रसाद (वैश्य समाज अध्यक्ष) को दी गई है। इस वर्ष के मुख्य अतिथि मृत्युंजय राय तमोली होंगे। विवाह का वैदिक कर्मकांड सासाराम के उपजोन समन्वयक नीरज कुमार सिंह की टोली और वर्तमान समन्वयक दल द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

# स्वतंत्रता सेनानी महावीर मंडल की स्मृति में उनके योगदान को किया गया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज राजौर-रामभद्रपुर के रमोल गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय महावीर मंडल की स्मृति में उनके आदमकद स्मारक स्थल पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय महावीर मंडल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया तथा मौजूद लोगों ने राष्ट्रगान गाकर वीर सपूत को नमन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में महावीर मंडल के योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष में अदम्य साहस का परिचय देकर राष्ट्र को प्रेरित किया। उनके आदर्श आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय कुमार सिंह बिहार प्रदेश महासचिव सह जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार (स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति, समस्तीपुर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय महावीर मंडल के सुपुत्र गीत गोविंद मंडल एवं टिकेश्वर मंडल जातीय प्रखंड अध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह रामचंद्र सिंह मुखिया सुखदेव सिंह प्रधान मुरारी कुमार सिंह साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं की उपस्थिति इस अवसर की गरिमा को और भी भव्य बना रही थी कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे स्मारक न केवल इतिहास की याद दिलाते हैं, बल्कि समाज को प्रेरित करने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर गांवों में अधिकाधिक विकास योजनाएं चलाई जाएं, ताकि उनके बलिदान की गौरवगाथा सदियों तक जीवित रहे अंत में राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा देश की एकता, अखंडता और सम्मान बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# कलयुगी बहू ने संपत्ति विवाद को लेकर करवाई थी ससुर की हत्या

## तीन महिलाओं सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिते 3 दिसंबर को पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर-तेतरी सड़क पुल के पास एक व्यक्ति की गला घोंट कर एवं ईंट से सिर कुचल कर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान मोहनपुर निवासी रमेश महतो के रूप में हुई थी जो एक भोज कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। अमृता की पत्नी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था, इस मामले मे सोमवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने पूरे घटनाक्रम का उद्वेदन करते हुए बताया की गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड का सफल उद्भेदन किया गया है। जिसमें 03 महिला सहित कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में उपयोग किए गए 01 ऑटो एवं 04 मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य सामने आया है कि मृतक की बहू ने पारिवारिक विवाद एवं संपत्ति के बंटवारे को लेकर अपनी बहन पूनम कुमारी और पूनम कुमारी के पति और अपने भाई के साथ मिलकर 5 दिन पहले साजिश रची थी, उसके बाद मौका देखते ही सबसे पहले गला दबाकर उसकी हत्या की उसके बाद साक्ष्य मिटाने हेतु सिर को ईंट पत्थर से कुचल दिया था। गिरफ्तार अपराधियों में गन्नी कुमार (उम्र 34 वर्ष), पिता-स्व0 ओमप्रकाश सिंह, पूनम देवी (उम्र 22 वर्ष), पति-गन्नी कुमार, दोनो सा0-समस्तपुरा, थाना-भेल्दी, जिला-छपरा, रानी कुमारी (उम्र 25 वर्ष), पति-राजकुमार,अरविन्द महतों (उम्र 30 वर्ष), पिता-स्व0 कृष्ण महतों, सा0- मोहनपुर, थाना-पुनपुन, है इसके अलावा 04 मोबाईल (घटना में इस्तेमाल किये गये) जब्त किया गया।दरअसल यह घटना तेतरी मोहनपुर गांव जाने वाली सडक के किनारे ईट से कूच कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना मे मृतक की पत्नी के द्वारा अज्ञात पर मामला दर्ज कर वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए इस पुरे हत्याकांड का सफल उदभेदन किया गया।



# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के इक्विटी शेयर्स का इनिशियल पब्लिक ऑफर 12 को खुलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कंपनी) अपने इनिशियल पब्लिक ऑफर में इक्विटी शेयर्स के लिए बिड/ऑफर 12 दिसंबर 2025 को खोलेगी और 16 दिसंबर 2025 को बंद करेगी। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 11 दिसंबर 2025 होगी।

यह ऑफर कंपनी के एक प्रमोटर, यानी प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा ऑफर फॉर सेल के जरिए अधिकतम 48,972,994 इक्विटी शेयर्स तक का है। ऑफर में पात्र आईसीआईसीआई बैंक शेयर होल्डर्स के लिए अधिकतम 2,448,649 इक्विटी शेयर्स का रिजर्वेशन शामिल है (इसे ल्लआईसीआईसीआई बैंक शेयर होल्डर रिजर्वेशन पोर्शन कहा जाएगा)। आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर रिजर्वेशन पोर्शन को घटाने के बाद बचा ऑफर नेट ऑफर कहलाएगा। ऑफर और नेट ऑफर क्रमशः ऑफर के बाद कंपनी के पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल का 9.91% और 9.41% हिस्सा होंगे। इक्विटी शेयर्स कंपनी के 05 दिसंबर 2025 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिए ऑफर किए जा रहे हैं, जिसे दिल्ली और हरियाणा में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, नई दिल्ली के पास फाइल किया गया है।

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिए ऑफर किए जा रहे इक्विटी शेयर्स को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। ऑफर के लिए प्राइस बैंड 2,061 से ?2,165 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 6 इक्विटी शेयर्स के लिए और उसके बाद 6 इक्विटी शेयर्स के मल्टीपल में बिड की जा सकती है। सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, मॉर्गन स्टैनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डमैन सैश (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड, यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बीएनपी परिबास, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, एवेंडस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को इस ऑफर के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स नियुक्त किया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को इस ऑफर का रजिस्ट्रार बनाया गया है।

# नदौल रेलवे स्टेशन पर बना फुट ओवरब्रिज हुआ जर्जर

## दुर्घटना की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेल खंड के नदौल रेलवे स्टेशन पर बने हुए फुट ओवर ब्रिज इन दिनों जर्जर हालत में है। आलम यह है की फुट ओवर ब्रीज के अंदरूनी हिस्से के सभी स्लैब में दरारें आ गई है। अंदर का छड़ भी दिखाई देने लगा है। कई जगहों पर दरारें आ जाने के वजह से सीमेंट का प्लास्टर लगातार झाड़कर नीचे गिर रहा है। जब भी कोई एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है तो उसके कंपन से पुल के अंदरूनी हिस्से के सीमेंट झड कर नीचे गिरते हैं।नतिजन अब जर्जर होने के कारण यात्री लोग अब इस फुट ओवर ब्रिज से गुजरने से कतराने लगे हैं और दहशत के कारण कोई भी लोग इस पर प्लेटफार्म संख्या एक से दो पर नहीं जा पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 8 महीने से यह फुट ओवर ब्रिज जर्जर स्थिति में है इस संबंध में दानापुर डीआरएम और रेल मंत्रालय को टीवटर और मेल भी किया गया है जबकि उधर से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही इसकी मरमती की जाएगी। स्थानीय लोगों में बब्लू कुमार पटेल ने बताया 8 महीने से फुट पर ब्रिज जर्जर हालत में है सभी स्लैब में दरारें आ गई हैं जो हमने डीआरएम को ट्वीट किया था आश्वासन मिला था कि जल्द मरमती कर दिया जाएगा लेकिन अभी तक मरमती नहीं हो पाई है कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है।

# सातवीं लघु सिंचाई गणना को लेकर प्रगणकों के साथ की गई समीक्षा बैठक

## 98 राजस्व गांवों का होगा सर्वे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सातवी लघु सिंचाई गणना को लेकर सोमवार को प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मसैढी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी मसौढ़ी ने प्रखंड कृषि कार्यालय में सभी प्रगणकों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमे बताया गया कि समय सीमा के अंदर (31 दिसबंर) गणना को पूर्ण कर लेना है। प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि मसौढ़ी में कुल 98 राजस्व गांव में सर्वे होना है परंतु अबतक सिर्फ 24 राजस्व गांव में ही सर्वे प्रारंभ प्रगणक द्वारा किया गया है। सभी प्रगणको को तेजी से काम को गुणवत्तापूर्ण समाप्त करने का निर्देश दिए गए। बहरहाल मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगे नलकूपों का सर्वे का कार्य इन दिनों चल रहा है। जहां सभी किसान सलाहकारों को यह टारगेट दिया गया है कि अपने-अपने पंचायत में लगे हुए नलकूपों का सर्वे कर एक रिपोर्ट तैयार करें। बहरहाल लघु सिंचाई विभाग कि नलकूपों (ट्यूबवेल) का एक सर्वेक्षण, 31 दिसंबर, 2025 तक चलेगा। यह अभियान उन किसानों के नलकूपों से संबंधित डेटा एकत्र करने पर केंद्रित है जो विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत स्थापित किए गए थे। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य मौजूदा सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थिति का आकलन करना और यह सुनिश्चित करना है कि जल संरक्षण के उपायों को ठीक से लागू किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण किसानों को सिंचाई के आधुनिक तरीकों को अपनाने और पानी की बर्बादी को रोकने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।किसान सलाहकार यह सत्यापित कर रहे हैं कि किसान के खेत में वास्तव में बोरिंग की गई है और मोटर पंप सेट स्थापित किया गया है।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में स्कूल बंद हो जाने के बाद रात भर रहता है नशेड़ियों का अड्डा

## शिक्षकों ने पुलिस से लगाई गुहार, की समस्या के समाधान की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी नगर मुख्यालय स्थित उर्दू प्रा0वि0 रहमतगंज, इन दोनों नशेड़ियों का अड्डा बन गया है, जहां न केवल नशा करते हैं बल्कि पूरे स्कूल परिसर को गंदा कर देते हैं यहां तक की स्कूल के बिल्डिंग का छज्जा तोड़कर उसे लोहे का रॉड निकाल कर उसे बेच कर नशा पी रहे है। इस मामले में स्कूल के प्रधान शिक्षक मोहम्मद शादाब जेया ने मसौढी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया है कि प्रतिदिन विधालय बन्द होने के उपरान्त विद्यालय परिसर में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जो देर रात तक यहाँ पर विभिन्न प्रकार के नशा करते हैं एवं विद्यालय परिसर को अत्यन्त गन्दा कर देते है साथ ही विद्यालय के दरवाजे के सार से की कक्ष में पेशाब कर देते हैं जिससे प्रतिदिन हमकोगों को परेशानी होती है। साथ ही एक सप्ताह पूर्व इन लोगों के द्वारा नशा करने के लिए विद्यालय के छज्जे को तोड़कर छड़ निकाल कर बेच दिया गया। असमाजिक तत्वों के इस कृत से विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक प्रतिदिन कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

# औरंगाबाद में 21 केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के योजना भवन के सभा कक्ष में जिले में केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) की ओर से चालक सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। गौरतलब हो कि औरंगाबाद जिले में 10 दिसंबर 2025 को एकल पाली में यह परीक्षा आयोजित की जानी है। औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट (पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ) प्रतिनियुक्ती की गई है जो प्रेक्षक के रूप में अपने दायित्व का



निर्वहन करेंगे। जो अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 3 घंटा पूर्व में निश्चित रूप से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के समय 12:00 बजे मध्याह्न तक है और 9.30 अपराह्न से 10.30 बजे पूर्वाहन तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दिया जाएगा। उनके द्वारा बताया गया कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट का दायित्व होगा कि वह परीक्षार्थी की तलाशी का कार्य पूरी संघन तरीके से करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य किसी प्रकार का कोई कागजात, सामान, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य आपत्तिजनक सामान या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी केंद्राधीक्षक को सख्त निर्देश दिया गया कि यदि कोई परीक्षार्थी अनुशासनहीन आचरण करता है या किसी प्रकार की अशोभनीय हरकत करता है, तो उसकी तत्काल सूचना संबंधित कंट्रोल रूम को दी जाए। कंट्रोल रूम में तैनात पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें एवं केंद्राधीक्षकों के साथ समन्वय बनाए रखें। इसके अतिरिक्त जिला अपना प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार, कंट्रोल रूम एवं सभी कक्षा में उपस्थित व्यक्तियों एवं अभ्यर्थियों की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कलर कैमरा का विस्थापन कराया गया है। सभी सीसीटीवी कैमरा से जिला नियंत्रण कक्ष में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्र की गतिविधि की निगरानी रखी जाएगी। इस बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता विशेष शाखा, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, सदर एसडीपीओ संतन कुमार सिंह, सभी केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सदर अंचल में सर्वाधिक 170 मामले लंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे राजस्व संग्रह तथा आंतरिक संसाधनों की प्रगति की समीक्षा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से की गई। बैठक में खान एवं भू-तत्व विभाग, जिला निबंधन कार्यालय, परिवहन कार्यालय, वाणिज्य कर अंचल, राष्ट्रीय बचत, नगर परिषद औरंगाबाद एवं दाउदनगर, नगर पंचायत रफीगंज एवं नबीनगर, वन प्रमंडल, माप एवं तौल विभाग, सिंचाई प्रमंडल, नहर प्रमंडल एवं जिला नीलाम पत्र कार्यालय सहित अन्य विभागों की प्रगति का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक समग्र रूप से 45.86 प्रतिशत राजस्व वसूली की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाएं तथा मासिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें ताकि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति समय पर हो सके। बैठक में दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा फ़ेस-2, सीएम डैशबोर्ड, ई-मापी, परिमार्जन प्लस, भू-लगान, अतिक्रमण एवं अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना जैसे राजस्व से संबंधित विषयों की भी गहन समीक्षा की गई। दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा में यह सामने आया कि जिले में कुल 375 मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें औरंगाबाद सदर अंचल में सर्वाधिक 170 मामले लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया। वहीं, हसपुरा अंचल में दाखिल-खारिज से संबंधित कोई भी मामला लंबित नहीं पाया गया।

# चार लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

## डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अस्पतालों एवं स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा विभिन्न निर्देश दिए गए। प्रारम्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्वेलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ. नकीब द्वारा आगामी 14 दिसंबर से आहूत होने वाली अनुराष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी। समीक्षा बैठक में दी गयी जानकारी अनुसार 14-18 दिसंबर तक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य 20 दिसंबर को किया जाएगा। इस अनुराष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान लगभग 4 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा स्वीकृत 392 अतिरिक्त प्राथमिक केंद्रों, स्वास्थ्य उप केंद्रों के विरुद्ध कार्यरत संस्थानों की अधतन जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि निदेशानुसार 58 नये संस्थानों को न्यूनतम आवश्यकताओं की आपूर्ति कराते हुए कम से कम दो कार्यदिवस में कार्यरत कराने का कार्य किया जा रहा है। फलस्वरुप अब ग्रामीण क्षेत्रों में कुल संस्थानों की संख्या 305 हो जायगी। इस क्रम में निर्देश दिया गया कि शेष स्वीकृत संस्थानों को सरकारी भवनों, यथा- सामुदायिक भवन, पंचायत सरकार भवन आदि में स्थान दिलाते का कार्य किया जाय तथा जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। इस कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के अनुरूप संस्थानों को विकसित करने तथा प्रमाणीकरण के कार्य की निगरानी अब उप विकास आयुक्त द्वारा की जाएगी। संस्थागत प्रसव एवं सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भावस्था के अंतिम त्रैमास में मोबाइल पर कॉल कर फॉलो अप कराने के साथ-साथ सिविल सर्जन को सुझाव दिया गया कि सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव की संख्या बढ़ाई जाय। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर सेवाओं का विस्तार किया जाय। अवैध प्राइवेट अस्पतालो, प्रैक्टिसनरों एवं अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय। इस क्रम में मातृ-शिशु, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में दवा एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ मो. नकीब, उपाधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह, उपाधीक्षक दाऊदनगर, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला लेखा प्रबंधक मो.अफरोज हैदर, जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी, डीसीएम आनंद प्रकाश, अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला महामारी सलाहकार उपेंद्र कुमार चौबे, आरबीएसके के जिला सलाहकार नीलम रानी, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, डेवलपमेंट पार्टनर यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पोक्सो एक्ट में अभियुक्त को 20 साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पोक्सो कोर्ट ने टंडवा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र के परसिया रामपुर निवासी राकेश कुमार को भादंवि धारा -376(2)



और 06 पोक्सो एक्ट में बीस साल सश्रम कारावास की सजा और तीस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। भादंवि धारा 366 में दस साल की सजा और बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को कहा है कि पीड़िता को एक लाख रूपये प्रतिकर दिलाने में सहयोग करें। अभियुक्त को निर्णय पर 02 दिसंबर 2025 को दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पीड़िता ने 26 अप्रैल 2024 को अपने प्राथमिकी में कहा था कि अभियुक्त से तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। अभियुक्त ने 3 जनवरी 2024 को बहला फुसलाकर अपने साथ पंजाब ले गया और वहां शादी कर ली और दो महीने पति-पत्नी की तरह रखा। फिर एक दिन लुधियाना में छोड़कर भाग गया।

# पुलिस पर हमला, सरकारी वाहन में तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सरकारी वाहन में तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला मामले में केवड़ा पुलिस ने सोमवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है दरअसल उस मामले में 19 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी, और तकरीबन 35 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया था, गिरफ्तार आरोपियों में फंटूश पासवान उम्र 26 वर्ष पिता ब्रहमदेव पासवान, रंजन कुमार उम्र २० वर्ष पिग अरुण रविदास, उन्कूल कुमार उम्र 26 वर्ष पिता अरुण रविदास संजय कुमार उम्र 24 वर्ष पिता अरुण रविदास केलाबगान पोठही निवासी है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि बीते दो दिन पहले पटना गया नेशनल हाईवे पर पोठही के पास में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी उसी में लोगों ने सड़क पर आग जलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था उसी दौरान पुलिस पर हमला पथराव करते हुए पुलिस के सरकारी वहान पर तोड़फोड़ किए थे, इसी मामले पर कार्रवाई की गई है अन्य फरार आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# नवसाक्षर महिलाओं की साक्षरता परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आँचल योजना के तहत संचालित साक्षरता केन्द्रों पर पढ़ाई करने वाली नवसाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता परीक्षा रविवार को सम्पन्न हो गई। केआरपी मीना कुमारी ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 13 विभिन्न प्रारंभिक विद्यालयों में बनाये गए केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में 1020 लक्ष्य के विरुद्ध 849 महिलाएं शामिल हुई। इस परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को फेल नहीं किया जाएगा। बल्कि उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें ग्रेड दिया जाएगा। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच बीआरसी में की जाएगी। मौके पर प्रधानाध्यापक मो. अमानुल्लाह अंसारी मनोज कुमार, विकास कुमार, अरूण कुमार, लक्ष्मी महतों, शिक्षासेवक जितेंद्र कुमार, संजय रजक आदि मौजूद थे।

# धान अधिप्राप्ति में कोताही बर्दाश्त नहीं : प्रमोद कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत जिले में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा औरंगाबाद परिसदन के सभा कक्ष में सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार द्वारा की गई। बैठक में सहकारिता विभाग से जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी, जिला सहकारिता बैंक के प्रबंध निदेशक सौरभ किशोर, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी सहयोग समितियां औरंगाबाद के अतिरिक्त सहकारिता विभाग के सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। सर्वप्रथम मंत्री का स्वागत किया गया जिसके उपरांत समीक्षा बैठक में प्रखंडवार धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। मंत्री ने सभी चयनित पैक्सों को क्रियाशील करने, अक्रियाशील पैक्सों को क्रियाशील पैक्सों के साथ टैगिंग करने एवं राईस मिलों के साथ पैक्सों को सम्बद्ध करने का कार्य अविलम्ब सम्पादित करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया। साथ ही अधिप्राप्ति में तेजी लाने एवं सभी इच्छुक किसानों का धान क्रय सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया। सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र में रहकर किसानों से सम्पर्क करने एवं विभागीय निदेशानुसार गोदामों का सत्यापन करने का भी निदेश दिया। मंत्री ने चेतावनी दी कि धान अधिप्राप्ति में किसी भी प्रकार की कोताही सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तकनीकी बदलावों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा डाक विभाग : एमयू अब्दाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद डाक प्रमंडल में रविवार को बिहार परिमंडल के मुख्य डाक महाअध्यक्ष एमयू अब्दाली के निरीक्षण और उनके द्वारा डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन में आयोजित डाक महामेला कार्यक्रम में उत्साह देखा गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान वर्ष 2025 में प्रभाग द्वारा किए गए कार्यों, उपलब्धियों और डाक विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डाक अधीक्षक प्रिय रंजन के स्वागत वक्तव्य से हुई। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद डाक प्रमंडल ने इस वर्ष लक्ष्य पूर्ति, वित्तीय सेवाओं जैसे इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पीएलआई-आरपीएलआई, बचत बैंक योजनाओं के विस्तार और ग्राहक सेवा सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मुख्य डाक महाअध्यक्ष एम. यू. अब्दाली ने

## डाक महामेला का मुख्य डाक महाअध्यक्ष ने किया उद्घाटन





अपने संबोधन में कहा कि डाक विभाग तेजी से तकनीकी बदलावों के साथ आगे बढ़ रहा है और वित्तीय समावेशन में ग्रामीण नेटवर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर औरंगाबाद प्रभाग के चार उप मंडलीय अधिकारी मुकेश कुमार, सहायक डाक अधीक्षक अरवल, अभय कुमार, डाक निरीक्षक दाउदनगर, मिथिलेश कुमार, डाक निरीक्षक औरंगाबाद पश्चिमी अनुमंडल, ओम प्रकाश गोंड, डाक निरीक्षक औरंगाबाद पूर्वी अनुमंडल, इसके अतिरिक्त रमन राज, डाक निरीक्षक ग्राहक संतुष्टि भी मंच पर उपस्थित थे। डाक महा मेला के दौरान पिछले आठ महीनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीपीएम, एबीपीएम, ग्रामीण डाक सेवकों और विभागीय कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत 1 से 6 दिसंबर के बीच चलाए गए विशेष अभियान में लगभग पंद्रह हजार नए खाते खोले गए, जिसे प्रभाग के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुरस्कार प्राप्त कर्मियों की सूची विभाग द्वारा जारी की गई है। समापन अवसर पर डाक अधीक्षक प्रिय रंजन ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि औरंगाबाद डाक प्रभाग आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रखेगा और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। सम्मानित किए गए कर्मचारियों में इन्द्रदेव प्रसाद, नागेन्द्र कुमार, शैले कुमारी शैल, सूर्यकांत कुमार, ओम प्रकाश कुमार, राजेश कुमार पंकज, मुकेश कुमार, रमन राज, प्रधान डाकघर औरंगाबाद से चयनित कर्मचारी, श्रीराम प्रजापति, राजू कुमार, कुर्था उप डाकघर, अम्बा उप डाकघर, दाउदनगर उप डाकघर, रफीगंज उप डाकघर, पुनः कुर्था उप डाकघर, वार उप डाकघर, लारी शाखा डाकघर, बिठरा शाखा डाकघर, नर्ही शाखा डाकघर, बिशम्भरपुर शाखा डाकघर, मनीकपुर शाखा डाकघर, पुनः लारी शाखा डाकघर और औरंगाबाद कचहरी उप डाकघर के कर्मचारी शामिल रहे।

# तिहरे हत्याकांड में पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने तीन लोगों की हत्या और बच्चों के साथ छेड़खानी के एक मामले (देव थाना कांड संख्या -39/20) में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त अर्जुन भुइयां, श्रवण कुमार, विकास भुइयां, सोनू कुमार, गोपाल भुइयां विष्णु बांध एलोरा देव को भारतीय दंड संहिता की धारा-302/149 में आजीवन कारावास की सजा और पचास -पचास हजार रुपए जुर्माना देने का आदेश दिया गया है और भादंवि धारा 148 में तीन साल की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। तीन दिसंबर को निर्णय पर इन सभी पांच अभियुक्तों को भादंवि धारा में दोषी करार दिया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि 13 मई 2020 की शाम देव थाने के सेवारी केताकी गांव की एक नाबालिग लड़की जंगलों में जलावन लाने गयी थी जहां अभियुक्तों ने उसके साथ छेड़खानी की थी। जब इसका विरोध उसके परिजनों ने किया तो अभियुक्तों ने उन्हें लाठी डंडे से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों में शामिल दीपू भुइयां, दीपक कुमार एवं रामेश्वर भुइयां की मौत हो गयी थी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजनों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से दर्जनों फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर अपनी मामले से संबंधित आवेदन देकर फरियाद की व्यथा पुलिस अधीक्षक को सुनाया जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न वादों की जांच करते हुए उनकी फरियाद सुनी और कई फरियादियों की कागजात दुरुस्त रहने एवं मामला सत्य पाए जाने पर ऑन द स्पोर्ट निस्तारण किया। साथ ही अन्य मामलों की सुनवाई एवं जांच के लिए संबंधित थानाध्यक्ष व केस के अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के विभागीय निर्देश के आलोक में आम जनता के विभिन्न कांडों से संबंधित पुलिसिंग कार्यों का सख्ती के साथ निष्पादन किया जा रहा है ताकि समय से उन्हें न्याय मिल सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। इसी क्रम में आज कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया। उन्होंने फरियादियों से कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। अपनी समस्याओं को बेहिचक कहें। औरंगाबाद पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 27 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में एक, हत्या के प्रयास में 6, शराब कांड में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक ट्रक, एक साइकिल, एक मोबाइल, 800 सीएफटी गिट्टी बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 962 वाहनों की जांच की गई जिसमें 52 हजार रूपये बरामद किया गया है।

# कल्पनाशीलता एवं सृजनात्मक को बढ़ावा देता है खेल : नीरज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक खण्ड औरंगाबाद में सोमवार को 36 वां प्रांतीय खेल-कूद प्रतियोगिता में विजयी प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदेलि कुमार सिंह, वार के प्रधानाचार्य मनीष कुमार, पारिक खंड नीरज कुमार कौशिक प्रभारी प्रधानाचार्य सुमन पाण्डेय, बालिका विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह एवं देव के प्रधानाचार्य अमरेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि खेल कल्पनाशीलता एवं सृजनात्मक को बढ़ावा देता है। दिल में अगर जज्बा हो तो पत्थर पर भी दूब उगाया जा सकता है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वच्छ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास का भी माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे।

